


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए सब मिलकर ज्ञान का दीप जलाएं व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 220, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** 34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 51 सूर्यास्त 06 : 21

लखनऊ, रविवार, 8 सितंबर 2024

अक्षय ने दिखाई नई फिल्म की झलक...13




**दस दिवसीय गणेशोत्सव प्रारंभ :** महाराष्ट्र समेत पूरे देश में 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो चुका है। उत्सव के पहले दिन मध्य मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग चा राजा गणेश मंडल में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। ● एजेंसी

# सैनिक स्कूल से साकार हुआ पीढ़ियों के निर्माण का पवित्र उद्देश्यः योगी

## मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति, पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का किया लोकार्पण

- उपराष्ट्रपति ने जोड़ा गोरक्षभूमि का राजस्थान से रिश्ता, योगी को बताया चमत्कारिक नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूल के जरिए आज पीढ़ियों के निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण दिन है।

वे शनिवार को नवनिर्मित सैनिक स्कूल गोरखपुर में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इसके पहले पहली बार सपत्नीक गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 49 एकड़ में 176 करोड़ रुपये की लागत से बने स्कूल का लोकार्पण करते हुए गोरक्षभूमि का राजस्थान से रिश्ता जोड़ा और योगी के कार्यों को चमत्कारिक बताया। अन्य राज्यों से उप्र की तर्ज पर सोसाइटी बनाकर सैनिक स्कूल की स्थापना करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर के सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और सामरिक महत्व बताते हुए विकास के नए आयामों से बनी गोरखपुर और उप्र की विशिष्ट पहचान गिनाई। कहा कि तीन वर्ष की अल्प अवधि में बनकर तैयार हुआ गोरखपुर का सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण करेगा और जीवन के कर्तव्यों का बोध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सैनिक संस्थान से निकले विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेंगे। योगी ने कहा कि सरकार नई पीढ़ी को उत्तम शिक्षा देने के लिए सर्वोत्तम प्रयास कर रही है।



फीता काटकर सैनिक स्कूल का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति। ● अमृत विचार

### राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखाः उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिह्न लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उन्होंने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है, बल्कि सशक्त भारत है। संविधान निर्माताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था, लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उप्र 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है।

## एक नजर

### जबलपुर के पास पटरी से उतरे यात्री ट्रेन के दो डिब्बे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस के दो डिब्बे शनिवार सुबह पटरी से उतर गए। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 5.40 बजे हुई इस दुर्घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। अधिकारी के अनुसार, मरम्मत का काम जारी है और घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। पश्चिम-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि जब यह घटना हुई, तब ट्रेन पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही थी।

### उमर के मंच से नेकां नेता का नफरती भाषण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल क्षेत्र में शनिवार को उमर अब्दुल्ला की चुनावी रैली में नफरत भड़काने वाला भाषण देने के आरोप पर नेशनल कांफ्रेंस के एक नेता पर मामला दर्ज किया गया है। पूर्व सरपंच मोहम्मद अशरफ गनई ने अब्दुल्ला की मौजूदगी में चुनावी रैली के दौरान कहा कि पार्टी के झंडे का अपमान करने पर हम किसी को भी मार सकते हैं। नोडल अधिकारी ने चुनावी भाषण के दौरान हत्या शब्द का इस्तेमाल करने के लिए गनई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। इस घटना से जुड़े एक वीडियो में गनई को अब्दुला तुरंत रोकते दिख रहे हैं और उन्हें रैली को संबोधित करने से रोक दिया।

# इमारत ढहने से 8 की मौत, 28 घायल

## ट्रांसपोर्ट नगर हादसाः एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम 5 बजे बारिश के बाद तीन मंजिला हरिमिलाप टावर भरभराकर गिर गया। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 28 घायलों को बाहर निकाला गया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें देर रात तक रेस्क्यू में जुटी रहीं। तीन मंजिला इमारत में दवा, खिलौना और ऑटो पार्ट्स का गोदाम बना था। मुख्यमंत्री योगी के आदेश पर पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य तेजी लाने के निर्देश दिए। देर रात तक रेस्क्यू कार्य जारी रहा।

मौके पर एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता, मंडलायुक्त रोशन जैकब, डीएम सूर्यपाल गंगवार, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था अमित वर्मा और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। शहीद पथ से चंद कदम दूर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित हरिमिलाप टावर शनिवार शाम करीब 5 बजे बारिश के बाद गिर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले दवा लदे कंटेनर को बैक करते समय टावर के पिलर पर ठोकर लग गई थी। आशंका है कि इसी कारण टावर धराशायी हो गया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला कि भवन के आसपास काफी पानी भरा है। पानी भरे रहने के कारण बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई। इस वजह से यह गिरी है। बिल्डिंग के मलबे में कार और ट्रक भी दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य के लिए टीमों को बुलाया। मलबे से देर शाम तक 36 लोगों को बाहर निकाला गया । सभी को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। जहां चार की मौत हो गई। वहीं, एक घायल की अपोलो और एक की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। मरने वालों में जुनाबगंज बंथरा का धीरज गुप्ता (38), आशियाना रजनीखंड के पंकज (32), गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन के जसप्रीत सिंह साहनी (50) कृष्णानगर नटखेड़ा के अरुण सोनकर (26), रामकिशोर (21) राकेश लखन पाल (67) कृष्णानगर, जगरूप सिंह (35) और रुद्र यादव (24) शामिल हैं। 28 घायलों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। रेफर किए गए मरीजों में फैजाबाद की निवासी शान्ती देवी (65) पत्नी रामकरन, राम किशोर और परवीना शामिल हैं।



हादसे के बाद एसडीआरएफ की टीम बचाव अभियान चलाते हुए।



मलबे में दबा व्यक्ति। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घटना स्थल पर भेजा

मुख्यमंत्री योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को मौके पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने के भी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलते ही एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश भी मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन व कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी भी देर रात तक डटे रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में गलत बयानी एसीएस राजेश को पड़ी भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने छीने सभी विभाग प्रतीक्षा सूची में डाला
- शीर्ष अदालत ने झूठे शपथ पत्र मामले में लगाई थी फटकार

**अमृत विचारः** सुप्रीम कोर्ट में ग़लतबयानी पर अपर मुख्य सचिव (एसीएस)राजेश कुमार सिंह को शासन ने सभी पदों से मुक्त कर प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। इसके पहले कोर्ट ने उनके शपथपत्र को झूठा पाया और राज्य सरकार को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोर्ट में सुनवाई का ब्योरा शासन में आते ही समीक्षा के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए तीन प्रमुख सचिवों एमपी अग्रवाल, अनिल गर्ग और वेंकटेश्वर लू में विभाग बांट दिए गए।

1991 बैच के आईएएस एसीएस राजेश कुमार सिंह कारागार और सहकारिता विभाग के मुखिया थे। सुप्रीम कोर्ट ने बीते मंगलवार को अदालत में कैदियों की सजा माफी मामले में उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन विभाग का जिम्मा देख रहे राजेश कुमार सिंह को फटकार लगाई थी। कहा था कि वह किसी आईएएस अधिकारी को न्यायालय के सामने झूठ बोलते हुए और सुविधानुसार अपना रुख बदलते हुए बर्दाश्त नहीं करेगा। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राजेश कुमार सिंह द्वारा 14 अगस्त को दिए गए शपथपत्र में लिया गया रुख उनके उन बयानों से पूरी तरह भिन्न है, जिन्हें इस अदालत के 12 अगस्त के आदेश में दर्ज किया गया है। पीठ ने राजेश कुमार सिंह के शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लिया और कहा कि अदालत मामले की जांच करेगी और 9 सितंबर को आदेश पारित करेगी।



### शीर्ष कोर्ट का रुख भांपकर हुई कार्रवाई

शासन ने शीर्ष अदालत का रुख भांपते हुए दो दिन पहले ही आईएएस राजेश कुमार सिंह से सभी विभाग छीनकर अपना सख्त रुख स्पष्ट कर दिया है। शासन ने एमपी अग्रवाल को प्रमुख सचिव सहकारिता का और अनिल गर्ग को प्रमुख सचिव कारागार का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है।

# आपराधिक साजिश में शामिल थे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने किया दावा



सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में दायर अपने नवीनतम पूरक आरोप पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस नीति के निर्माण और उसके क्रियान्वयन से जुड़ी आपराधिक साजिश में शुरुआत से ही शामिल थे। सीबीआई ने मामले में पांचवां और अंतिम आरोप पत्र दायर कर अपनी जांच पूरी की।

सीबीआई ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के मन में पहले से ही आबकारी नीति के संबंध में निजीकरण का विचार था। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस नीति को दिल्ली सरकार ने रद कर दिया था। सीबीआई ने कहा कि जब मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह द्वारा नीति तैयार की जा रही थी, तब उन्होंने (केजरीवाल ने) मार्च 2021 में अपनी पार्टी के लिए वित्तीय सहायता की मांग की थी। सिसोदिया इस मामले में सह-आरोपी हैं।

# दो दिवसीय दौरे पर आज भारत आएंगे यूएई के क्राउन प्रिंस

- प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय मुद्दों पर करेंगे चर्चा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता के लिए रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि अल नाहयान की यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस रविवार को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे। द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, दोनों नेताओं के बीच इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

# करगिल युद्ध में शामिल थी हमारी सेना

## पाकिस्तान के थल सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर ने कहा-जंग में मारे गए थे हमारे सैनिक

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना के किसी वर्तमान प्रमुख द्वारा सार्वजनिक रूप से दुर्लभ स्वीकारोक्ति में जनरल असीम मुनीर ने करगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना की संलिप्तता का उल्लेख किया है। उन्होंने भारत के साथ 1999 के करगिल युद्ध को पूर्वी पड़ोसी के साथ लड़े गए प्रमुख युद्धों में गिनाया है।



जनरल असीम मुनीर

थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) मुनीर शुक्रवार को रावलपिंडी में रक्षा एवं शहीद दिवस समारोह के दौरान बोल रहे थे। करगिल युद्ध 1999 में भारत द्वारा पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई सीमा चौकियों पर पुनः कब्जा करने के साथ समाप्त हुआ। भारत इस जीत का जश्न 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाता है।

अपने भाषण में जनरल मुनीर ने पाकिस्तान के लोगों के सहयोग से मातृभूमि की रक्षा में सेना की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा करगिल युद्ध सहित भारत के साथ विभिन्न संघर्षों का भी जिक्र किया। मुनीर ने कहा कि वास्तव में पाकिस्तान एक साहसी और निर्भीक राष्ट्र है, जो स्वतंत्रता के महत्व को अच्छी तरह समझता है और किसी भी कीमत पर इसकी रक्षा करना जानता है। चाहे 1948, 1965, 1971 का पाक-भारत युद्ध हो या करगिल या सियाचिन संघर्ष, हजारों शहीदों ने देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिया।

पाकिस्तान ने शुरू में यह कहकर खुद को इस संघर्ष से अलग कर लिया था कि इसमें सिर्फ निजी स्वतंत्रता सेनानी (कश्मीरी मुजाहिद) शामिल थे, लेकिन जल्द ही लड़ाई के पैमाने से पता चला कि दो देशों की सेनाएं एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही थीं। करगिल युद्ध के दौरान तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ द्वारा 2006 में लिखी गई किताब 'इन द लाइन ऑफ फायर' में स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी सेना की भूमिका को स्वीकार किया गया है। मुशर्रफ ने करगिल युद्ध में नॉर्दर्न लाइट इन्फैंट्री के जवानों को भेजा था।

# विवादित आईएएस पूजा खेडकर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विवादों में घिरी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की 2023 के महाराष्ट्र कैडर की अधिकारी पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। खेडकर पर धोखाधड़ी करने और सेवा में अपना चयन सुनिश्चित करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विकलांगता कोटा लाभों का गलत तरीके से फायदा उठाने का आरोप था। हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया था।

# मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

इंफाल/कोलकाता, एजेंसी

- घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या, फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में चार की जान गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार सुबह हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं चार लोग दो विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी में मारे गए।

अधिकारी के मुताबिक उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर दो विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। इस सप्ताह के शुरुआत में जिले में संदिग्ध ग्रामीण स्वयंसेवकों ने बोरोबेक्रा पुलिस थाने के जकुराधोर में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के तीन कमरों के खाली पड़े मकान को जला दिया था।

### पुलिस तैनात करेगी ड्रोन रोधी प्रणाली

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कुकी उग्रवादियों के हमलों से नागरिकों की रक्षा के लिए ड्रोन रोधी और अन्य उच्च तकनीक वाली मशीनरी का उपयोग करने का निर्णय लिया है। खुफिया विभाग के महानिरीक्षक के. कबीब ने बताया कि मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं और सुरक्षा स्थितियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। लगातार ड्रोन हमलों का सामना करने के बाद मणिपुर पुलिस ने इससे निपटने के लिए ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब तक सभी ड्रोन और मिसाइल हमले मणिपुर के कांगपोकपी, जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों से हो रहे हैं और सेना के हेलिकॉप्टरों द्वारा निगरानी और गश्त शुरू कर दी गई है। कबीब ने कहा कि संवेदनशील इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है।

**नीट पीजी** | अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल करने का आरोप

# पीएमएसएच के डॉक्टरों की जारी सूची की शुचिता पर उठे सवाल

पद्माकर पाण्डेय , लखनऊ

**अमृत विचारः** नीट पीजी काउंसिलिंग में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के चिकित्सकों की मेरिट सूची सवालों के घेरे में आ गई है। अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल किए जाने के आरोप लग रहे हैं। इस सिलसिले में प्रभावित अभ्यर्थी चिकित्सकों ने स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण को लिखित शिकायत भेजकर सूची संशोधित करने की मांग की है।

अभ्यर्थी चिकित्सकों का आरोप है कि नीट परीक्षा में अनुत्तीर्ण (कटऑफ से कम) अभ्यर्थियों को महानिदेशक प्रशिक्षण की ओर से नियमों के विपरीत निर्धारित भारांक दे दिया गया, जिससे तमाम अयोग्य अभ्यर्थी डीएनबी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए योग्य माने गए हैं। विभाग की ओर से डीएनबी के लिए 155 व एमडी-एमएस के लिए 161 योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि नेशनल इलीजिबीलिटी-कम-इंट्रेन्सटेस्ट (एनईईटी) द्वारा नीट परीक्षा में सामान्य वर्ग में 50% प्राप्तांक पाने वाले पीएमएस चिकित्सकों को उत्तीर्ण माना है, ओबीसी वर्ग में 45% और एससी-एसटी में 40% प्राप्तांक पाने वाले चिकित्सकों को कांउसिलिंग में शामिल होने के लिए अर्ह किया गया है। लिहाजा निर्धारित अंक से कम प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी चिकित्सकों को स्वतः कांउसिलिंग से बाहर हो जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विभाग की ओर से 27 अगस्त को मात्र तीन दिन में आवेदन मांगे गए थे।



> स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा समयावधि के आधार पर निर्धारित भारांक देकर अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। अगर कोई शिकायत आती है, तो उसे जांच कर ठीक कराया जाएगा।
> **-डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल,** महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग उप्र.

**क्या है मामलाः** 11 अगस्त 2024 को नीट पीजी की परीक्षा संपन्न हुई थी। वर्ष 2022 के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस चिकित्सकों (पीएमएस) को पीजी (विशेषज्ञ) करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में सेवा समयावधि के आधार पर विशेष भारांक (10 से 30 अंक तक) दिया जाता है। नीट परीक्षा के प्राप्तांक में भारांक को शामिल कर प्रदेश स्तर की मुख्य मेरिट सूची चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जाती है। इससे पीएमएस चिकित्सकों को पीजी (एमडी-एमएस) में दाखिला मिलना आसान हो जाता है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में संचालित विभिन्न विषयों के डीएनबी पाठ्यक्रम में पीएमएस चिकित्सकों को मौका मिलता है। इसमें उन्हें भारांक नहीं दिया जाता है। नीट परीक्षा में मिले अंक की मेरिट के अनुसार कांउसिलिंग में शामिल होने का मौका दिया जाता है।

## एक नजर

### इंटरनेशनल ट्रेड शो में चमकेगा यूपी का हैंडलूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में प्रदेश का हैंडलूम व खादी अपनी खास पहचान बनाएगी। इस शो में कपड़ों व ड्रेसिंग सामग्री की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। भारतीय संस्कृति पर आधारित खादी के बने परिधानों का फैशन शो आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश समेत देश के कई नामचीन मॉडल भी हिस्सा लेंगे। यह फैशन शो 28 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेड शो में कपड़ा व हथकरघा इकाइयों के लिए 500 स्टाल निर्धारित किए गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश देश का तीसरा सबसे बड़ा कपड़ा उत्पादक है। बनारसी साड़ियां देश के अलावा विदेश में भी लोकप्रिय हैं।

### निजी टाउनशिप में भी एसटीपी होगी अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बसने वाली निजी टाउनशिप में भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की व्यवस्था अनिवार्य किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। शासन स्तर पर इस पर मंथन के बाद सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में घोषित 100 नई टाउपशिप बनाने की घोषणा के बाद आवास विभाग विकास प्राधिकरणों के जरिये विकासकर्ता कंपनियों को लाइसेंस दे रहा है। निजी क्षेत्रों में टाउनशिप आने के बाद जरूरतमंद लोगों को घर मिलने का रास्ता साफ हो सकेगा। लोगों को सीवरेज की समस्या से बचाने के लिए एसटीपी की व्यवस्था को अनिवार्य करने पर जोर दिया जा रहा है।

### बिजली कंपनियों में हो रही घटिया सामग्री की आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की बिजली कंपनियों में घटिया दर्जे की सामग्री आपूर्ति की जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनियों के कुछ उच्चाधिकारी घटिया सामग्री आपूर्ति करने वालों को संरक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। पश्चिमांचल निगम से जुड़े उपभोक्ताओं को घटिया केबिल आपूर्ति के कारण गर्मी के दिनों में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ी थीं। दोषी पाई गई निजी कंपनी अन्य वितरण निगमों में भी केबिल आपूर्ति कर रही है। उपभोक्ता परिषद की ओर से शीघ्र ही पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री से की जाएगी।

# भारत की सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी : धनखड़

## गोरखपुर में सैनिक स्कूल के लोकार्पण के अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा-2017 के पहले डर की चपेट में था उत्तर प्रदेश, लचर थी कानून-व्यवस्था

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं।



गुरु गोरखनाथ बाबा की मूर्ति का दर्शन करते उपराष्ट्रपति तथा उनकी पत्नी। अमृत विचार

उपराष्ट्रपति ने प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है। जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी ने चमत्कारिक कार्य किया है। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। समारोह में मुख्यमंत्री योगी थ ने अंगवस्त्र तथा टेराकोटा की गणेशजी की प्रतिमा भेंटकर उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया। समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया

पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सैनिक स्कूल का लोकार्पण करने के बाद गोरखनाथ मंदिर जाकर महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं।

### वेदपाठी छात्रों ने किया स्वागत

गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से वह गोल्फ कार्ट से मुख्य मंदिर की सीढ़ियों तक आए। 251 वेदपाठी छात्रों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच उनका स्वागत किया। इस दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी ने अगवानी की।

## शिक्षक भर्ती: तीन दिन बाद मंत्रियों को घेरेंगे अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने तीन दिन के लिए आंदोलन को स्थगित कर दिया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि मंत्रियों से मिले आश्वासन के बाद हम लोगों ने यह निर्णय लिया है। शुक्रवार को वह कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव करने वाले थे। लेकिन उसको टाल दिया गया है। आंदोलन करने वालों का कहना है कि नेताओं से वार्ता के आश्वासन के बाद यह फैसला लिया गया है। हालांकि 9 सितंबर को दूसरे पक्ष का भी सुप्रीम कोर्ट में डेट लगा है। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि अब अभ्यर्थी कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे है।

# संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष बने प्रयागराज के प्रो.जयंत खोत

## संस्कृति विभाग से जुड़ीं पांच संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य नामित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग से जुड़ी पांच संस्थाओं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, भारतेंदु नाट्य अकादमी, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और बिरजू महराज कथक संस्थान में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्य बनाए गए हैं। इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से तीन वर्ष के लिए होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से आदेश जारी किए गए।

प्रयागराज निवासी प्रोफेसर जयंत खोत को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का अध्यक्ष व लखीमपुर खीरी की विभा सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा वाराणसी के डॉ ज्ञानेश चंद्र, कानपुर की कविता सिंह, अंबेडकरनगर की उपमा पांडेय, जौनपुर की ज्योति



जयंत खोत



कुमकुम धर

**▸▸ लखनऊ की कुमकुम धर कथक संस्थान, वाराणसी के डॉ. रति शंकर को भारतेंदु नाट्य अकादमी का अध्यक्ष बनाया**

सिन्हा, महाराजगंज के अमित जायसवाल, मुरादाबाद के राकेश जायसवाल, प्रयागराज की ज्योति मिश्रा, अयोध्या के प्रभाकर मौर्य, कासगंज के डॉ सुभाष चंद्र दीक्षित, लखनऊ के श्रीकांत शुक्ला, वाराणसी के ललित कुमार व बाराबंकी की सरोज रावत को सदस्य मनोनीत किया गया है।भारतेंदु नाट्य अकादमी में वाराणसी के डॉ रति शंकर त्रिपाठी को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि वाराणसी के ही दिनेश श्रीवास्तव, फर्रुखाबाद के सुरेंद्र कुमार पांडेय, कानपुर के ओमेंद्र कुमार वर्मा, अलीगढ़ के आलोक शर्मा व गोरखपुर के मानवेंद्र त्रिपाठी को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह, वाराणसी के डॉ सुनील कुमार विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी का अध्यक्ष व सीतापुर के गिरीश चन्द्र को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा मथुरा के अनिल सोनी, गोरखपुर के डॉ संदीप श्रीवास्तव, आगरा की डॉ आभा सिंह, कानपुर के डॉ शुभम शिवा व लखीमपुर के अभिनव दीप को सदस्य मनोनीत किया गया है।बिरजू महराज कथक संस्थान में लखनऊ की कुमकुम धर को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि गोरखपुर की डॉ मिथिलेश तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ के अनुज मिश्रा, मेरठ की रुचि बलूनी, वाराणसी की सोनी सेठ, लखनऊ की सुरभि सिंह, चित्रकूट के डॉ गोपाल मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सदस्य पद पर गोरखपुर की डॉ कुमुद सिंह, आगरा के नरेंद्र पाठक, महोबा के जग प्रसाद तिवारी व बेनी प्रसाद तिवारी, बलरापुर की ब्रजभान मरावी, लखनऊ के सुरेश प्रसाद कुशवाहा को सदस्य बनाया गया है।

### कला व संस्कृति के क्षेत्र में होगा सुधार : जयवीर सिंह

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग के विभिन्न संस्थानों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नामित किए जाने से कार्य की गुणवत्ता सुधरेगी। इससे संगीत, कला, नृत्य, ललित, नाट्य, गायन, वादन, लोककला, जनजातीय नृत्य समेत अन्य कलाओं व संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश और तेजी से विकास करेगा। प्रदेश के उभरते कलाकारों को सरकार की ओर से अधिक से अधिक कार्यक्रमों में सहभागी बनाया जाएगा ताकि कला व संस्कृति का संरक्षण और व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।

## सपा का पीडीए करेगा भाजपा का मुकाबला और हराएगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा का पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) भाजपा का मुकाबला करेगा और उसे हराएगा।



अखिलेश यादव

सपा प्रमुख, शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्येक स्तर पर सत्ता का गर्ग, दुरूपयोग करती है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से आग्रह करते हुए भाजपा पर तंज कसा, उन्होंने कहा कि सौदागरी सोच रखने वाली भाजपा को, लखनऊ के जय नरायण प्रकाश इंटरनेशनल सेंटर(जेपीएनआईसी) को भी उसी तरह बेच देना चाहिए जैसे उन्होंने सपाकाल में बने 'शान-ए-अवध' व 'किसान बाजार मंडी' को बेच दिया है ताकि इन जन-उपयोगी स्थलों का सदुपयोग तो हो सके।

# इस महीने के अंत में हो सकती है विधानसभा उप चुनाव की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में विधानसभा की खाली 10 सीटों पर उप चुनाव के लिए तैयारी तेज हो गई है। संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव की समुचित तैयारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव अधिकारी इस माह के अंत तक चुनाव की घोषणा की उम्मीद जता रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में विधायक रहे नेताओं के सांसद बन जाने के कारण ये सीटें खाली हुई हैं। इनमें गाजियाबाद सीट से भाजपा विधायक रहे डॉ अतुल के गाजियाबाद लोकसभा सीट से सांसद बनने के कारण खाली हुई। इसी तरह, निषाद पार्टी से विधायक रहे डॉ विनोद कुमार बिंद के भदोही से सांसद बनने के कारण मझवां सीट, रालोद विधायक चंदन चौहान के बिजनौर से सांसद बनने के कारण मीरापुर, सपा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से सांसद बनने के कारण मिल्कीपुर और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद करहल सीट खाली हुई है। सपा नेता लालजी वर्मा के अंबेडकरनगर से सांसद बनने के कारण कटेहरी, जियाउर्रहमान बर्क के संभल से सांसद बनने के कारण कुंदरकी, भाजपा नेता प्रवीण पटेल के फूलपुर से सांसद बनने के कारण फूलपुर सीट और भाजपा नेता अनूप प्रधान के वाल्मीकि के हाथरस लोकसभा सीट से सांसद बने के कारण अलीगढ़ की खैर सीट रिक्त हुई है।

**10** सीटों पर होना है उपचुनाव

### इन सीटों पर होने हैं चुनाव

गाजियाबाद, मझवां, मीरापुर, मिल्कीपुर, करहल, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, फूलपुर व सीसामऊ।

### सपा-बसपा ने की तैयारी

सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण समझे जाने वाली अयोध्या की मिल्कीपुर सीट को जीतने के लिए सपा फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारने पर सहमति दे चुकी है। बसपा ने इस सीट से राम गोपाल कोरी को संभावित प्रत्याशी के तौर पर चुनाव प्रभारी बनाया है।

# आत्मनिर्भर बना रही विद्युत सखी योजना

## 10,500 से अधिक सखियों ने 1120 करोड़ रुपये का बिजली बिल जमा कराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाराबंकी के रामनगर विकास खंड स्थित सिलौटा गांव की विद्युत सखी राजश्री शुक्ला ने न केवल विद्युत सखी योजना से जुड़कर अपने परिवार की आय बढ़ाई, बल्कि प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए एक मिसाल भी बनीं। प्रदेश में शीर्ष 10 सबसे अधिक कमीशन अर्जित करने वाली सखियों में नाम दर्ज कराया। 50 हजार रुपये से अधिक कमीशन प्रतिमाह कमा रही हैं।

ऐसे ही तमाम उदाहरण देते हुए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने 1120 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराकर 14.6 करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक स्वयं सहायता समूह के जरिये 30 हजार महिलाओं को चयनित किया जा चुका है, जिसमें से 10500 से अधिक विद्युत सखियां ग्रामीण और शहरी इलाकों में मीटर रीडिंग और बिजली के बिल का कलेक्शन कर रही हैं। इसके लिए उन्हे विद्युत सखी ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वह लॉगिन करके बिजली बिल बनाकर उसका कलेक्शन करती हैं और ऐप के जरिए ही यूपीपीसीएल को बिल का भुगतान करती हैं।

**14.6** करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त किया

### वुमेन पॉवर हेल्पलाइन: 19 माह में 6 लाख से अधिक मामले निपटाए

**अमृत विचार , लखनऊ :** महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है। इसमें वुमेन पॉवर हेल्पलाइन का खासा योगदान है। वुमेन पॉवर हेल्पलाइन 1090 ने पिछले 19 माह में 6 लाख से अधिक शिकायतों का समय पर निस्तारण किया है। इसमें वर्ष-2023 में शत-प्रतिशत यानी 4,09,434 में से 4,09,433 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि एक कॉल को डिफॉल्ट पाया गया है। वहीं, वर्ष 2024 में 30 अगस्त तक हेल्पलाइन पर 83 .92 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 3,04,481 कॉल रजिस्टर्ड की गयीं, जिसमें से 2,55,535 मामलों को निस्तारित किया गया। निस्तारण का यह डाटा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और आत्मसम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वुमेन पॉवर हेल्पलाइन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि प्राथमिकताओं के आधार पर महिला संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हे तत्काल सहायता भी पहुंचायी जा रही है।

## गुड़ उद्योग से मिला 2.5 लाख लोगों को रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** औषधीय गुणों से भरपूर गन्ने से बना गुणकारी गुड़ लोगों को मिठास के साथ रोजगार भी दे रहा। गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. रसप्पा विश्वनाथ ने बताया कि गुड़ से उप्र में करीब ढाई लाख लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने गुड़ को मुजफ्फरनगर और अयोध्या का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) घोषित किया है। स्थानीय स्तर पर गन्ने की पेराई हो, इसके लिए 25 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने 100 घंटे के अंदर खांडसारी इकाईयों को ऑनलाइन लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की। इसके दायरे में पहले से चल रही इकाईयां भी थीं। सरकार के अनुसार मौजूदा समय में 284 से अधिक इकाइयों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। इनकी कुल पेराई क्षमता लगभग 15 चीनी मिलों के बराबर है। इनकी क्षमता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



**मंचन** मोहन सिंह बिष्ट सभागार में रामायण पर आधारित नाटक का मंचन करते आट्र्स एण्ड कल्चरल सोसाइटी के कलाकार। अमृत विचार

# स्टार्टअप से किसानों की आय बढ़ाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी स्टार्टअप से किसानों की आमदनी बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। कृषि को आधुनिक, उच्च तकनीकयुक्त, लाभदायक व टिकाऊ उद्योग बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए विश्व बैंक व गूगल जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सहयोग भी लिया जा रहा है।

शासन के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एगटेक स्टार्टअप से किसानों की दूसरों पर निर्भरता भी कम होगी। किसानों को सशक्त बनाने के साथ अगले पांच वर्षों में राज्य को 10 बिलियन डॉलर की एगटेक अर्थव्यवस्था बनाई जाएगी। रणनीतिक निवेश, प्रभावी नीतिगत ढांचे को लागू कर व सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर एगटेक को स्थापित किया जाएगा। इससे न केवल कृषि संबंधी जरूरतें पूरी होंगी बल्कि राष्ट्रीय व वैश्विक खाद्य सुरक्षा को को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए एक हजार स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा।

### एफपीओ और एगटेक कंपनियों से बढ़ेगा सामंजस्य

किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ एगटेक कंपनियों के बीच सामंजस्य बढ़ाया जाएगा। किसानों के व्यापक आधार तक पहुंचने व तकनीक को सहजता से उपलब्धता कराने में सहयोग मिलेगा।

## रेलवे की तरह सेतु निगम भी बनाएगा बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने तय किया है कि सेतु निगम अब रेलवे की तर्ज पर बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज बनाएगा। पहले यह ब्रिज रेलवे की ओर से पटरियों के ऊपर अपने क्षेत्र में ही बनाकर सेतु निगम के सीमेंटेट पुल से जोड़ देती थी। सीतापुर में शारदा कैनाल पर 22.86 करोड़ में पूरा ब्रिज ही अब गार्डर का बनेगा, इससे इसे तैयार करने में मात्र 8 महीने का वक्त लगेगा।

सीमेंटेड पुल बनाते समय हुए हादसे और लेटलतीफी को ध्यान मे रखकर ही राज्य सरकार ने अब विशिष्ट शैली, उत्तम गुणवत्ता और कम अवधि में निर्माण प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के कारण बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण को तरजीह दी है। अयोध्या व प्रयागराज में भी हाल ही में इसी तकनीक पर आधारित रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया गया।

वहीं, सीतापुर में जिस बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज का निर्माण होना है वह रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) होगा जिसका निर्माण शारदा नहर के ऊपर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर होगा।

**चिंताजनक** मिट्टी में जीवांश कार्बन, नाइट्रोजन व ह्यूमस की कमी, सुधार के लिए जैविक खाद ही एकमात्र विकल्प

# फसल चक्र टूटने से मिट्टी हुई कुपोषित, पोषक तत्व बेअसर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में फसल चक्र के अनुसार खेती न करना और रासायनिक उर्वरकों के आगे जैविक का प्रचलन कम होना मिट्टी को कुपोषित बनाने के साथ पैदावार घटा रहा है।

लखनऊ मंडल की बात करें तो मिट्टी परीक्षण में माल ब्लॉक को छोड़कर अन्य जगहों पर जीवांश कार्बन की भारी कमी है। जबकि इसके बिना खेती संभव नहीं है। हालात यह हैं कि लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव व लखीमपुर खीरी में जीवांश कार्बन .1 से कम है। जबकि मात्रा .2 से अधिक होनी चाहिए। इस वजह से मिट्टी में ह्यूसम नहीं पनप रहे है। जो उर्वरकों के रूप में दिए जाने वाले पोषकतत्वों की पूर्ति आवश्कतानुसार करते हैं। इससे पौधों की बढ़वार होती है। बिना इनके उर्वरकों का इस्तेमाल बेअसर हैं और पौधों की बढ़वार नहीं होती है। साथ ही नाइट्रोजन घटता है। यह स्थिति लगभग सभी जिलों की है।

मिट्टी और फसलों के लिए जीवांश कार्बन एक प्रतिशत तक अच्छा माना जाता है। लेकिन सभी जिलों में मात्रा कम है। पोटाश प्रति हेक्टेयर 120 से 280 किग्रा तक होना फायदेमंद है, लेकिन इससे कम है। वहीं, नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर 280 किग्रा होना चाहिए, जबकि 160-180 किग्रा व कुछ जगहों पर 90 किग्रा तक है। इसी तरह फास्फोरस प्रति हेक्टेयर 10 से 25 क्रिग्रा में .2 व .3 फीसदी से कम है।

**0.1** से कम मिला लखनऊ मंडल में जीवांश कार्बन

### फसल चक्र के साथ जैविक खाद जरूरी

जीवांश कार्बन जैविक खाद के बिना नहीं बढ़ सकता है। इसके लिए किसानों को फसल चक्र अपनाकर गोबर व हरी खाद का इस्तेमाल पूर्व की तरह करना होगा। फसल चक्र में धान्य (चावल, गेहूं, मक्का, बाजरा . ज्वार और जौ), दलहन व तिलहन तीन तरह की फसलें होती हैं। लेकिन, ज्यादातर किसान चक्र तोड़कर गन्ना, मक्का, गेहूं धान आदि करते हैं। चक्र इसलिए भी जरूरी है कि तिलहनी, दलहनी फसलें कम पोषकतत्व लेती हैं और शेष को आगे फसल के लिए बचाकर रखती हैं।

### एक हजार सैंपल में ज्यादातर में कमी

जिलों पर फसल के पहले सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के तहत किसान निशुल्क मिट्टी परीक्षण कराते हैं। एक ब्लॉक से करीब एक हजार सैंपलों की जांच की जाती है, लेकिन ज्यादातार की मिट्टी में कमी आती है। जहां, फसल चक्र और जैविक का इस्तेमाल हो रहा वहां मिट्टी में कमी नहीं है। कृषि विज्ञानी पशु पालन कम होना भी कारण बताते हैं। इसलिए गोबर की उपलब्धता न होने के कारण किसान जैविक खाद नहीं बना पाते हैं।

> जिलों पर मिट्टी में जीवांश कार्बन की काफी कमी है। इसे बढ़ाने के लिए किसानों को फसल चक्र अपनाते हुए जैविक उर्वरकों का इस्तेमाल करना होगा। बिना इसके पोषकतत्वों की पूर्ति नहीं होती है। जैविक अपनाकर समय-समय पर परीक्षण भी कराएं।
>
> **- डॉ. मनमोहन लाल,** सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, लखनऊ

# बीमार चीनी मिलों का होगा कायाकल्प

## सरकार ने शुरू की बागपत व मुजफ्फरनगर मिलों की क्षमता बढ़ाने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्रदेश में बीमार चल रही चीनी मिलों का आधुनिकीकरण किए जाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत बागपत व मुजफ्फरनगर की चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए चीनी मिलों की स्थापना और आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की बागपत और मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना है।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर विचार किया गया। इसमें किसान सहकारी चीनी मिल बागपत की कार्यक्षमता में सुधार के लिए मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीडी क्रशिंग क्षमता), तकनीकी उच्चीकरण वं आधुनिकीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव के लिए 84.77 करोड़ की लागत का अनुमान लगाया गया है। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार से अंश पूंजी के रूप में तो 50 प्रतिशत ऋ्ण के रूप में लिए जाने की वित्तीय व्यवस्था की जाएगी।

इसी तरह, मुजफ्फरनगर स्थित गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड मोरना की कार्यक्षमता में मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीजी क्रशिंग कैपेसिटी), तकनीकी उच्चीकरण व आधुनिकीकरण कार्य के लिए 88.02 करोड़ की प्रस्तावित लागत का अनुमान लगाया गया है।

**▸▸ उद्यम को ब्याज मुक्त ऋण देने की कोशिश करें, वित्तपोषण से पहले दें प्रशिक्षण : मुख्यमंत्री**

### समय से हो सकेगी गन्ने की पेराई

शासन के अधिकारियों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के शासकीय बजट में 65 करोड़ के अनुदान के तहत निवेश-ऋण का प्रावधान है। तकनीकी उच्चीकरण व आधुनिकीकरण से इन मिलों को काफी लाभ मिलने की संभावना है। इससे गन्ने की समय से पेराई हो सकेगी। बगास की बचत के साथ ही चीनी परता में वृद्धि होगी।



ट्रांसपोर्ट नगर में हरिमिलाप टॉवर ढहने की सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीमों को आसपास जलभराव होने से बचाव कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अमृत विचार



मलबे से भारत सिंह थापा को निकालते रेस्क्यू टीम के सदस्य। अमृत विचार

## ट्रांसपोर्टनगर हादसा

# बारिश के आधे घंटे बाद धमाका, बिल्डिंग जमींदोज

### टॉवर में दवा, मोबिल ऑयल और गिफ्ट सेंटर के गोदाम थे, मोबिल ऑयल गोदाम मालिक की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्टनगर में एक घंटे तेज बारिश से सड़कों से लेकर आसपास खाली मैदान में पानी भर गया। बारिश बंद होने के करीब आधे घंटे बाद हरिमिलाप टॉवर में तेज धमाका हुआ और टावर भरभरा कर जमींदोज हो गया। भवन के अंदर तीन गोदामों में मौजूद लगभग 30 लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद हाहाकार मच गया। सूचना पर अधिकारियों से लेकर फायर सर्विस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

हरिमिलाप टॉवर आशियाना निवासी राकेश सिंघल का है। टावर के भूतल में गोमतीनगर निवासी जसमीत साहनी का मोबिल ऑयल , पहली मंजिल पर मनचंदा के गिफ्ट सेंटर और दूसरी मंजिल पर दवा का गोदाम था। घटना की सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। बड़ी संख्या में लोगों के मलबे में दबे होने की जानकारी पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम भी बुला ली गई। मलबे से एक किशोरी और एक किशोर को भी निकाला गया। मौजूद लोगों ने बताया कि दोनों भाई बहन हैं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही थी। आशंका है कि गोदाम में काम करने वाले किसी कर्मचारी के बच्चे हैं। दूसरी आशंका है कि शायद बिल्डिंग के पास हादसे के वक्त दोनों मौजूद थे जो चपेट में आ गए। फिलहाल प्रशासन दोनों की पहचान नहीं हो सका है। **संबंधित पेज 9**



मलबे से घायल को निकाल कर एंबुलेंस पर ले जाते रेस्क्यू टीम के सदस्य।



रात में बिजली की रोशनी में रेस्क्यू करतीं टीमें। अमृत विचार

### टावर का 90 फीसद हिस्सा ढह गया

सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि हरिमिला टॉवर का 90 प्रतिशत हिस्सा जमींदोज हो गया है। जो हिस्सा खड़ा उसका छज्जा और सीढ़ी दाएं तरफ लटक रही है। इससे रेस्क्यू के दौरान खतरे की आशंका है। एहतियात बरतते हुए टीमें मलबा हटाकर रेस्क्यू में जुटी हैं।

### एक दिन पहले बिल्डिंग से टकराया था ट्रक

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि एक दिन पहले माल उतारने के दौरान बिल्डिंग से ट्रक टकरा गया था। इसके कारण टावर का पिलर कमजोर हो गया था। इसके बाद शनिवार को भी माल उठाने के दौरान एक ट्रक से टक्कर हुई। इसकी कारण हादसा हुआ। हालांकि रेस्क्यू में जुटे अधिकारी इस संबंध में कुछ नहीं बोल रहे हैं।

### ट्रक से उतारा जा रहा था फार्मास्यूटिकल का माल

दिल्ली के ट्रक ड्राइवर राजेश पाल ने बताया, करीब 4 :55 बजे बिल्डिंग में पहुंचा था। फार्मास्यूटिकल का सामान उतारने के लिए अपना ट्रक बिल्डिंग में लगाया। ट्रक से उतारकर सामान को दूसरे फ्लोर पर ले जाया जा रहा था। करीब 15 से 20 लोग ट्रक से सामान उतार रहे थे। राकेश कंटेनर की ड्राइविंग सीट पर बैठा था। ट्रक का आधे से अधिक हिस्सा बिल्डिंग के भीतर था। अचानक पूरी बिल्डिंग भरभरा कर गिर गई। सामान उतार रहे कुछ लोगो ने भाग कर जान बचाई। बिल्डिंग के मलबे में कंटेनर का आधे से अधिक हिस्सा दब गया। हर तरफ धूल का गुबार छा गया। राकेश केबिन के दरवाजे से कूदकर भागा। कुछ लोगों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से निकल गया।

### 14 वर्ष पहले पास किया गया था मानचित्र

कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या टी.पी.एन.-54/ फेज-1 पर निर्मित भवन के गिरने की घटना हुई है। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि आलमबाग के समर बिहार निवासी कुमकुम सिंघल ने प्राधिकरण में भवन का 31 अगस्त 2010 को मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। जिसकी अनुमति संख्या 29474 है। वर्तमान में स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं चल रहा था।



घायल से घटना की जानकारी लेते डीएम सूर्यपाल गंगवार।

### जिलाधिकारी ने घायलों से ली घटना की जानकारी

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन सहित डॉक्टरों की टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। मलबे से घायलों को निकालकर लोकबंधु और ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि लोकबंधु अस्पताल में भर्ती घायलों से बात करके घटना की जानकारी ली है। जिलाधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग में दबने से 6लोगों की मृत्यु हो चुकी है, एक और सस्पेक्टेड है। मलबे से 28 लोगों को निकाला गया है। अभी 4 और लोगों के दबे होने की संभावना है। जब तक पूरा मलबा हट नहीं जाएगा सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। बिल्डिंग कैसे गिरी इसकी जांच के लिए टीम बनाई जाएगी।

### राजनाथ सिंह ने की जिलाधिकारी से बात



राजनाथ सिंह

ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला इमारत के ढहने से हुई मौत और कुछ लोगों के मलबे में दबकर घायल होने की जानकारी मिलने पर सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिला अधिकारी सूर्यपाल गंगवार से फोन पर जानकारी ली। उन्होंने घायलों को तत्काल समुचित उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए।

### महापौर ने जाना घायलों का हाल

महापौर सुषमा खर्कवाल ने देर रात ट्रांसपोर्टनगर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। इसके बाद लोकबंधु अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना और उनके परिजनों को सांत्वना दी। महापौर ने मृतक व घायल हुए परिवारों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को तत्काल पीड़ित परिवार की मदद का निर्देश दिया। देर रात मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौके पर पहुंचीं थीं।



लोकबंधु अस्पताल में घायल से इलाज के संबंध में जानकारी लेतीं महापौर।

# पास के भवन से रास्ता बनाकर अंदर गई टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** हरमिलाप टॉवर के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का काम देर रात तक जारी रहा। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कार्य में लगी है। अंदर फंसे लोगों को निकालने के लिए पास की बिल्डिंग की दीवार काटी गई। इससे रास्ता बनाकर टीम अंदर दाखिल हुई।

हांलाकि अंधेरा होने के कारण दिक्कतें आ रही थी। अंदर

**कई के फंसे होने की आशंका, बज रही थी मोबाइल की घंटी**

कई लोगों के मोबाइल की घंटी बज रही थी।

रेस्क्यू कार्य में लगी टीम के मुताबिक आशंका है कि अभी अंदर कई लोग फंसे हैं। देर रात करीब 10:30 बजे से 11:15 बजे के बीच में दो शव को मलबे से बाहर निकाला गया। जिसे तत्काल एंबुलेंस से लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। शव किनके थे इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।



बचाव कार्य के संबंध में नगर आयुक्त से जानकारी लेतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### सिर्फ धूल का गुबार दिखा

नसीम ने बताया कि मेरी शीशे की दुकान है। गाड़ियों के लिए शीशे काट रहा था। तभी बहुत तेज आवाज आई। बाहर निकल कर देखा तो धूल का गुबार दिखा। मौके पर जाकर देखा तो हाईवे पर दवाइयां बिखरी पड़ी थीं। अफरा-तफरी मची थी। बिल्डिंग में ज्यादातर मजदूर ही थे। दवा वाले गोदाम में महिलाएं ज्यादा थीं।

### पिलर के साथ गिर गया टावर

अतुल ने बताया कि मैं और मेरा भाई अलग-अलग बिल्डिंग में काम करते हैं। जो बिल्डिंग गिरी है, उसमें मेरा भाई काम कर रहा था। बिल्डिंग गिरने की जानकारी मिलते ही भाग कर भाई के पास पहुंचा। उसे बचाने में मुझे भी चोट आई। भाई भी घायल हुआ है। पहले पिलर गिरा तो लोग भागने लगे। तभी पूरी बिल्डिंग गिर गई।

## मृतक



रुद्र।



जगरूप।



धीरज गुप्ता।



अरुण।



पंकज।



राम किशोर।

## ट्रांसपोर्टनगर हादसे में घायल

राजेंद्र (25), भानु सिंह (22), शत्रुघ्न सिंह (60), शिव मोहन (38), प्रवीणा (30), शांति देवी (65), आदर्श यादव (10) ,काजल यादव (14),आकाश कुमार (28),आकाश सिंह (24), विनोद यादव (45), आदित्य (21), आकाश कुमार (19), अनूप कुमार मौर्य (40), बहादुर (55), ओम प्रकाश (25) , हेमंत पांडेय (35), सुनील (28),दीपक कुमार (28), विनीत कश्यप (28), लक्ष्मी शंकर (25), अतुल राजपूत (25), नीरज (35) और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं।



दीपक पाठक।



भानु सिंह।



हेमंत पांडे।



शेर बहादुर।



विनीत कश्यप।



लकी राजपूत।

### मालिक ने गोदाम बंद करने को कहा

उन्नाव निवासी विजय साहनी ने बताया, हम लोग काम कर रहे थे। बताया गया कि भूतल का एक पिलर में दरार पड़ गई है। आधे घंटे बाद मालिक से कहा तो उन्होंने गोदाम को बंद करने के लिए कहा। हम बाहर आ गए। बारिश हो रही थी, लोगों ने कहा एक पिलर में दरार होने से पूरी बिल्डिंग नहीं गिरेगी। इसके बाद हम लोग काम करने चले गए। फिर अचानक बिल्डिंग गिर गई।

### मामले की जांच होगी : राजेश्वर सिंह

हादसे की सूचना पर सरोजनीनगर के विधायक राजेश्वर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू अंतिम व्यक्ति को बाहर निकालने तक जारी रहेगा। घटना दुखद है। घायलों का इलाज लोकबंधु अस्पताल और ट्रामा सेंटर में चल रहा है। सरकार घायलों और मृतकों के परिवार के साथ है। मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी।



ट्रांसपोर्टनगर में घटना की जानकारी लेते विधायक राजेश्वर सिंह।

### सांसद चौधरी ने जाना घायलों का हाल

मोहनलालगंज के सपा सांसद आरके चौधरी भी देर शाम को लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत कर ढांढस बंधाया। परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। मामले की गंभीरता से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



अस्पताल में घायल का हाल जानते सांसद आरके चौधरी।

**निर्माण में लापरवाही** | बहुत पतली सरिया लगाई, बिल्डिंग में सीलन ही सीलन थी

# चार इंच की दीवार पर टिका था तीन मंजिला टॉवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्टनगर स्थित हरमिलाप टॉवर शनिवार शाम पांच बजे गिर गया। हादसे में 6 की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। अचानक टॉवर ढहने का क्या कारण है? इस संबंध में देर रात तक कोई प्रशासनिक स्तर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

स्थानीय लोगों ने इस बात की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की है कि टॉवर के निर्माण की गुणवत्ता काफी खराब थी और पिलर धंसने से हादसा हुआ। पूरा टॉवर चार इंच की दीवार पर टिका था। निर्माण में सरिया भी बहुत पतली लगाई गई थी।

वहीं, सीलन भी पूरे टॉवर में थी। टॉवर के ऊपरी हिस्से में दवा का गोदाम बना है। गुरमीत के बेटे जसप्रीत साहनी ऑफिस में बैठे थे। कंटेनर से माल उतारा जा रहा था। करीब 20 मजदूर कंटेनर से दवाइयों के गत्ते उतार रहे थे। भवन गिरने से जसप्रीत मलबे में दब गए।



ट्रांसपोर्टनगर स्थित ढहे हरिमिलाप टॉवर के मलबे के पास रेस्क्यू करतीं टीमें।

### ऑपरेशन जारी है, होगी जांच

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन सहित डॉक्टरों की टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। मलबे से घायलों को निकालकर लोकबंधु और ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि लोकबंधु अस्पताल में भर्ती घायलों से बात करके घटना की जानकारी ली है। जिलाधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग में दबने से 6लोगों की मृत्यु हो चुकी है, एक और सस्पेक्टेड है। मलबे से 28 लोगों को निकाला गया है। अभी 4 और लोगों के दबे होने की संभावना है। जब तक पूरा मलबा हट नहीं जाएगा सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। बिल्डिंग कैसे गिरी इसकी जांच के लिए टीम बनाई जाएगी।

# घटना कैसे हुई, पता लगाया जा रहा: एडीजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि घटना कैसे हुई पता लगाया जा रहा ने कहा कि मलबे में दबे 28 लोगों को निकाला गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। टॉवर के मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पहले रेस्क्यू कर लोगों की जान बचाना है। रेस्क्यू पूरा होने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बिल्डिंग में दो तरफ पैसेज बनाए जा चुके हैं। अंदर अगर कोई संभावित है तो उसको हम निकालने का काम कर रहे हैं। अंदर फंसे लोगों की अभी पूरी जानकारी नहीं है। पूरी बिल्डिंग को सर्च किया जा रहा है। सभी विभागों का समन्वय कराकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने का काम हो रहा। बिल्डिंग के गिरने के पॉसिबल रीजन का पता रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ही चलेगा। सभी टेक्निकल इक्विपमेंट को सर्चिंग के लिए लगाया गया है।

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर शाम को घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने के बाद देर रात 11 बजे लोकबंधु अस्पताल जाकर घायलों से घटना की जानकारी हासिल की।



घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी लेते एडीजी अमिताभ यश ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप 8112979390

**मौसम**
बादल छाए रहेंगे, बारिश होने की संभावना है।
36.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**
- केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में इंटरकॉलेजिएट रूमेटोलॉजी क्विज और सम्मेलन-9 :00 बजे
- हजरतगंज में अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के चलते भारत- बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेगी- 2 :00 बजे।

**अमृत विचार आपके द्वार**
'अमृत विचार आपके द्वार' टीम रविवार को स्थानीय समस्याओं को लेकर वार्ड फैजुल्लागंज चतुर्थ के अन्नपूर्णा नगर कालोनी स्थित गुप्ता जी पीओपी हाउस के पास सुबह 10 बजे पहुंचेगी। टीम के सदस्यों से अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं।


मुसीबत मेहंदी घाट पर जीवन को खतरे में डाल कर लोग वाहन नावों पर रखकर गोमती नदी पार कर रहे हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

# बच्ची की मौत प्रकरण की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोहिया संस्थान के मातृ शिशु रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत के मामले में संस्थान निदेशक ने जांच के निर्देश दिए हैं। जांच की जिम्मेदारी चिकित्सा अधीक्षक को दी गई है। रेजिडेंट डॉक्टर बर्थडे केक काटने के प्रकरण की भी संस्थान प्रशासन ने जांच कराने की बात कही है।

चिनहट स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी अमित सिंह की ढाई साल की बेटी मिष्ठी की तबीयत बिगड़ने पर 3 सितंबर को लोहिया संस्थान के मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे बच्ची की हालत बिगड़ गई थी। परिवारीजन लगातार डॉक्टर को बुला रहे थे। आरोप था कि डॉक्टर बंद कमरे में बर्थडे केक काट रहे थे। बच्ची की मौत हो गई थी।

मामले में निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। मातृ शिशु एवं रेफरल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक घटना की जांच करेंगे। साथ ही केक काटने के प्रकरण को अलग से देखेंगे। इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज देखा जाएगा।

**सूचना**
मैं भारत श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी 3/1/27बी फैजाबाद सूचित करता हूं कि हाईस्कूल अंकतालिका में मेरा नाम भारत अंकित है तथा अन्य दस्तावेजो आधार, पैन में मेरा नाम भारत श्रीवास्तव अंकित है। दोनों एक ही व्यक्ति हैं। भविष्य में मुझे भारत श्रीवास्तव के नाम से जाना जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T09 Dt-04.09.2024
''खुली ई–निविदा''
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।
**क्रम सं 1:**– कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में सीबी गंज छोर पर 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन की व्यवस्था, मौजूदा स्थिर लाइन और 600 मीटर की वाशिंग लाइन के विस्तार और शंटिंग नेक के प्रावधान हेतु ओएचई कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T09, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹73,15,269.36, अमानत राशि/बिड सिक्योरिटीः ₹1,46,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: 0.00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 27.09.2024, 11.00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधि 12 माह।
खुली ई–निविदा दिनांक 27.09.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–124 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# राजधानी को देश में मिला चौथा स्थान

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग में पिछले वर्ष मिला था 25वां स्थान, 21 अंक का सुधार

- सूरत पहले और जबलपुर दूसरे स्थान पर
- आगरा को तीसरा, कानपुर को 5वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी की हवा पिछले वर्ष की तुलना में काफी स्वच्छ हुई है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इस बार राजधानी को देश में चौथा स्थान मिला है, पिछले वर्ष 25 वां स्थान मिला था। नगर निगम अधिकारी अपने लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त हो जाएं और लोग भी जागरूक हो जाएं तो अगले वर्ष फिर पहला स्थान मिल सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शनिवार को स्वच्छ वायु दिवस पर वर्ष 2023-24 के लिए तीन कैटेगरी में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी की। इसमें देश के 130 शहरों को शामिल किया गया। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ को देश में चौथा स्थान मिला है। पहले तीन शहरों में जगह बनाने में लखनऊ 1 अंक से पिछड़ गया।

190 अंक के साथ आगरा को तीसरा और 189 अंक के साथ लखनऊ को चौथा स्थान मिला है। 194 अंक लेकर सूरत पहले और 193 अंक के साथ जबलपुर दूसरे स्थान पर आया है।

2022 के वायु गुणवत्ता सर्वेक्षण में लखनऊ को पहला स्थान मिला था। 2023 में रैंक गिरकर 25 पहुंच गई थी। इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले गुणवत्ता में 7.96 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

### ...कम होगा प्रदूषण

**वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण जाम**
वायु गुणवत्ता में सुधार की निरंतर आवश्यकता है। नगर निगम ने प्रयास तो किया लेकिन अभी और मेहनत की जरूरत है। अतिक्रमण से शहर में लग रहा जाम वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। वाहनों का धुआं लोगों के स्वास्थ्य पर असर डालता है। बालू–मौरंग आदि सड़क पर डालने से धूल के कण हवा में उड़कर प्रदूषण फैलाते हैं। जगह–जगह खुले में बने डंपिंग यार्ड के कूड़े की दुर्गंध भी हवा में प्रदूषण बढ़ाती है।

**जर्जर सड़कों से उड़ती धूल भी प्रदूषण का कारण**
राजधानी की खस्ताहाल सड़कों पर वाहन धूल उड़ा रहे हैं। बारिश के बाद सड़कों पर जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे वाहन धूल उड़ाते चलते हैं। मिट्टी लदे डम्पर बिना कवर किए धूल उड़ाते चलते हैं। मिट्टी खनन के लिए नियम निर्धारित होने के बाद भी इसका पालन नहीं किया जाता है।

**खुलेआम जला रहे कूड़ा**
नगर निगम कर्मियों को देने के बजाए लोग घर के सामने ही कूड़ा जलाते हैं। कर्मचारी भी कूड़े में आग लगा देते हैं। अधिकारी इस पर सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाने और प्रदूषण फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई ठंडे बस्ते में है।

### इन बिंदुओं पर काम करने की जरूरत
- ज्यादा देर न रुक पाए यातायात, जाम की समस्या करें दूर
- खुले में कूड़ा डालने और जलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई
- ई–वाहनों को बढ़ावा दिया जाए
- निर्माण साइट पर धूल न उड़ने दें
- खराब सड़कों की समय से मरम्मत
- खुले में सड़क किनारे निर्माण सामग्री डालने पर रोक

| शहर | प्वाइंट | रैंक |
|---|---|---|
| सूरत | 194 | 1 |
| जबलपुर | 193 | 2 |
| आगरा | 190 | 3 |
| लखनऊ | 189 | 4 |
| कानपुर | 183.8 | 5 |
| बड़ोदरा | 182 | 6 |
| इंदौर | 182 | 7 |
| भोपाल | 182 | 8 |
| विजयवाड़ा | 182 | 9 |
| अहमदाबाद | 181 | 10 |

"नगर निगम ने कई बिंदुओं पर सुधार का प्रयास किया है। इसमें सफलता भी मिली है। इस बार वायु गुणवत्ता सूचकांक में लखनऊ को देश में चौथा स्थान मिला है। अभी और सुधार की आवश्यकता है। हमारा प्रयास रहेगा कि अगली बार लखनऊ पहला स्थान हासिल करे।
-इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

## प्रदूषित पर्यावरण से बीमार हो रहे लोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के मौके पर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण ने बताया कि वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग, स्मॉग, अम्लीय वर्षा, खेती योग्य भूमि का क्षरण, जीवों का विलुप्तिकरण, और एतिहासिक भवनों का क्षरण हो रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**आवश्यकता है**
**जे.डी.एस.एन. सिंह लॉ कॉलेज**
रुदौली, कंधईपुर, सुलतानपुर
में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम में आवश्यकता है।
प्राचार्य – 01 पद
प्रवक्ता (विधि)– 09 पद
योग्यता एवं वेतनमान – यू. जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।
प्रबंधक
धर्मेंद्र कुमार सिंह
9839903838

**उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 20/ECTC/2024–25: अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट–I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट–II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 20– कार्य का नाम:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र, बलरामपुर पर 01 अदद् 33 के0वी0 ''बे'' (मेसर्स लखीमपुर आर0एन0जी0 प्रा0 लि0) के जानपदीय निर्माण कार्य I, कार्य की अनुमानित लागत:– रू. 10.44 लाख, कार्यावधि:– 1 माह, उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 17.09.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 18.09.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। ''राष्ट्र हित में बिजली बचाए'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ0प्र0 एस0एल0 डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। संख्या 3260–वि. जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक: 07/09/2024

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं शैलेन्द्र पुत्र जगदीश, निवासी– ग्राम–अलीपुर बाजार, पोस्ट–अनिरुद्धपुर, कादीपुर, सुलतानपुर, मेरा हाईस्कूल यू0पी0बोर्ड का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका रोल नं0 2320279 वर्ष 2012, इंटरमीडिएट यू0पी0बोर्ड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक –1697381 वर्ष 2014 एवं बीए अंतिम वर्ष का अंक पत्र अनुक्रमांक 15286392 वर्ष 2017 (राम मनोहर लोहिया अवध वि0 विद्यालय अयोध्या) का अंकपत्र वास्तव में खो गया हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं रजत अवस्थी पुत्र अरविन्द अवस्थी, निवासी– ग्राम कुतुबनगर, परगना व तहसील– मिश्रित, जिला–सीतापुर। मैने परशुराम इण्टर कालेज, कुतुब नगर जिला– सीतापुर से हाईस्कूल की परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण की थी जिसका रोल नं0– 210971991 के अंक पत्र की मूलप्रति वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**
मैं जैनेन्द्र सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह, नि0–म0सं0–26, गली नं–6, कौशलपुरी, खरगापुर, गोमतीनगर लखनऊ, मेरे जमीन रजिस्ट्री के कागज बही सं0–1, जिल्द सं0–10141, पृष्ठ सं0–331 से 366, क्रमांक– 12231 दिनांकित 27.08.2010 वास्तव में कहीं खो गई है, इसका कहीं भी प्रयोग अवैध होगा।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मथुरा प्रसाद उनकी पत्नी गीता देवी व दूसरे पुत्र कुलदीप व उनकी पत्नी प्रीती की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। –राम दुलारे पुत्र दुजई जगपाला पत्नी रामदुलारे निवासी–वार्ड नंबर आठ, मोहल्ला– कटरा बाजार, नगर पंचायत– परशदेपुर, तहसील– सलोन, जनपद– रायबरेली।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कपिल कुमार है जबकि कुछ सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम गलती से कपिल कुमार शुक्ला लिखा हुआ है जबकि मेरा असली नाम कपिल कुमार ही है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। कपिल कुमार पुत्र दयानंद, निवासी– ग्राम नवगवां पोस्ट देवाइत अयोध्या।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 57/2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं. 1. कार्य का विवरणः रामपुर-लालकुऑ अनुभाग में 19 ट्रैक किमी में टी.एफ.टी.आर. का कार्य (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत रामपुर-लालकुऑ में टी.एफ.टी.आर.-39.00 ट्रैक किमी. का कार्य)। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 37,34,32,467.26, बयाना राशि रूपयो में : रू. 20,17,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह।
क्र.सं. 2. कार्य का विवरणः रामपुर-लालकुऑ अनुभाग में 20 ट्रैक किमी में टी.एफ.टी.आर. का कार्य (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत रामपुर-लालकुऑ में टी.एफ.टी.आर.-39.00 ट्रैक किमी. का कार्य)। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 39,30,83,070.80, बयाना राशि रूपयो में : रू. 21,15,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह।
1. ई-निविदा दिनांक 27.09.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 239
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सूचना**
पहले मेरा नाम ANWAR AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ANSAR AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD YUNUS R/O, 105,CHAKA URF CHAK PURANDAR POST-SAIDABAD, PRAYAGRAJ

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से जीतेन्द्र भम्भवानी के बजाय जीतेन्द्र किशनचन्द्र भम्भवानी अंकित है। भविष्य में मुझे जितेंद्र भंभवानी पुत्र किशनचंद्र निवासी – मुखी निवास, 5ए, रामकृष्ण मार्ग, फैजाबाद रोड, लखनऊ के नाम से जाना जाएगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम कृतिका वर्मा दर्ज है। जबकि मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर आर्या वर्मा रख लिया है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम परिवर्तित करके आर्या वर्मा दर्ज किया जाये। वीर बहादुर पुत्र स्व0 राम अंजोर वर्मा निवासी ग्राम करौते पोस्ट गौरा, कूरेभार, जनपद सुलतानपुर।

**एक नजर**

### आईएमआरटी में एमबीए छात्रों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रिसर्च एण्ड टेक्नालॉजी, संस्थान में शनिवार को एमबीए के छात्रों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 180 छात्र शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनूप चन्द्र पाण्डेय, एक्स चीफ सेक्रेटरी एवं फार्मर इलेक्शन कमिश्नर ऑफ इंडिया और लूलू मॉल के मैनेजर एचआर एण्ड ट्रेनिंग सौरभ वर्मा मौजूद रहे।

### 50 हजार की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन, मुंशीपुलिया और हरिहरपुर में मरम्मत कार्य के कारण रविवार को करीब 50 हजार आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। राजभवन कॉलोनी, गुलमोहर गो–गो लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, यूपी डेटा सेंटर, अक्षय भवन, एमजी मार्ग, प्रांतीय खंड पीडब्लूडी के आसपास सुबह 9 से 4 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। नारायण नगर कॉलोनी में कार्य के चलते नारायण नगर कॉलानी और आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। हरिहरपुर उपकेंद्र के 11केवी डिप्टीगंज और डीटी प्राइमरी स्कूल पर जर्जर एलटी एबीसी केबल को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण इनके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

### चीनी मांझे से कटी युवक की गर्दन, घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक की फूलमंडी के पास शनिवार को चीनी मांझे से युवक की गर्दन कट गई। गंभीर घायल युवक को लोगों ने ट्रामा सेंटर पहुंचाया। ट्रामा सेंटर के प्रभारी डॉ. प्रेम राज सिंह ने बताया कि मांझे से उसकी नाक और ठोड़ी कटी है। चोट गंभीर नहीं है। सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्राथमिक उपचार और टांका लगाकर घर भेज दिया गया।


राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम में मौजूद एडी डॉ. जीपी गुप्ता और अन्य। अमृत विचार

# एडी सहित 16 ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को अलीगंज स्थित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण लखनऊ मंडल अपर निदेशक कार्यालय में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नेत्र परीक्षण अधिकारी सर्वेश पाटिल ने बताया कि अपर निदेशक (एडी) डॉ. जीपी गुप्ता ने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को नेत्रदान के महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर एडी सहित 16 लोगों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया।

# साइबर ठगी में एक्सिस बैंक प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

## पीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन से 2.81 करोड़ की ठगी का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ रुपये ठगने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को एसटीएफ की टीम ने दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में एक्सिस बैंक जयपुर का प्रबंधक पवन जैन भी शामिल है।

दूसरा आरोपी लोकेश जैन फिनो बैंक में सिक्योरिटी सुपरवाइजर है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 9.91 लाख रुपये और एक कार बरामद की है। एसटीएफ इसके पहले 9 आरोपियों को जेल चुकी है।

एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी लोकेश जैन राजस्थान के झालावाड़ और पवन जैन बूंदी का निवासी है। आरोपितों ने बताया कि लोगों को फोन पर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर जाल में फंसाकर ठगी करते थे। आरोपितों की पूछताछ में जो भी खाते, वालेट समेत अन्य चीजें सामने आ रही हैं, उनको फ्रीज करवाया जा रहा है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।

**इंडियन ओवरसीज बैंक में मंगाए थे रुपये**
डिप्टी एसपी दीपक ने बताया कि साइबर ठगी के लिए दोनों ने मिलकर इंडियन ओवरसीज बैंक जयपुर में एक खाता खुलवाया। खाता सिक्योरिटी सुपरवाइजर के नाम पर खोला गया था। इसी खाते में डॉ. रुचिका टंडन से ठगी किए गए रुपये इसी खाते में मंगाया था। इसके बाद लोकेश के फिनो बैंक के खाते में रुपये ट्रांसफर किए गए थे। डिप्टी एसपी ने बताया कि डॉ. रुचिका टंडन से 6 अगस्त को ठगी के रुपये ओवरसीज बैंक में मंगाए। इसके कुछ ही देर बाद फिनो बैंक में ट्रांसफर कर दिए गए। फिनो बैंक से भी नकदी निकाली गई थी।


पवन जैन।


लोकेश जैन।


आरोपियों से बरामद नकदी।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (ईएनएचएम & डीएम) उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मुहरबन्द खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 182-Mech-CW-ERW-BSB-22-3 |
| 2. | कार्य का नाम | एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट फॉर इन्सटालेशन ऑफ मशीन्स, कमिशनिंग, ऑपरेशन एण्ड मैनेजमेन्ट ऑफ मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटि (एमआरएफ) फॉर ड्राई वेस्ट ट्रीटमेन्ट एण्ड कम्पोस्टिंग प्लान्ट फॉर वेट वेस्ट ट्रीटमेन्ट ऐट वाराणसी कैन्ट रेलवे स्टेशन फॉर थ्री इयर्स (एक्सटेन्डबल अपटु टेन इयर्स) |
| 3. | निविदा मूल्य | रु0–0.00 |
| 4. | रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले बुनियादी ढांचे की अनुमानित लागत | रू0–2,35,42,911.03 |
| 5. | धरोहर राशि बुनियादी ढांचे की लागत का 1% (वापसी योग्य नहीं) | रु०– 2,35,429.00 (वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में) |
| 6. | परफारमेन्स सिक्योरिटी | शून्य (निविदा आवंटित होने के बाद 1% धरोहर राशि को परफॉरमेन्स सिक्योरिटी में बदल दिया जाएगा) |
| 7. | कार्य की समापन अवधि | 03 वर्ष |
| 8. | निविदा बॉक्स का स्थान | टेण्डर बॉक्स संख्या–08 जो कि आर०पी०एफ० पोस्ट/गेट नं०–1 मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ में स्थित है। |
| 9. | कार्यालय का पता तथा निविदा प्रपत्र उपलब्धता की तिथि एवं समय | वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (ईएनएचएम & डीएम), मण्डल कार्यालय उ०रे०, हजरतगंज, लखनऊ में दिनांक 17.09.2024 से 29.09.2024 तक 10:00 बजे से 15:00 बजे तक तथा दिनांक 30.09.2024 को 10:00 बजे से 12:00 बजे तक। |
| 10. | निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख/समय | निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय दिनांक 30.09.2024 को 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तारीख/समय दिनांक 30.09.2024 को 15:30 बजे। यह निविदा टेन्डर रुम में जो कि मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ में स्थित सिक्योरिटी कंट्रोल रूम के बगल में मुख्य द्वार के पास स्थित है, में खुलेगी। |
| 11. | उत्तर रेलवे वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 12. | निविदा प्रपत्र का मूल्य कैश/डाक द्वारा वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के पत्र में कैश/डाक बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करके प्राप्त किये जा सकते हैं। | रु0–500.00 एवं डाक द्वारा मांगे जाने पर रु०– 550.00 (वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में) |

अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में देखे जा सकेंगे। निविदा फार्म हस्तानांतरित नहीं किया जायेगा और बिके हुए निविदा फार्म की कीमत वापस नहीं की जायेगी। निविदा के साथ धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2808/24

**अनदेखी** शौचालय न होने से परेशान होती हैं महिला उपभोक्ता

# लेसा के बिजली बिलिंग केंद्रों पर कुर्सियां न पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लेसा के बिलिंग सेंटरों पर उपभोक्ताओं के लिए पीने के लिए पानी, पंखे और बैठने के बेंच तक नहीं हैं। शौचालय न होने से महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है।

उपभोक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों के आदेश हवा हवाई ही दिख रहे हैं। शहर में लेसा के 28 ऑनलाइन बिलिंग केंद्र हैं। इन केंद्रों पर उपभोक्ताओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश एमडी मध्यांचल ने दे रखे हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरती जा रही है।

वीआईपी क्षेत्रों के बिलिंग केंद्र हुसैनगंज, क्लाईड रोड, जवाहर भवन, बटलर पैलेस, मीनाबाद, चौक, राजाजीपुरम, इंदिरा नगर, चौपटिया, कपूरथला, अलीगंज, डालीगंज, फैजुल्लागंज, अहिबरनपुर, मुंशीपुलिया, चिनहट, गोमती नगर में टीनशेड से काम चलाया जा रहा है। यहां भी बैठने के लिए कुर्सियां और बेंच नहीं हैं। लाइन लंबी होने पर उपभोक्ताओं को घंटों खड़ा ही रहना पड़ता है।

उपभोक्ताओं ने कहा कि, सुविधाएं तो दूर लाइन लगने के बाद बिल ही जमा हो जाए बड़ी बात है। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा और रवि अग्रवाल ने बताया कि अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि सेंटरों पर उपभोक्ताओं के को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिये। सेंटरों पर बैठने के लिए कुर्सियों के साथ ही पेयजल और शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए हैं।

उपभोक्ताओं के लिए ये सुविधाएं होनी चाहिए बैठने के लिए कुर्सियां और बेंच। पीने के लिए साफ पानी। गर्मी से बचाव को पंखे। महिला और पुरुषों के लिए शौचालय दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर आदि - लाइन में लगे उपभोक्ताओं के बिल पहले जमा करने होंगे।

**सर्वर डाउन होने से 2 घंटे परेशान रहे उपभोक्ता**
अमृत विचार, लखनऊ : सर्वर डाउन होने से शनिवार को बिजली बिल जमा करने और प्रीपेड मीटर रीचार्ज कराने वाले उपभोक्ताओं को दो घंटे परेशान होना पड़ा। भीखमपुरा उपकेंद्र बिलिंग सेंटर का सर्वर सुबह 11 :30 बजे डाउन हो गया। निशातगंज तीसरी गली निवासी महेश ने बताया कि बिल को जमा करने आए हैं, इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है। दूसरी गली निवासी ननकऊ और निशातगंज पांचवी गली निवासी मोहम्मद इसरार ने बताया कि कर्मचारी जल्द काम शुरू होने का आश्वासन दे रहे हैं। जेई भीखमपुरा ने बताया कि कुछ समय के लिए सर्वर डाउन हुआ, लेकिन सामान्य होते ही काम शुरू करा दिया गया।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल–फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "http://www.ldaonline.co.in"
–: सार्वजनिक सूचना :–
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्रीमती मंजुला त्रिपाठी | फ्लैट संख्या AL/M/06 | रिवर व्यू अलकनंदा अपार्टमेंट सेक्टर–4 गोमती नगर, विस्तार योजना, लखनऊ | 30.11.2020 | 1. श्री कमलेश चन्द्र त्रिपाठी 2. आस्था, 3. अनन्या | ––– | पति उम्र 52 वर्ष पुत्री उम्र 18 वर्ष पुत्री उम्र 14 वर्ष |
| 2. | श्री बी0डी0 सिंह (श्री वंशीधर सिंह) | भूखण्ड सं0–बी–1/3 विपुल खण्ड | गोमती नगर योजना | श्री बी.डी. सिंह की दिनांक–11.11.2020 को मृत्यु हो गयी। | 1. श्रीमती विनीता कुमार (रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर) | ––– | पुत्रवधु |
| 3. | श्री नरेश सिंह | भवन संख्या–बी–1/155 | विवेक खण्ड, गोमती नगर योजना | 11.04.2021 | श्रीमती रेखा सिंह | ––– | पत्नी |
| 4. | स्व0 डा0 सन्तोष कुमार सक्सेना (मृतक) | भूखण्ड सं0 सी–233 | टी0जी0 नार्थ चॉदगंज | 23.03.2021 | श्री सौरभ सक्सेना पुत्र स्व0 डा0 सन्तोष कुमार सक्सेना | ––– | पुत्र |
| 5. | श्री सुभाष चन्द्र विज एवं श्रीमती माला विज | भूखण्ड सं0–बी–2/101 विक्रान्त खण्ड | गोमती नगर योजना | मृत्यु क्रमशः दिनांक–03.05.2021 एवं 03.11.2012 को हो गयी। | 1. श्रीमती पायल खुराना 2. श्रीमती प्रिया विज 3. श्री रजत विजय | ––– | विवाहित पुत्री विवाहित पुत्री पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सचिव

## यहां भी पधारे गजानन

- लखनऊ चौक के राजा का गणपति थीम पर श्रीगणेश उत्सव मंडल चौक की ओर से राम मनोहर लोहिया लॉन में पूजन शुरू हुआ।
- बशीरतगंज पीपल वाली गली में श्रीगणेश महोत्सव।
- छोटी बहू का ठाकुरद्वारा, टाटपट्टी, यहियागंज में श्रीअपार्टमेंट गणेश के आगमन के साथ भक्तों की भीड़ जुटना शुरू।
- अलीगंज का राजा थीम पर द्वादश श्रीगणेश उत्सव अलीगंज के गुलाब वाटिका अपार्टमेंट में मनाया जा रहा है।
- पत्रकारपुरम गोमती नगर में स्थानीय गणेश पूजा समिति की ओर से आयोजन।
- कटरा मकबूल गंज में महाराष्ट्र समाज की ओर से आयोजन।
- सीतापुर रोड के मौसमबाग, पीली कोठी में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव में विभिन्न आयोजनों के साथ शास्त्रीय नृत्य भी होंगे।
- श्रीगणेश उत्सव मंडल अमीनाबाद की ओर से श्रीराम रोड स्थित शिव मंदिर में अमीनाबाद के राजा थीम पर आयोजन।

## गणेश चतुर्थी पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के मुख्य अभियंता ने दिए निर्देश

**अमृत विचार,लखनऊ :** गणेश चतुर्थी पर्व पर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य अभियंता ने शनिवार को अधिकारियों संग बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों को क्षेत्र मे पेड़ों की कटाई-छटाई,फीडरों के मेंटीनेंस कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी किये गये। मुख्य अभियंता वीके सिंह ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर लगे पंडाल, मंदिरों और घरों में विराजे गणेश भगवान की आराधना करने में श्रदालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी उपकेंद्र अधिकारियों को ट्रांसफार्मर की मॉनिटरिंग और कर्मचारियों को इलाके की लगातार पेट्रोलिंग करने के आदेश दिए है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन और प्रीपेड मीटरों को रीचार्ज करने मे लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। राजस्व की वसूली के लिए क्षेत्र में अभियान चलाने का भी निर्देश दिया है। इसके साथ ही चोरी से बिजली जला रहे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

### मनौती के राजा विराजे, विघ्नहर्ता के पास अपनी चिट्ठियां लेकर पहुंचने लगे भक्त

# 'गणपति बप्पा मोरया' के उद्घोष से गूंज उठे पंडाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मनौतियों के राजा गजानन के आगमन के साथ लगातार 10 दिन तक चलने वाले महोत्सव की शुरुआत शनिवार से हो गई। राजधानी के वातानुकूलित और विभिन्न पंडालों के साथ घर-घर विध्नहर्ता का प्राकट्य हो गया है। भक्तों की भारी भीड़ पंडालों में शाम से ही जुटना शुरू हो गई है। गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में गणेश महोत्सव प्रारंभ हो गया है। 14,000 वर्ग फीट वाले इस पंडाल में भगवान गणेश का दरबार भक्तों के लिए खुल गया है। ढोल नगाड़ों के साथ घरों और पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। राजधानी के पंडाल गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष से गूंज उठे।

झूलेलाल वाटिका में गणेश उत्सव कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि विधि-विधान से गणपति की मूर्ति स्थापना, श्रृंगार के साथ पूजन शुरू हो गया है। वाराणसी के पं. कौशल पांडेय के सानिध्य में अयोध्या, वाराणसी के अन्य आचार्यों द्वारा मंत्रों के साथ मूर्ति की स्थापना कराई गई। यहां यजमान के रूप मे अखिलेश बंसल परिवार के साथ पूजन में बैठे। मूर्ति स्थापना के समय पण्डाल गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज उठा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्धू महाराज के निर्देशन में हुये। भजन की शुरुआत संजय शर्मा ने गणपति राखो मेरी लाज.., भजन से की। उसके बाद गौरी नन्दन तेरा वंदन.., सुनाया तो पण्डाल में बप्पा के जयकारे गूंज उठा। इसी क्रम में उन्होंने घर में पधारों गजानन.., और मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे.., सुनाया।

कमेटी के भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि पूजन के लिए आने वाले भक्तों द्वारा गणेश जी को



झूलेलाल वाटिका में गजानन की पूजा करते पुजारी। अमृत विचार

### पल्टन छावनी में विराजे बप्पा

पल्टन छावनी सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में सात दिवसीय गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार सुबह पं. ज्ञानदेव बाजपेई ने मंत्रोच्चार, पूजन व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच प्रथम पूज्य की प्रतिमा स्थापित करवाई। प्रतिदिन प्रात: 8 बजे व सायं 7 बजे आरती व भजन कीर्तन होगा। वहीं 12 को भंडारा और 13 को विसर्जन होगा। इस मौके पर श्रीकृष्ण कुशवाहा, अजय कुशवाहा, राजकुमार, मनीष पाल, महिपाल सिंह, संगीता, संध्या, कोमल, मिंटू, विजय, प्रियांशु, शम्भू शरण वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

### उत्सव के मुख्य आकर्षण

| | | |
|---|---|---|
| 9 सितम्बर | गजरा | रात्रि 8 :00 बजे |
| 11 सितम्बर | दूर्वाभिषेक | मध्यान्ह 12 बजे |
| 12 सितम्बर | छप्पन भोग | रात्रि 8 बजे |
| 13 सितम्बर | सिन्दूराभिषेक | मध्यान्ह 12 बजे, |
| 15 सितम्बर | पाशांकुश पूजन | मध्यान्ह 12 बजे |
| 16 सितम्बर | महाभिषेक | मध्यान्ह 12 बजे, तथा महामोदक रात्रि 8 :00 बजे। |

### धूमधाम से विराजमान हुए गणपति

बड़ा शिवाला चौपटिया में शुभ संस्कार समिति द्वारा आयोजित गणेश जन्मोत्सव में आज 25 में गणपति दोपहर में धूमधाम से विराजमान हुए। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे के अनुसार गोमती का आंचल गंदा ना हो इस कारण से मेटल की प्रतिमा विराजमान कराई गई है। महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ के अनुसार पूरे देश में बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या जैसे मामले रोज हो रहे हैं इसी के लिए सामाजिक चेतना जगाने के लिए इस बार गणपति पूजन बेटी बचाओ के अभियान अंतर्गत किया गया है। मूर्ति स्थापना के समय आचार्य गिरजा शंकर दीक्षित, आशीष अग्रवाल, संदीप तिवारी, राजकुमार मेहरोत्रा, दिनेश टंडन, विपिन अवस्थी, कपिल गौड़, पंडित कुशल गौड़,राकेश कश्यप, करन गौड़ ,नीरा गर्ग सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित है। शाम को 10 यजमानों द्वारा वैदिक रीति से गणपति पूजन संपन्न किया गया एवं गणेश जी के 108 नाम से विशेष आराधना की गई।

### चाट और आइसक्रीम से सजा पंडाल

इसके अलावा काफी संख्या में दुकानें लग गई हैं। चाट, फास्ट-फूड एवं आइस्क्रीम के काउंटर लग गए हैं। महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल के मुताबिक श्रृंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रात: 10 बजे एवं सायं 6 :00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष व पार्षद रंजीत सिंह, संजय सिंह गांधी, देशराज अग्रवाल, जयकरण सिंह, मुकेश शुक्ला, मुकेश जिन्दल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अजय अग्रवाल, अतुल बंसल, नीलेश अग्रवाल टाटा, रामशंकर वर्मा, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुधांशु बाथम, रोहित अग्रवाल मौजूद रहे।

चिट्ठियां लिखने की भी परम्परा है। पिछले साल 82,000 श्रद्धालुओं ने चिट्ठियां लिखी थीं। माना जाता है कि गजानन को लिखी गई चिट्ठियों से मनौती पूरी हो जाती है। मनौतियों के राजा को रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चिट्ठियां लिखी जा सकती हैं।

बादशाह बाग पेपर मिल कॉलोनी के अक्षयवर मल पार्क में भी भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन को उमड़ने लगी है। पूजा पंडाल की थीम जगन्नाथ धाम की तर्ज पर रखी गई है। पंडाल को हूबहू जगन्नाथ धाम मंदिर की तरह सजाया गया है। इसके अलावा लखनऊ के राजा चौक के गणपति राम मनोहर लोहिया लॉन में विराजमान हुए। स्थापना पर ध्वज पूजा कर बप्पा की पूजा कर आरती की गयी। इब्जा के चौक अध्यक्ष एवं गणेश पूजन समिति के पदाधिकारी उमेश पाटिल ने बताया कि स्थापना पूजा अध्यक्ष विकास पाटिल व उनकी पत्नी लक्ष्मी पाटिल द्वारा की गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने नारियल फोड़ पूजन शुरू कराया। निर्मल शुक्ला द्वारा झांकी प्रस्तुत की जायेगी

हीवेट रोड स्थित गणेश उत्सव पूजा शनिवार को धूमधाम से शुरू हो गई। शिवाजी मार्ग के राजा के दर्शन करने के लिए सुबह से भक्तगण आने शुरू हो गए थे। 6 फीट के गणपति बप्पा को पीपल के वृक्ष में मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित किए गए। महोत्सव के आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान के तत्वावधान में गणेश उत्सव क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहता है। उत्सव में सुबह से आचार्य आनंद पांडे, स्वामी हरि चरण दास वेद विद्यापीठ नाका हिंडोला , पं. आलोक अवस्थी ,पं. शौर्य दीक्षित आदि ने मंत्रोंच्चारण के साथ विभिन्न पूजा कार्यक्रम संपन्न कराए। उत्सव का शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। योग शिक्षिका सुमन पवार भी मौजूद रहीं।



बाताशे वाली गली में गणपति की आरती करते सांस्कृतिक जागरूक सेवा समिति के पदाधिकारी।



मालवीय नगर डाकखाने वाले पार्क में ढोल बजाकर बप्पा को विराजित करते पूजा समिति के पदाधिकारी।



यहियागंज छोटी बहू के ठाकुरद्वारे में गणपति को नमन करते गणेश युवा मण्डल के पदाधिकारी।



राम मनोहर लोहिया लॉन में चौक के राजा की आरती करते मराठी समाज के लोग। अमृत विचार

### चौक में विशेष पूजा के साथ गजानन का हुआ आगमन

राजधानी में गणपति पूजा महोत्सव की शुरुआत शनिवार से धूमधाम के साथ हो गई। इस वर्ष गणेश चतुर्थी के मौके पर उत्सव का अद्वितीय माहौल देखने को मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने बड़े-बड़े वाटरप्रूफ पंडालों में गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ उन्हें विधिवत रूप से स्थापित कर दिया। लखनऊ का राजा चौक का गणपति थीम पर श्रीगणेश उत्सव मंडल चौक की ओर से राम मनोहर लोहिया लॉन में किया गया। यहां गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया है। यहां पर विशाल और आकर्षक वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया गया। इसमें तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पंडाल को रंग-बिरंगे फूलों, विद्युत लाइटों और अन्य सजावटी सामानों से सजाया गया है। यह पंडाल दर्शनार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## छप्पन भोग में 14 प्रकार के मोदकम् उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** छप्पनभोग लीक से हटकर कुछ अलग कर रहा है। भादप्रद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विघ्नहर्ता, सुखकर्ता गणेश जी का आगमन घर-घर में होता है। मान्यता है कि गणेश भगवान को मोदकम् का प्रसाद विशेष रूप से प्रिय है। छप्पन भोग ने मोदकम् का स्वाद लखनऊ की जनता को चखाया। यूं तो मोदकम् पूरे साल छप्पन भोग में उपलब्ध रहता है लेकिन गणेश उत्सव के समय 14 प्रकार के मोदकम् की श्रृंखला छप्पन भोग में बप्पा के प्रसाद के लिए उपलब्ध हैं।



जिसमें गोल्ड मोदकम्, एक्जोटिका मोदकम्, खोया मोदकम्, नारियल मोदकम्, गुलाब नारियल मोदकम्, चॉकलेट मोदकम्, केसर मोदकम्, अंजीर मोदकम्, पिस्ता मोदकम्, काजू मोदकम्, बारादरी मोदकम्, मगदल मोदकम्, बेसन मेवा मोदकम्, मेवा लड्डू मोदकम्, बादाम आरेंज मोदकम् तथा मोतीचूर मोदकम् मुख्य हैं।

## ब्रह्म समाज ने सदस्यता अभियान चलाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की ओर से भाजपा के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित सभा में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस सभा में राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने भाजपा को मजबूत करने और राष्ट्रीय अस्मिता तथा सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी ने अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की एकता और देश की उन्नति के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सदस्यता अभियान के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की सामाजिक दायित्वों की पूर्ति की सराहना की। उन्होंने राम जन्मभूमि के दर्शन की महत्ता भी बताई। सदस्यता अभियान के प्रमुख के रूप में महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने अखिल भारतीय ब्रह्म समाज को धन्यवाद दिया।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शोधार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति और अन्य मुद्दों को लेकर शनिवार को छात्र संगठन लामबंद हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( एबीवीपी) और और संयुक्त छात्र मोर्चा संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। पूरे दिन प्रशासनिक भवन के पास छात्रों का प्रदर्शन चलता रहे। कोई वार्ता के लिए न आने से आक्रोशित एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के गेट पर ताला जड़ दिया। ऐसे में कुलपति, कुलसचिव व अन्य अधिकारी घंटों तक कार्यालय में बंद रहे। प्रशासनिक भवन के बाहर सुबह से शाम तक चले प्रदर्शन के बाद छात्र संगठनों की कुलपति से वार्ता कराई गई। इस पर कुलपति ने बायोमेट्रिक उपस्थिति के संबंध में निकाले आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए कमेटी गठन का आश्वासन दिया। इसके साथ ही अन्य मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। जिसके बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया।

प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने कहा कि संयुक्त छात्र मोर्चा की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन को दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बावजूद शोधार्थियों की मांगों पर कोई ठोस प्रतिक्रिया देने के बजाय प्रशासन ने दो विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति को लागू किया। शैक्षणिक स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए लोक प्रशासन और अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र विभाग में शोधार्थियों के लिए जबरन बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू कर दी है। एबीवीपी के इकाई मंत्री जतिन शुक्ला ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से 25 सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई। इसमें नेट के विद्यार्थियों को अन्य विवि की तर्ज पर फेलोशिप प्रदान करना प्रमुख रहा। सहमंत्री राजाराम कुशवाहा ने कहा कि पीएचडी अध्यादेश में सप्ताह में शोधार्थी को अधिकतम 10 घंटे विभाग में समय देने की बात है जबकि शोधार्थी को रोज विभाग में इतना समय देने के लिए बुलाया जाता है जो यूजीसी के नियमों का उल्लंघन है। प्रदर्शन करने वालों में प्रांत शोध संयोजक प्रियंका सिंह, जयव्रत राय, तान्या सिंह, अमन सिंह, अनुराग, क्षमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संयुक्त मोर्चा की तरफ धीरज यादव, प्रिंस प्रकाश, निखिल, तौकील गाजी, कांची सिंह, विशाल सिंह, शुभम खरवार समेत कई अन्य विद्यार्थियों ने पक्ष रखा।



प्रदर्शन के बाद कुलपति प्रो. आलोक राय को ज्ञापन देते शोधार्थी। अमृत विचार

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

- **एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के गेट में जड़ा ताला, बायोमेट्रिक उपस्थिति आदेश को किया गया स्थगित**



प्रशासनिक भवन के गेट पर प्रदर्शनकारियों ने जड़ा ताला।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें
प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है
प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है
प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है
प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है
प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है
प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है
प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है
प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े
प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### बाइक में लगी आग, सवार ने कूद कर बचाई जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृन्दावन योजना सेक्टर 9 में शनिवार को चलती बाइक में आग लग गई। चालक ने समय रहते उतर कर जान बचाई। बताया जा रहा है कि वृन्दावन योजना निवासी अतुल सिंह बाइक से दोपहर 2 बजे घर से निकला था। सेक्टर 9 के पास बाइक के इंजन से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। वह बाइक सड़क किनारे फेंक कूद गया। सूचना पर पहुंचे पीजीआई फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### युवक ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला थाना क्षेत्र में शनिवार को युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, बिहार नगर निवासी अमित कुमार (20) निजी कार्य करता था। शनिवार को एक दुकान में रस्सी खरीदकर फंदा लगा लिया। परिजन उसे आत्मघाती कदम उठाते देख आनन-फानन फंदे से उतार कर ट्रॉमा सेन्टर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पिता ने आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया है।

### चोर समझ कर ग्रामीणों ने क्राइम ब्रांच की टीम को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात ग्रामीणों द्वारा क्राइम ब्रांच की टीम को चोर समझ कर पीटने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर रामसिंह के मुताबिक, घटना ताराखेड़ा गांव की रात करीब 10 बजे की है। क्राइम ब्रांच की टीम एक आरोपी को पकड़ने पहुंची थी। ग्रामीणों ने टीम के सदस्यों को चोर समझ कर घेर कर पीट दिया। ग्रामीणों की जानकारी पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि विपिन कुमार ने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने साथियों को मुक्त कराया।

# ई-रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या

## पुलिस ने एक नामजद सहित कई संदिग्ध हिरासत में लिये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात ई-रिक्शा चालक को खदान के पास रंजिश में चाकू से गोद दिया गया। पुलिस ने घायल को ट्रॉमा सेंटर भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर एक नामजद सहित कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक, माल निवासी राजकुमार कश्यप का पुत्र ओमवीर (20) रहीम नगर डिडोली में फूफा मिश्री लाल के घर में रहकर ई-रिक्शा चलाता था। जबकि ओमवीर का बड़ा भाई बलबीर अन्ना मार्केट के

- मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र का मामला, माल निवासी था युवक

पास सब्जी का ठेला लगाता है। पिता ने बताया कि शुक्रवार रात 9:30 बजे ओमवीर खदान के पास ई-रिक्शा खड़ा करके घर जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवक चाकू से हमला कर उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ओमवीर को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया, सूफियान नामक युवक के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या का कारण अभी पता नहीं चला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**एक ही युवती से दोनों करते थे बात :** चर्चा है कि ओमवीर और सूफियान की दोस्ती एक ही युवती से थी। जिससे दोनों फोन पर बात करते थे। पुलिस के मुताबिक सूफियान ने ओमवीर को युवती से बात करने के लिए मना किया, लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। इस बात को लेकर दोनों के बीच शुक्रवार रात विवाद हुआ था।

### प्रार्थना-पत्र पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने का आरोप

पिता का कहना है कि घटना की सूचना पर बड़े बेटे बलवीर के साथ ट्रॉमा सेंटर पहुंचा। जहां से पुलिस उसे मड़ियांव थाने लेकर आ गई। आरोप है कि पुलिस ने जबरन प्रार्थना-पत्र देने का दबाव बनाया। अनपढ़ होने की बात कहने पर पुलिस ने लिखे प्रार्थना पत्र पर साइन करवा लिया। पीड़ित का कहना है कि एक युवक ओमवीर को नहीं मार सकता है। उसकी हत्या कई लोगों ने मिलकर की है।

### रातभर जबरन थाने में बैठाए रखने का आरोप

यह भी आरोप है कि पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर से थाने लाकर राजकुमार को शनिवार सुबह 6 बजे तक जबरदस्ती बैठाए रखा। पुलिस ने खुद तहरीर लिखकर उनका साइन करा लिया। इंस्पेक्टर ने आरोप निराधार बताया। कहा, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया जायेगा।

**ड्राइवर-कबाड़ी के अलावा तीसरा युवक कौन..**

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात ओमवीर और सूफियान के साथ एक और युवक लालाजी स्वीट वाली गली में दिखा था। इसके बाद ओमवीर और सूफियान में विवाद के बाद घटना हुई। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद सूफियान और युवक भाग गए। राहगीरों ने नाली में ओमवीर को खून से लथपथ देख मड़ियांव पुलिस को सूचना दी थी।

# यूपी टी-20 मैच में सट्टा लगवाते दो युवक पकड़े गये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना के इवेंट ऑफिसर की सतर्कता से सामने आया खेल
- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस आरोपियों से कर रही पूछताछ



**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में चल रही यूपी टी-20 लीग में बीते गुरुवार को काशी बनाम कानपुर के बीच हुए मैच में सट्टा लगवाते हुए दो युवकों को इवेंट ऑफिसर ने साथियों की मदद से पकड़ा। आरोपियों को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, सीतापुर के सिधौली निवासी इकाना स्टेडियम के इवेंट ऑफिसर हितेश शुक्ल ने बताया गुरुवार को मैच के दौरान दो युवक लगातार मोबाइल पर अपडेट का कार्य कर रहे थे। संदेह होने पर हितेश ने साथी तिलक और अनुभव के साथ युवकों से पूछताछ कर उनके मोबाइल देखें तो पता चला कि ऑनलाइन बैटिंग की जा रही है। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने आरोपियों से पूछताछ की तो पहचान कानपुर शांति नगर निवासी अक्षय गुप्ता और संजय नगर निवासी नरेंद्र गंगवार के तौर पर हुई है। दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं।

**एप से करा रहे थे बैटिंग**

पुलिस के मुताबिक, मोबाइल फोन में ola bet site और unicon365.com एप लोड थे। आरोपियों ने बताया कि इन एप से बैटिंग कराते हैं। इच्छुक लोगों से टेलीग्राम के जरिए सम्पर्क होता है। अक्षय के अनुसार, स्टेडियम में बैठ कर वह लोग साथियों को मोबाइल से ही अपडेट भेजते हैं। जिससे हर गेंद पर लगने वाले सट्टे का भाव तय होता है।

### ई-वॉलेट से ट्रांसफर किए जाते रुपये

आरोपियों ने बताया, सट्टेबाजों द्वारा लोगों को ट्रांजेक्शन के लिए क्यूआर कोड भेजा जाता है। इसके जरिए ई-वॉलेट से रुपये ट्रांसफर होते हैं। यह भी पता चला कि हर मैच के लिए टेलीग्राम पर नया चैनल बनाया जाता है। जो मैच से करीब एक घंटे पहले लाइव होता है। इसके बाद सट्टा लगना शुरू हो जाता है। संचालक लिंक के जरिये से सट्टा खेलने वालों से जुड़ता है।

### लाइव स्ट्रीमिंग में देरी का उठाते हैं फायदा

लीग का लाइव टेलीकॉस्ट जियो सिनेमा पर हो रहा है। अक्षय ने बताया कि स्टेडियम में 5वीं बॉल फेंके जाने पर ऑनलाइन चौथी गेंद दिखाई जाती है। एक बाल के अंतर से सट्टे में बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसलिए अक्षय व साथी स्टेडियम से सट्टा लगवाते हैं। पुलिस गिरोह में जुड़े अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। अंदेशा है कि आईपीएल में भी अक्षय व नरेंद्र ने सट्टा लगवाया होगा।

# शोरूम में कार खरीदने पहुंचा फर्जी दरोगा, काले जूतों से खुली पोल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खाकी वर्दी और कंधे पर लगे थे स्टार, पुलिस के सवालों में फंसा
- आरोपी के पास से फर्जी आई कार्ड समेत अन्य कागजात मिले

**अमृत विचार :** चिनहट पुलिस ने अयोध्या रोड मटियारी चौराहे से शनिवार को बहराइच निवासी फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने सिपाही दोस्त की वर्दी पहनकर, कंधे पर स्टार लगा कार खरीदने जा रहा था, लेकिन जूते काले ही पहने था। बाजू पर फित्ती नहीं लगी थी। यह देख चौकी इंचार्ज जावेद के सामने जालसाज की पोल खुल गई।

एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बहराइच के राम गांव निवासी सोमिल सिंह के रूप में हुई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि कैंट थाने में उसका एक मित्र सिपाही है। उसकी वर्दी चुपके से उठा लाया था। चारबाग से सुनहरे रंग के स्टार खरीद कर कंधे पर लगाकर दरोगा बन गया। जूते उसके पास काले थे, तो उसने वही पहन लिए। सोमिल के मुताबिक, उसे क्रेटा कार खरीदनी थी। उसने सोचा था कि वर्दी पहनकर शोरूम में जाएगा तो कर्मचारियों को रौब में लेकर रुपये कम करा लेगा। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कैंट थाने के सिपाही को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### पकड़े जाने पर बोला बाराबंकी में है तैनात

चौकी इंचार्ज जावेद ने बताया कि सोमिल को रोका गया तो घबरा गया। पूछा कि कहां तैनात है, तो बताया बाराबंकी में है। वहां किस थाने पर है, इस सवाल का जवाब नहीं दे सका। इसके बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की गई। तब सच्चाई सामने आई है। बताया कि दरोगा बनने के लिए वर्दी तो चुरा ली, लेकिन ब्राउन जूते न खरीद सका। बताया कि काले जूते सिपाही पहनते हैं। दरोगा या उससे ऊपर का अधिकारी ब्राउन जूते पहनते हैं। इसी के चलते पकड़ा गया।

# पत्नी ने पिता व भाई के साथ पति को पीटा, कपड़े फाड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग कोतवाली में पत्नी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र में मेडिएशन सेंटर में काउंसलर के सामने पत्नी ने पिता व भाई के साथ मिलकर पति को जमकर पीटा। कपड़े फाड़कर रुपये व चेन लूट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के मुताबिक, बाराबंकी के शरीफाबाद निवासी दिलीप ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया, उसका विवाह शरदाखंड निवासी कामना से हुआ था। विवाह के बाद से ही उसने विवाद शुरू कर दिया था। मामला थाने तक पहुंच गया। पुलिस ने सुलह समझौते के लिए दोनों पक्षों को शुक्रवार को मेडिएशन सेंटर बुलाया था। सेंटर में करीब 3:30 बजे पत्नी, ससुर व अन्य लोगों ने दिलीप से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी समेत अन्य ने मिलकर उसके कपड़े फाड़ दिये। इसके अलावा 4 हजार रुपये, चेन, पर्स और एटीएम कार्ड लूट लिया। पूरा वाकया काउंसलर आरती के सामने हुआ। इंस्पेक्टर ने बताया पत्नी कामना, ससुर रामशंकर और साले मंगेश के खिलाफ मारपीट व लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# आयुक्त व सचिव राजस्व को हाईकोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पूछा, अवमानना के लिए क्यों न किया जाए दंडित
- आदेश के बावजूद प्रोन्नति रोकने का आरोप

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक राजस्व निरीक्षक को नायब तहसीलदार के पद पर तदर्थ प्रोन्नति देने के आदेश का कथित अनुपालन न करने पर आयुक्त व सचिव, राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिआ को तलब किया है। न्यायालय ने मनीषा त्रिघाटिआ को हाजिर होकर जवाब देने को कहा है कि उन्हें कोर्ट के आदेश की अवमानना के लिए क्यों न दंडित किया जाए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को करेगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने जितेंद्र कुमार सिंह की अवमानना याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके खिलाफ कुछ आरोपों को लेकर विभागीय जांच हुई थी, हालांकि जांच में उसके खिलाफ कोई तथ्य न पाए जाने के बाद उसे सिर्फ चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन बाद में जिलाधिकारी, लखनऊ ने अपने ही आदेश पर पुनर्विचार करते हुए, याची को मेजर पेनाल्टी देते हुए, उसके वेतनमान को घटा दिया। इस दौरान याची की प्रोन्नति पर भी यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा विचार किया जा रहा था। याची ने जिलाधिकारी के मेजर पेनाल्टी के आदेश को हाईकोर्ट में रिट के माध्यम से चुनौती दी जिस पर रिट कोर्ट ने जिलाधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी व याची को तदर्थ प्रोन्नति देने का आदेश दिया। आरोप है कि बावजूद उक्त आदेश के आयुक्त व सचिव, राजस्व द्वारा याची को तदर्थ प्रोन्नति नहीं दी गई, उल्टा आयोग को कई बार पत्राचार करते हुए, उसकी प्रोन्नति पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया। वहीं, आयोग ने भी प्रोन्नति पर पुनर्विचार के अनुरोध को खारिज कर दिया। आरोप है कि इसके बावजूद याची को तदर्थ या नियमित प्रोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया है।

### नशे में धुत युवक ने दरोगा पर किया हमला, भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शनिवार को पूर्वी जोन का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक दरोगा को थप्पड़ मारते हुए दिख रहा है। पुलिस ने वीडियो की जांच की। पता चला कि वीडियो बीबीडी थाना क्षेत्र के सलारगंज क्षेत्र का है। बीबीडी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि 5 सितंबर को दरोगा श्रेयश पाण्डेय, सुमित शर्मा के साथ आईजीआरएस के मामले में सलारगंज गांव गए थे। जहां पर श्रेयश दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता कर रहे थे। इसी दौरान हैदरगढ़ निवासी आशीष विश्वकर्मा शराब के नशे में धुत होकर उनसे अभद्रता कर मारपीट करने लगा। मामले में दरोगा के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई थी।

# बच्चों ने जाने यूपी 112 की मदद पहुंचाने संबंधी तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉयल यूपी-112 के तत्वाधान में शनिवार को शहीदपथ स्थित मुख्यालय में जन-जागरुकता अभियान 'एक पहल' के तहत स्कूलों के बच्चों से संवाद किया गया। बच्चों ने यूपी-112 की सेवाओं और उपयोग कब व कैसे करना है, जाना। यूपी-112 जनता से सीधे जुड़ने को लेकर 'संवाद श्रृंखला' कार्यक्रम शहर से लेकर गांव तक आयोजित होगा। ताकि लोग 112 की सेवाएं ले सकें।

एडीजी यूपी-112 नीरा रावत ने बताया कि कार्यक्रम से बच्चों को दूसरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सभी आसपास की गतिविधियों पर नजर रख न सिर्फ सजग व सतर्क



शहीद पथ स्थित मुख्यालय में जन-जागरुकता अभियान 'एक पहल' के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चे।

- 'एक पहल' अभियान के अंतर्गत शुरू हुई संवाद श्रृंखला
- दूसरों की मदद कर सामाजिक जिम्मेदारी से परिचित हुए बच्चे

नागरिक होने का परिचय देते हैं, बल्कि किसी घटना या संदिग्ध की समय से सूचना देकर बड़ा अपराध होने से रोककर, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान कर सकते हैं। 12 अगस्त 2024 से शुरू 'एक पहल' अभियान के तहत किसी व्यक्ति द्वारा दूसरे की मदद के लिए की गई कॉल पर अभी तक 112 ने 20,625 नागरिकों तक मदद पहुंचाई है। इसमें से 95 मामलों में 112 की पीआरवी ने मौके पर पहुंच जीवन रक्षण का कार्य किया है। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक शहाब रशीद खान, उप महानिरीक्षक टेलीकाम एसपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद पांडेय, मोहिनी पाठक, दिनेश पुरी, अनिल, शैलेश मौर्य, करुणा शंकर सिंह समेत अन्य रहे।

### जालसाज ने झांसे में लेकर पूछा ओटीपी, पार किए 47 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला को झांसे में लेकर जालसाज ने 47 हजार की ऑनलाइन खरीदारी कर डाली। इंस्पेक्टर सुनील सिंह के मुताबिक, केशव भवन निवासी साक्षी बत्रा ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया, उसके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से काल आई। उधर से बोल रहे व्यक्ति ने खुद को मैत्रा का कर्मी बताया। कहा कि साक्षी के नाम से सामान का आर्डर है, कैंसिल करवाना है तो मोबाइल नंबर पर भेजा जा रहा ओटीपी बताएं। झांसे में आकर पीड़िता ने मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी बता दिया। साक्षी का कहना है कि तीन दिन बाद उनको मेल मिला। जिससे पता चला कि उसके नाम से मैत्रा में 47 हजार की खरीदारी कर ली है। बैंक से संपर्क किया तो जालसाजी का पता चला। इंस्पेक्टर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# दंपति ने कर्ज अदा किए बिना बेच दिया मकान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर कोतवाली में दम्पति के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपियों ने मकान के कागज लगा कर बैंक से लोन कराया था। जिसे अदा किए बिना ही मकान बेच दिया। जालसाजी का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, बिहार के भोजपुर निवासी जय प्रकाश गुप्ता ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया 11 सितंबर 2018 में सरोजनीनगर के जनकपुरी निवासी नीलम अवस्थी और उसके पति अजय से साढ़े पांच लाख में मकान खरीदा था। आरोपियों ने जय प्रकाश के नाम मकान का बैनामा कर दिया था। 21 अगस्त को परिचित श्रीधर मिश्र ने जय प्रकाश को फोन कर बताया कि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से कर्मचारी आया है। उसने बताया कि मकान पर लोन है। यह बात सुन कर जय प्रकाश अचम्भित रह गए। वह बिहार से लखनऊ पहुंचे। बैंक में सम्पर्क करने पर पता चला कि दोनों ने मकान गिरवी रख कर लोन कराया था। जिसकी किस्तें अदा नहीं हैं। इस बीच, दम्पति ने मकान का सौदा मालती देवी से कर और रुपये ले लिए थे। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ससुराल में फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**अमृत विचार, नगराम :** नगराम कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुये पति समेत 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बाराबंकी जिले के लोनी कटरा शुभा गांव निवासी पिता राकेश रावत ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया बेटी काजल (23) की शादी वर्ष 2021 में हरदोइया के दोरिया निवासी सर्वेश के साथ की थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर अक्सर काजल को मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। शनिवार को सर्वेश ने राकेश को काजल के फंदा लगाने की जानकारी फोन पर दी। इंस्पेक्टर ने बताया पति सर्वेश, ससुर सर्वजीत, सास विमला, जेठ सर्वजीत, रंजीत, जेठानी रेनू व देवर साजन को नामजद किया गया है। सास विमला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## सार-संक्षेप

### छात्र का शव फंदे से लटका मिला, हत्या का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार कोतवाली क्षेत्र में पॉलिटेक्निक छात्र का शव कमरे में संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। वह छह दिन से घर में अकेला था। शुक्रवार सुबह दोस्त घर पहुंचा तब घटना पता चली। पिता ने अज्ञात पर बेटे की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताते हुए छात्र का मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः मिर्जापुर जिले के चुनार निवासी जगदीश नारायण शर्मा कई वर्षों से परिवार के साथ खरगापुर के सरस्वतीपुरम स्थित मकान के चौथे माले पर किराये पर रहते हैं। जगदीश ने बताया छोटा बेटा प्रणव (35) चंदौली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। 30 अगस्त को वह पत्नी और बड़े बेटे पंकज के साथ चुनार चले गए थे। खरगापुर में प्रणव अकेले था। 4 सितंबर की शाम प्रणव से फोन पर बात हुई थी। शुक्रवार को एक दोस्त कमरे पर पर पहुंचा तो प्रणव का शव पंखे के कुंडे में फंदे से लटका मिला। शोर मचाने पर आसपास के अन्य किरायेदार मौके पर पहुंच गए। दोस्त ने घटना की सूचना जगदीश का फोन पर दी। वह परिवार के साथ आनन-फानन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बेटे की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि बेटे के पैर जमीन से छू रहे थे। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक, शुरुआती जांच आत्महत्या प्रतीत हो रही है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही परिवार वालों किसी पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना-पत्र दिया है। प्रणव का मोबाइल कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दरोगा पर टेंपो चालक ने लगाया पिटाई का आरोप, एसपी ने शुरू की जांच

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाने में तैनात दरोगा पर वसूली का दबाव बनाने के लिए पीटने का टेंपो चालक ने आरोप लगाया है। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों ने एसीपी कृष्णानगर को जांच सौंपी है। बिजनौर क्षेत्र के कंकड़ कुआं मोहल्ला निवासी रामचंद्र रावत ने थाने के दरोगा समेत अन्य पर लात घूसों से पीटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि शुक्रवार रात सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र गेट नंबर-3 के पास टेंपो सड़क किनारे खड़ा कर सवारियां उतार रहा था। तभी दरोगा गजय ने टेंपो आगे बढ़ाने को कहा। चालक का कहना है कि सवारियां उतार रहा था, इस वजह से नहीं बढ़ा पाया। इससे गुस्साए दरोगा ने टेंपो से खींचकर लात घूसों से मारने पीट दिया। आरोप है कि उक्त दरोगा आए दिन टेंपो चलाने के नाम पर वसूली का दबाव बनाता है। पीड़ित ने कहा, है कि दरोगा द्वारा चेहरे पर घूंसा मारने से उसकी एक आंख की रोशनी चली गई है। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा का कहना है कि टेंपो चालक ने जिन दरोगा पर आरोप लगाया है, उनको उसके सामने लाया गया, लेकिन चालक ने उनको पहचानने से मना कर दिया। घटना का वायरल वीडियो संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों ने जांच एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी को सौंपी है।

### जंगल में संदिग्ध हालात में मिला अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने हत्या कर शव फेंकने की भी आशंका जताई है। इंस्पेक्टर ब्रिजेन्द्र सिंह के मुताबिक, खटोला प्रधान ने सुबह जंगल में अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव कब्जे में लेकर घटना स्थल की जांच की। शव के पास कीटनाशक और शराब का पाउच बरामद हुआ। आशंका है कि युवक ने कीटनाशक और शराब पीकर आत्महत्या की है। इंस्पेक्टर ने शव एक सप्ताह पुराना प्रतीत होना बताया है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया पहचान के लिए शव मोर्च्युरी में रखवाया है। आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है।

# डीएम ने सदर तहसील में सुनीं समस्याएं, 28 प्रकरण निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच तहसीलों में समाधान दिवस में 130 प्रकरणों का मौके पर हुआ निस्तारण
- प्रकरणों के सत्यापन के लिए फोन करके लिया फीडबैक

**अमृत विचार :** पांच तहसीलों में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में आए 624 में से 130 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। 61 में से 28 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराएं। निस्तारण में लापरवाही की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले जिलाधिकारी ने पिछले तहसील समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के सत्यापन के लिए शिकायतकर्ताओं से फोन करके फीडबैक लिया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व राकेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील सदर अंकित शुक्ला, तहसीलदार सदर, पुलिस, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सदर तहसील में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

**मोहनलालगंज में 29 प्रकरण निस्तारित :** जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस में प्राप्त 182 में से 29 प्रकरण मौके पर निस्तारित हुए। सरोजनीनगर तहसील में 114 में से 15, बीकेटी में 177 में से 44, मलिहाबाद में 90 में से 14 और सदर तहसील समाधान दिवस में 61 में 28 प्रकरण निस्तारित किए गए। उन्होंने बताया कि समाधान दिवसों में पुलिस 88, राजस्व व पुलिस संयुक्त 10, राजस्व 304, विकास 48, शिक्षा 4, समाज कल्याण 22, चिकित्सा 1 तथा 147 अन्य प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# सेवानिवृत्त आईएएस की बेटी और शिक्षिका से 6.72 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त आईएएस और परिषदीय स्कूल की शिक्षिका को झांसे में लेकर 6.72 लाख बैंक खातों से ट्रांसफर कर लिये। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने गोमतीनगर और मोहनलालगंज कोतवली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक, विशाल खंड निवासी सेवानिवृत्त आईएएस राम कुमार की बेटी कूहू के मोबाइल फोन पर बुधवार को अनजान नंबर से काल आई थी। फोनकर्ता ने खुद को उनके पिता का परिचित बताया। कहा कि आपके पिता को कुछ रकम ट्रांसफर करनी है, जो यूपीआई की समस्या से नहीं हो पा रही है। तुम अपनी यूपीआई आईडी दो, जिस पर रुपये ट्रांसफर कर दूंगा। झांसे में आकर कूहू ने आरोपी को अपनी आईडी दे दी। कुछ देर बाद आरोपी ने कहा कि एक लाख रुपये अधिक भेज दिये हैं। जो वापस कर दो। झांसे में आई कूहू ने जब रुपये ट्रांसफर कर दिये तो ठगी का पता चला। उधर, मोहनलालगंज निवासी शिक्षिका विभा मौर्य ने 29 अगस्त को ओला बुक की थी। स्कूल पहुंचने पर चालक ने अधिक किराया ले लिया था। रिफंड के लिए उन्होंने गूगल पर दिए गए ओला के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की। आरोप है कि जालसाज ने बातों में फंसा कर बैंक खाते की डिटेल हासिल कर 5.72 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये।

## एक नजर

### अभ्यास के दौरान लगने वाली चोटों के प्रति खिलाड़ियों को किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान चोटिल होने का खतरा बना रहता है। एक बार चोटिल होने के बाद खेल की दुनिया में वापसी आसान नहीं होती है। ऐसे में खिलाड़ियों को उन चोटों के प्रति सजग रहना होगा, जो अभ्यास के दौरान लगती है। खिलाड़ियों को चोट के प्रति जागरूक करने को सेमिनार का आयोजन शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। क्षेत्रीय खेल कार्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य की देखरेख में आयोजित इस सेमिनार में चोटों के प्रकार और उनसे बचने के उपायों की जानकारी विस्तार से दी गई। सेमिनार में आर्थोपेडिक सर्जन और स्पोर्ट्स मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. पुलक शर्मा ने खेल चोटों से निपटने के तरीके बताये। चोट के कारणों के साथ प्रभावी प्रबंधन और उससे उबरने के बारे में बताया।

### मैकफेयर इंटरनेशनल में दिखा विज्ञान, गणित एवं कला का अद्भुत संगम

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल महानगर कैम्पस के तत्वावधान में सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किये जा रहे चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर फेस्टिवल मैकफेयर इन्टरनेशनल के दूसरे दिन शनिवार को देश-विदेश से आये छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया। भूटान, श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न प्रान्तों के प्रतिष्ठित विद्यालयों से आयी छात्र टीमों ने वाद-विवाद, साइंस क्विज, ग्रुप डिस्कशन, वाद-विवाद, साइंस कैरेक्टर स्पीक, साइंस ओलम्पियाड, पॉवर प्वाइंट, मैक-रोबो रेस, साइंस ड्रामा, साइंस मॉड्यूल डिस्प्ले, मैथ्स क्विज एवं साइंस फिक्शन राइटिंग प्रतियोगिताओं में अपने ज्ञान-विज्ञान व वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, साथ ही विज्ञान, कम्प्यूटर, गणित, अंग्रेजी और कला के अद्भुद संगम देखने को मिला।

# अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में प्रदेश के आठ खिलाड़ी दिखाएंगे दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ओलंपिक संघ सभागार में सम्मानित किए गए भारतीय टीम में शामिल प्रदेश के आठ खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ **उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप किक बाक्सिंग का आयोजन 24 से 29 सितंबर तक होगा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के आठ खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप और वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय किक बाक्सिंग टीम में कर लिया गया है। इन प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले इन खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश के इन खिलाड़ियों के पदक जीतने की कामना की। इस अवसर पर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविंद शेरवालिया, उपाध्यक्ष सुशीम बाजपेयी, कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक, सहसचिव निलेश यादव व अभिषेक मौर्य, मोहम्मद नदीम ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

एसोसिएशन के महासचिव अरविंद शेरवालिया ने बताया कि उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप किक बाक्सिंग का आयोजन 24 से 29 सितंबर तक होगा। वहीं एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप कंबोडिया में 6 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि यूपी की रिंका सिंह महिला 70 किग्रा से कम भार वर्ग एवं अंश मकोरवाल पुरुष 89 किग्रा से कम भार वर्ग में दोनों ही प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए है। इसके अलावा उजबेकिस्तान वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में कार्तिक संगवान का 47 किग्रा से कम भार वर्ग व सनी सिंह का 60 किग्रा से कम भार वर्ग में चयन हुआ है।

वहीं एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में आदित्य मकोरवाल 57 किग्रा से कम भार वर्ग, शुभम निर्वल 91 किग्रा से अधिक भार वर्ग, आदित्य भाल 69 किग्रा से कम भार वर्ग व मून सरीन महिला 60 किग्रा से कम भार वर्ग में चयनित हुए है।

## सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए स्पेशल राउंड शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध सरकारी और एडेड संस्थानों में बीटेक, बीआर्क, एमबीए और एमसीए की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए स्पेशल राउंड की काउंसिलिंग शनिवार से शुरू हो गई। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि च्वॉइस फिलिंग 8, 9 एवं 10 सितंबर तक होगी। परिणाम 11 सितंबर को जारी किया जाएगा। पिछले साल की तुलना में इस बार कम सीटें ही बची हैं।

# कानपुर सुपर स्टार्स ने नोएडा किंग्स को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कानपुर के बल्लेबाज ने खेली शानदार पारी।


**यूपी टी-20 लीग :** विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते कानपुर सुपर स्टार्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी टी-20 लीग में शनिवार को कानपुर सुपरस्टार्स ने नोएडा किंग्स पर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की। कानपुर के 119 रन के जवाब में नोएडा की टीम 117 रनों का सफर ही तय कर सकी।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर के बल्लेबाजों की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 31 रन के योग पर शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाज पवेलियन पहुंच गये। मध्यक्रम में कप्तान समीर रिजवी एक बार फिर टीम के लिए संकटमोचक साबित हुए। उन्होंने आतिशी बल्लेबाजी की और 38 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाए। मोहसिन खान ने नाबाद 19 रन बनाए। कानपुर सुपरस्टार्स ने सात विकेट खोकर 119 रन बनाए। नोएडा की ओर से मोहम्मद शोएब ने दो विकेट लिए।

जवाब में नोएडा किंग्स की टीम ने भी शुरुआती दो विकेट मात्र 21 रन के योग पर खो दिए। टीम को आखिरी ओवर में छह रन बनाने थे। कप्तान ने भरोसमंद गेंदबाज को यह जिम्मेदारी दी। गेंदबाज विनीत पवार ने कमाल का प्रदर्शन किया। पहली गेंद पर पीयूष चावला (17) को बोल्ड करके नोएडा को करारा झटका दिया। आखिरी गेंद पर कार्तिक यादव (2) रन आउट हो गए। इस तरह नोएडा की टीम 9 विकेट खोकर 117 रन बना सकी और दो रन से उसे हार का सामना करना पड़ा। कानपुर से मुकेश कुमार ने तीन और मैन ऑफ द मैच विनीत पंवार ने दो विकेट झटके। नोएडा से हर्षित सेठी ने सबसे अधिक 30 रन बनाए।

## प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव की जयन्ती पर सजी महफिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **संगीत की मलिका को सुरों की श्रद्धांजलि**

**अमृत विचारः** संगीत की मलिका प्रो. कमला श्रीवास्तव को सुरों की श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को उनकी 93वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में लोक संगीत के साथ साथ विभिन्न शास्त्रीय रागों में निबद्ध रचनाओं की संगीतबद्ध प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के अन्तर्गत वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह, वरिष्ठ लोक गायिका पद्मा गिडवानी, लोकविद डॉ. रामबहादुर मिश्र, जीतेश श्रीवास्तव, विनीत सिन्हा व सुधा द्विवेदी ने प्रो. कमला श्रीवास्तव पर विचार रखे। पद्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह ने कहा कि प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव लोक एवं शास्त्रीय-उपशास्त्रीय संगीत की गायिका, शिक्षिका, गीतकार और गुरु के साथ ही जीवन के अंतिम वर्षों तक सक्रिय और उत्साही रहीं। उन्होंने अपना जीवन संगीत में डूबकर जिया। वे पुराने और नए संगीतकारों के बीच सेतु थीं। प्रो. कमला की छोटी बहन एवं सेवानिवृत प्राचार्य विनीत सिन्हा ने उनसे जुड़े संस्मरण सुनाये। लोकविद डॉ. रामबहादुर मिश्र ने उन्हें अवध और अवधी लोक संस्कृति का मजबूत स्तम्भ बताया। इस अवसर पर आभा शुक्ला, निवेदिता भट्टाचार्य, हेमलता त्रिपाठी, डॉ.एस.के.गोपाल, गीतकार सौरभ कमल, गौरव गुप्ता, कैप्टन प्रखर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# मलेशियाई कोच ने खिलाड़ियों को दी ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


दो दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती कोच उमा।

**अमृत विचार :** एडवांस तकनीक, खेलने की रणनीति व काम्बिनेशन के साथ विशेष बारीकियों की ट्रेनिंग यूपी के कराटे खिलाड़ियों को शनिवार को विशेष प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन दी गई। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर, लखनऊ कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में में दो दिवसीय शिविर की शुरुआत शनिवार को हो गई। इस दौरान मलेशिया से आई अंतरराष्ट्रीय कोच सेंसेई उमा ने खिलाड़ियों को सुबह व शाम के सत्र में कड़ा अभ्यास कराया।

आज मलेशियाई कोच सेंसेई उमा का स्वागत मुख्य अतिथि इंजी. योगेश कुमार (निदेशक-कामर्शियल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) एवं विशिष्ट अतिथि गण सुधीर हलवासिया (मंत्री, अग्रवाल शिक्षा संस्थान), आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. डीके सिंह, सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल व राजू गांधी (पूर्व पार्षद) ने किया। इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया, महासचिव जसपाल सिंह और समाजसेवी संजय बंसल व अन्य मौजूद रहे।

उमा ने कहा कि यूपी के खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली है लेकिन तकनीक के साथ उनमे फिटनेस के लेवल पर सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में वह खिलाड़ियों को खेलने की रणनीति, एडवांस काम्बिनेशन, टेक डाउन तकनीक व कुमिते काम्बिनेशन की ट्रेनिंग दे रही है। इससे उन्हें आने वाले टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन में काफी सहायता मिलेगी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि हम निकट भविष्य में भी दिग्गज प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए बुलवाएंगे। यूपी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए खुद को तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि इस कैंप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ी नेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके है जिनमें कई राष्ट्रीय पदक विजेता व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी है।

# साई शक्ति बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **प्रथम राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप**

**अमृत विचार :** साई शक्ति के खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए नार्थ जोन को एक तरफा मुकाबले में 5-1 से हराया और प्रथम राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में साई बाल टीम ने ईस्ट जोन को 6-4 से हरा दिया। खेलमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मौके पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, ओलंपियन सैयद अली, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजना गुप्ता, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी, उपक्रीड़ाधिकारी रंजीत राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में फाइनल में नॉर्थ जोन का सामना साई शक्ति से हुआ। साई के खिलाड़ियों ने शुरुआत से दमदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम कर लिया। इस दौरान नॉर्थ जोन के खिलाड़ियों ने रक्षात्मक रुख अपना लिया और लेकिन साई शक्ति के खिलाड़ियों को रोक नहीं सके। टीम से अंशू मौर्या और सचिन ने बेहतरीन स्किल का प्रदर्शन किया और दो-दो गोल दागे। शिवम पटेल एक गोल करने में सफल रहे।

## सार-संक्षेप



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते यूनियन बैंक के अधिकारी।

### यू जीनियस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों में आत्म विश्वास तथा बौद्धिक क्षमता का विकास करने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर यू जीनियस 3 .0 ( क्विज) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा कई चरणों में आयोजित की जा रही है। शहर में यह आयोजन शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में किया गया। प्रतिस्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के कक्षा 8 से 12 तक के 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा से सिटी फाइनलिस्ट का चयन किया गया और उन्हें ट्रॉफी एवं भागीदारी तथा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सिटी फाईनलिस्ट वाराणसी में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली 'सेमी फाइनल' और विजेता टीम मुंबई में फाइनल प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। साथ ही सिटी प्रीलिम्स में प्रतिभागिता करने वालों को भी भागीदारी और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंचल प्रमुख राजेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख मारकंडेय यादव तथा बैंक के कई अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।


कार्यक्रम में शामिल फीजियोथेरेपिस्ट। अमृत विचार

### चिकित्सा क्षेत्र में फिजियोथेरेपी का विशेष महत्त्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व फीजियोथेरेपी दिवस के पूर्व संध्या पर शनिवार को केजीएमयू में फीजियोथेरेपी से इलाज की आधुनिक विधाओं व उच्चीकरण के संबंध में चर्चा हुई। फीजियोथेरेपी की अत्याधुनिक विधाओं तथा एडवांसमेन्ट पर डॉ. अरविन्द सोनकर ने विस्तृत रूप से चर्चा की। समारोह में प्रोविंशियल फीजियोथेरेपी एसोशिएसन के अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने आधुनिक परिवेश में चिकित्सा क्षेत्र में फीजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज यह विधा चिकित्सा के हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता को सिद्ध कर चुकी है। समारोह में केक काट कर फीजियोथेरेपी दिवस मनाया गया। जिसमें मंसूर, मनमोहन, प्रणय सिंह, रविन्द्र गौतम, श्रद्धा वर्मा, हर्षिका श्रीवास्तव, आकांक्षा आदि फीजियोथेरेपिस्ट ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।


केक काटते मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, एलडीएम मनीष पाठक। अमृत विचार

### बैंक ऑफ इंडिया का 119वां स्थापना दिवस मनाया गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ इंडिया की सर्वोदय नगर शाखा की ओर से अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के तत्वावधान में विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन की उपस्थिति में बैंक का 119वां स्थापना दिवस ग्राहकों की मौजूदगी के बीच मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में ऋण जमा अनुपात के क्षेत्र में जनपद में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एवं प्राथमिकता क्षेत्र के जरिये लाभार्थियों को सरकार की मंशा के अनुरूप विभिन्न रोजगार परक कार्यक्रमों के अंतर्गत अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक एवं सर्वोदय नगर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तथा केक काटकर बैंक के स्थापना दिवस के कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

## छायाकार के निधन पर आयोजित हुई शोक सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** छायाकार विजय कुमार 'पिंटू' के निधन पर शनिवार को यूपी प्रेस क्लब में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में शामिल पत्रकार और छायाकार साथियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखनऊ अध्यक्ष और पूर्व सचिव शिव शरण सिंह ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से आर्थिक मदद के लिए प्रयास करने की बात कही। सभा में उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, सचिव भारत सिंह उपस्थित रहे।

# अनामिका, विश्वनाथ ने दूसरे दिन भी जीते स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुरुष 4 गुणे 200 मीटर फ्री स्टाइल में जीतने वाले लखनऊ जोन के खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** लखनऊ जोन की अनामिका साहनी व विश्वनाथ साहनी ने 62वीं यूपी पुलिस वार्षिक तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी स्वर्णिम सफलता हासिल की।

35वीं वाहिनी पीएसी महानगर स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल में आयोजित प्रतियोगिता में शनिवार को अनामिका साहनी ने महिला 200 मीटर बटरफ्लाई में एवं विश्वनाथ साहनी ने पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई में पहला स्थान हासिल किया। दूसरी ओर प्रयागराज जोन की मुस्कान पटेल ने भी आज स्वर्ण पदक जीता। अनामिका साहनी, विश्वनाथ साहनी व मुस्कान पटेल ने प्रतियोगिता के पहले दिन भी स्वर्ण पदक जीते थे।

दूसरे दिन हुई स्पर्धाओं में महिला 100 मीटर बैक स्ट्रोक में प्रयागराज जोन की मुस्कान पटेल ने स्वर्ण व व नैन्सी पटेल ने रजत जीता। कानपुर जोन की खुशबू को कांस्य पदक मिला।

महिला 200 मीटर फ्री स्टाइल में प्रयागराज जोन की वंदना साहनी ने स्वर्ण व नैन्सी पटेल ने रजत पदक जीता।

पुरुष 10 मीटर हाई बोर्ड डाइविंग में कानपुर जोन के शुभम मिश्रा ने स्वर्ण, प्रयागराज जोन के कमल कुमार साहनी ने रजत व लखनऊ जोन के सुनील निषाद ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में मेरठ जोन के रोहित शर्मा ने स्वर्ण, लखनऊ जोन के सूरज चौहानने रजत एवं कानपुर जोन के तुषार राय ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 200 मीटर फ्री स्टाइल में लखनऊ जोन के अवध नरेश यादव ने स्वर्ण, मेरठ जोन के हर्षित निर्वान ने रजत व पीएसी पूर्वी जोन के सूरजकान्त ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई में लखनऊ जोन के विश्वनाथ साहनी ने स्वर्ण व रामप्रकाश राणा ने रजत जतबकि पीएसी पश्चिमी जोन के अनिल सिंह ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 100 मीटर बैक स्ट्रोक में लखनऊ जोन के अवध नरेश यादव ने स्वर्ण, पीएसी पूर्वी जोन के ऋषभ पाठक ने रजत एवं गोरखपुर जोन के दुर्गेश शर्मा ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 4 गुणे 200 मीटर फ्री स्टाइल रिले में लखनऊ जोन ने स्वर्ण, मेरठ जोन ने रजत एवं पीएसी पूर्वी जोन ने कांस्य पदक जीता।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम का कला कार्यशाला से समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछले तीन दिनों से वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय टैगोर मार्ग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में वास्तुकला के प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। संस्था के कला मूर्तिकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि इस श्रृंखला में शनिवार को कला कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें टेराकोटा प्लेट पर पेंटिंग, क्यूब आर्ट और मिनिमल आर्ट जैसे तीन विधाओं में कार्यशाला हुई। कला शिक्षक विषय विशेषज्ञ के रूप में गिरीश पांडेय, धीरज यादव, रत्नप्रिया और शुभा त्रिपाठी ने तीनों माध्यमों में छात्रों को जानकारी दी।


पाठ्य सामग्री लेने के लिए बीएनलाल वोकेशनल इंटर कॉलेज में एकत्रित बच्चे। अमृत विचार

# पाठ्य सामग्री पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आलमबाग स्थित बीएनलाल वोकेशनल इंटर कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं को यूनीफार्म, बैग और किताबें दी गईं। हाईकोर्ट लखनऊ पीठ की न्यायमूर्ति संगीता चन्द्रा और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने बच्चों को सामग्री वितरित की। पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सहयोग समाज संस्था के संस्थापक व विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि गरीब परिवार के छात्र-छात्राओं को हर वर्ष मदद की जाती है। विद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक असीम श्रीवास्तव, उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि बहुत से बच्चों के अभिभावक किताबें, बैग व यूनीफार्म खरीदने में सक्षम नहीं है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार वर्मा, अक्षय अस्थाना, सत्य प्रकाश, तृप्ति सिंह मौजूद रहे।

# कवि कुंभ में बही काव्य सरिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कवि कुंभ का तीसरा दिन**

▸▸ **कवि समाज की आत्मा है : डॉ. दिनेश शर्मा**

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कवि कुंभ के तीसरे दिन फिर काव्य सरिता बही। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत काव्य पाठ पर जमकर तालियां बजीं। संस्कृति विभाग, हिन्दी साहित्य अकादमी, संस्कार भारती एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कवि कुम्भ में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद इं. अवनीश कुमार सिंह की उपस्थिति रही।

राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कवि की भाषा देश का भविष्य तय करती है। पहले कवियों द्वारा ऐसी कवितायें लिखी जाती थीं जो आम-जनमानस के पटल पर वर्षों कायम रहती थीं। कवि चंदबरदाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि याद होगा कि पृथ्वीराज चौहान को आगाह करते हुए कवि की 'चार बांस, चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण.. ता ऊपर सुल्तान है, मत चूको चौहान' लोगों की जुबान पर आज भी है। काव्य पाठ के दौरान महाभारत में गुरु द्रोणाचार्य का किरदार निभाने वाले मशहूर अभिनेता सुरेन्द्र पाल की भी उपस्थिति रही। इस दौरान इं. अवनीश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कवि किसी भी समाज को दिशा दे सकते हैं। यह सभी कविगण जब कुम्भ से पूर्व एक जगह एकत्रित हुए हैं, तो निश्चित ही इनके विचारों के मंथन से जो रचनायें निकलकर आएंगी वह समाज के लिए अमृत का ही कार्य करेंगी। कवि समाज को रास्ता दिखाता है। नवीन पीढ़ी के कवियों से में यही कहना चाहूंगा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सबका है। मंच पर डॉ. हरिओम पवार, अपर निदेशक संस्कृति दिलीप कुमार गुप्ता, डॉ. सौरभ जैन, अध्यक्ष हिन्दी साहित्य अकादमी, डॉ. अनामिका अंबर, सह महामंत्री संस्कार भारती गिरीश चन्द्र मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

# शिक्षक चेतना का विकास है गुरु



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

शब्द ज्ञान श्रेय है, पर वही अंतिम नहीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व हैं। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं, लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं।

सर्वोत्तम हमारी सर्वोत्तम मनोकामना है। सर्वोत्तम हमारी गहन अभिलाषा है। यही अभिलाषा भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होती है। प्रतिस्पर्धा में प्रथम होने की इच्छा। धनसंग्रही होने की अभिलाषा। लोकसंग्रही होने की आकांक्षा और यश अभीप्सा। शिक्षा हमारे उत्तम को उभारती है और सर्वोत्तम में प्रकट करती है। लेबनानी चिंतक खलील जिब्रान की सुंदर पुस्तक है 'प्राफेट'। लिखा है, "शिक्षक ने पूछा कि शिक्षा के विषय में बताओ। उसे बताया गया। कोई व्यक्ति तुम्हारे सामने वही उद्घाटित कर सकता है, जो तुम्हारे भीतर हो।" शिक्षा हमारे ही सुप्त ज्ञान प्राप्ति का उपकरण है। ज्ञान के लिए चाहिए गुरु। तुलसीदास ने गाया है-"बिन गुरु होंहि कि ज्ञान"? इसी तरह शिक्षा के लिए शिक्षक की महत्ता है और ज्ञान के लिए गुरु की। शिक्षा का शिखर सर्वोत्तम ज्ञान है। ज्ञान का प्रारंभिक चरण शिक्षा है। शिक्षक का शिखर विकास गुरुत्व है। गुरुत्व विकास का मध्यवर्ती चरण शिक्षक है। गुरु होना हरेक शिक्षक की संभावना है। शिक्षक महत्वपूर्ण है। गुरु को भी शिक्षक होकर ही गुरुत्व मिलता है।

बीते 5 सितंबर को देश में शिक्षक दिवस था। विश्व प्रख्यात भारतीय दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन की जन्मतिथि (5 सितंबर) शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत में शिक्षक को गुरु भी कहा जाता है। शिक्षक की भारतीय अनुभूति यही है। उत्तर वैदिक काल अनूठा है। इस काल में तमाम ज्ञान है, कर्मकांड भी हैं। कर्मकांड विरोधी अनेक चिंतन धाराएं भी हैं। चिंतन और दर्शन का विकास ध्यान देने योग्य है। इस काल में तैत्तिरीय आरण्यक के सातवें, आठवें और नवें अध्याय को तैत्तिरीय उपनिषद् कहा जाता है। उपनिषद् प्रारंभ होती है-शिक्षा व्याख्यास्यमः से। यहां शिक्षा की अतिसंक्षिप्त परिभाषा है। कुल तीन छोटे वाक्य हैं। पहला है-वर्णः स्वर। वर्ण स्वर का बोध शिक्षा है। दूसरा वाक्य पढ़ते हैं-मात्रा बलम्। मात्रा का ज्ञान, इन पर बल देने की जानकारी। तीसरा है-साम संतानः। गीता प्रेस के अनुवाद में साम का अर्थ वर्णों का समवृत्ति से उच्चारण है और संतान का अर्थ संधि है। फिर अंतिम वाक्य है-शिक्षा अध्याय समाप्त हुआ। शब्द ज्ञान श्रेय है, पर वही अंतिम नहीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व है। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं, लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं। इनके नाम केवल संज्ञा हैं। हमारे संज्ञान में वे मूल पदार्थों के प्रतिनिधि स्वर-वर्ण मात्र हैं। आम खाकर मिठाई का बोध होता है। आम कहकर स्वाद नहीं मिलता। वे केवल नाम हैं। नाम से रूप समझना शिक्षा है और देखकर रूप नाम बोलना भी। नाम, रूप, गुण, व्यवहार आदि का ज्ञान शिक्षा से होता है। शिक्षक यही बोध देते हैं। वे संसार का साधारण परिचय कराते हैं। तैत्तिरीय के ऋषि ने शिक्षा की ठीक परिभाषा की है। ऐसा ज्ञान दुखमुक्ति का उपकरण नहीं हो सकता। गांधीजी ने पीड़ा व्यक्त की है कि गणित, भूगोल, इतिहास आदि जानकर मुझे क्या मिला? गांधी सत्यप्रिय थे। सत्यधर्मान महान व्यक्ति। विश्व मानव। यह शिक्षा उनके काम नहीं आ रही थी। वे आगे बढ़े, सत्य के साथ हो गए। मैंने सम्मानित शिक्षकों से विज्ञान पढ़ा। मातृभाषा पढ़ी। माननीय शिक्षकों ने अंग्रेजी भी पढ़ाई। वह मातृभाषा है नहीं सो मात्र-अंश ही समझ में आई। अर्थशास्त्र पढ़ा एमए तक। उत्तम अंक मिले, ज्ञान गंध तो मिली, लेकिन तत्व ज्ञान नहीं मिला। दुखिया मन और दुखिया रहा। योरोपीय विद्वान और उन जैसे भारतीय विद्वानों ने भारत के प्राचीन साहित्य को धार्मिक आस्था वाला बताकर षडयंत्र किया था। वैदिक साहित्य विज्ञान और दर्शन की अनुभूतियों से भरापूरा है। यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय दर्शन चिंतन को कमतर बताया है। अंग्रेजी सभ्यता ने राष्ट्रजीवन को आत्महीन बताया। अब अंग्रेजी हमारी बुद्धि में है। सभी भारतीय भाषाएं हमारी मां, मां जैसी या मौसी, लेकिन अंग्रेजी सुपिरिचत आत्मीय शत्रु। अंग्रेजी भारतीय अनुभूति के प्रकटीकरण में अक्षम है।

शिक्षक श्रद्धेय हैं। उम्र में छोटे हों तो भी। मनुस्मृति की बड़ी निन्दा होती है। इसमें शिशु 'दीक्षित' के सम्मान में भी 50-60 वर्षीय वरिष्ठजनों को सम्मान में खड़े होने के सुझाव हैं। तुलसीदास का "श्रीगुरु चरण सरोज रज/निज मन मुकुर सुधार" दोहा है। इसका अंग्रेजी अनुवाद कठिन है। अंग्रेजी में गुरु का समानार्थी शब्द है नहीं। चरण के लिए शब्द है, लेकिन सरोज का क्या करें? उसका ठीक अनुवाद हो भी तो सरोज रज का अनुवाद असंभव। शिक्षक की कठिनाई है। वे सुयोग्य हैं, लेकिन शब्द ज्ञान से ही काम नहीं चलता। डॉ. राधाकृष्णन भारतीय दर्शन की गहन समझ से भरेपूरे थे। उनकी पुस्तक "इंडियन फिलास्फी" ने सारी दुनिया को भारतीय चिन्तन की जानकारी दी। गीता का अंग्रेजी अनुवाद असंभव है। उन्होंने इसे संभव बनाया। उन्होंने अनुवाद में अपना कोई दृष्टिकोण नहीं जोड़ा। भारतीय शिक्षा और शिक्षकों में राष्ट्रीय आत्मा की सुवास रही है। शिक्षा अच्छे मनुष्य की निर्मिति है। अच्छा मनुष्य आदर्श मनुष्य होना चाहिए। भारतीय आदर्श का अच्छा मनुष्य लोकमंगल अभीप्सु मानव है। आत्मबोध में वह संपूर्ण विश्व का अंश है। शिक्षक पर ऐसा ही मनुष्य गढ़ने की जिम्मेदारी हैं। आदर्श मनुष्य गढ़ना आसान नहीं। शिक्षा मनुष्य के सर्वोत्तम को प्रकट करती है। इसके लिए ध्यान चाहिए। ध्यान यानी एकाग्रता। विवेकानंद ने कहा है, एकाग्रता ही वह विधि है, जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। मन की एकाग्रता ही शिक्षा का सार तत्व है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का यही सर्वोत्तम साधन है। विचारों की एकाग्रता के अभाव में ही मनुष्य भयंकर भूलें करता है, जो मनुष्य प्रशिक्षित होता है या जिनका मन एकाग्र होता है वह भूल नहीं करता। मनुष्य के चित्त की एकाग्रता के अनुपात में भिन्नता के कारण ही मनुष्यों में अंतर होता है। महान व्यक्ति का चित्त एकाग्र और साधारण व्यक्ति का मन कम एकाग्र या चंचल होता है।

हरेक मनुष्य अनूठा है। अद्वितीय है। उस जैसा दूसरा मनुष्य है ही नहीं। दूसरा हो भी नहीं हो सकता। इसलिए उसके अंतस को उसी स्वरूप में, उसकी निजता और वैशिष्ट्य में सर्वोत्तम तक विकसित करने का काम कठिन है। परिश्रमी शिक्षक भी संगीत प्रिय छात्र को अर्थशास्त्र का विद्वान नहीं बना सकता। शिक्षक और छात्र का संबंध महत्वपूर्ण है। शिक्षा देना आसान है, लेकिन छात्र का ग्राह्यता स्तर मापना कठिन है। उत्तर वैदिक काल में आचार्य और शिष्य साथ-साथ प्रार्थना करते थे-सहनोभुनुक्त, सहनाववतु शब्द आज भी जीवंत हैं। शिक्षा में संसार की उपेक्षा नहीं थी। तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा की संक्षिप्त व्याख्या के बाद आचार्य और शिष्य प्रार्थना करते हैं "हम दोनो का यश साथ-साथ बढ़े। हम दोनों का तेज एक साथ बढ़े। हम लोक जानें। ज्योतियां जानें। विद्या (मुक्ति संधान) जानें और प्रकृति रहस्य भी। पृथ्वी पूर्व वर्ण है, अंतरिक्ष उत्तर वर्ण हैं। आकाश संधि है। वायु योजक हैं। आदि।" यहां शिक्षा का विस्तार अंतरिक्ष तक है। जहां तक शिक्षा है वहां तक शिक्षक का भी विस्तार है। इसलिए शिक्षक को आचार्य कहा गया। आचार्य अपने आचार शिक्षा देते थे। गुरु इसी शिक्षक चेतना का विकास है। शिक्षक दिवस गुरु उत्सव ही है।

# गणेश होने का अर्थ



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पुराणों में वर्णित असंख्य देवताओं के बीच गणेश हमारे सबसे अलबेले और विचित्र देवता हैं। महादेव शिव और देवी पार्वती के पुत्र गणेश वस्तुतः कोई लौकिक अथवा अलौकिक अस्तित्व नहीं, प्रकृति की शक्तियों के विराट रूपक हैं। इस रूपक को प्रामाणिकता देने के लिए उसके आसपास असंख्य मिथक गढ़े गए। हमारे पूर्वजों ने गणेश के रूप में प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य का एक प्रतीक गढ़ा है। गणेश का मस्तक हाथी का है। चूहे उनके वाहन हैं। बैल नंदी उनका मित्र, शिक्षक और अभिभावक। मोर और सांप उनके परिवार के सदस्य, पर्वत उनका आवास है। वन उनका क्रीड़ा-स्थल। आकाश उनकी छत। वे शक्ति के पुत्र हैं, लेकिन उनका प्रचलित रूप गढ़ने में नदी की बड़ी भूमिका रही है।

कहा जाता है कि शक्तिरूपा पार्वती ने अपने शरीर के मैल से एक छोटी-सी आकृति गढ़ी और उस आकृति को गंगा में नहला दिया। गंगा के स्पर्श से उस आकृति में जान आई। पार्वती ने उसे पुत्र कहा तो देवताओं ने उसे गांगेय कहकर संबोधित किया। गणेश गणपति के रूप में गणों के अधिपति तो हैं ही, उन्हें जल का अधिपति भी माना गया है। गणेश के चार हाथों में से एक हाथ में जल का प्रतीक शंख, दूसरे हाथ में सौंदर्य का प्रतीक कमल, तीसरे हाथ में संगीत का प्रतीक वीणा है और चौथे हाथ में शक्ति का प्रतीक परशु या त्रिशूल हैं। गणेश के शरीर का रंग हरा और लाल है। हरा रंग प्रकृति तथा लाल शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के रचेता ब्रह्मा की दो मानस पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि उनकी दो पत्नियां हैं, जो वस्तुतः देह में हवा के आने और जाने अर्थात प्राण और अपान की प्रतीक हैं, जिनके बगैर कोई जीवन संभव नहीं।

गणेश और प्रकृति के एकात्म का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उन्हें महंगी पूजन सामग्रियां नहीं, प्रकृति में बहुतायत से मौजूद पेड़-पौधों की पत्तिया और घास सबसे ज्यादा प्रिय है। प्रकृति में बहुतायत से उपलब्ध हरी-भरी दूब उन्हें सर्वाधिक प्रिय है। जब तक इक्कीस दूबों की मौली अर्पित न की जाए, उनकी पूजा अधूरी मानी जाती है। शास्त्रों में उल्लेख है कि आम, पीपल और नीम के पत्तों वाली गणेश की मूर्ति घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गणेश के मिट्टी से जुड़ाव का एक प्रमाण यह भी है कि किसी भी मंदिर, घर या दुकान में गणेश की मूर्ति रखते समय यह ध्यान देना अनिवार्य होता है कि उनके पैर जमीन का स्पर्श करें।

प्रकृति की शक्तियों के प्रतीक होने के कारण गणेश एक साथ मासूम, शक्तिशाली, योद्धा, विद्वान, कल्याणकारी, शुभ-लाभ और कुशल-क्षेम के दाता हैं। उनके सम्मान का अर्थ है प्रकृति में मौजूद सभी जीव-जंतुओं, जल, हवा, जंगल और पर्वत का सम्मान। उन्हें आदिदेव, देवताओं में प्रथम पूज्य और आदिपूज्य भी कहा गया है। इसका अर्थ है कि प्रकृति पहले, बाकी सब उसके बाद। हिन्दू धर्म और संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य का आरंभ करने के पहले 'श्री गणेशाय नमः' कहने और लिखने की परंपरा है।

मनुष्य तो क्या, त्रिपुरासुर के वध के पहले स्वयं उनके पिता शिव को भी उनकी आराधना करनी पड़ी थी। हमारे पूर्वजों द्वारा गणेश के इस अद्भुत रूप की कल्पना संभवतः यह बताने के लिए की गई है कि प्रकृति को सम्मान देकर और उसकी शक्तियों से सामंजस्य बिठाकर शक्ति, बुद्धि, कला, संगीत, सौंदर्य, भौतिक सुख, लौकिक सिद्धि, दिव्यता, आध्यात्मिक ज्ञान सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। यही कारण है कि संपति, समृद्धि, सौंदर्य की देवी लक्ष्मी और ज्ञान, कला, संगीत की देवी सरस्वती की पूजा भी गणेश के बिना पूरी नहीं मानी जाती। गणेश के अद्भुत स्वरुप को समझना और पाना है तो उसके लिए उनके मंदिरों और मूर्तियों की स्थापना और भजन-कीर्तन का कोई अर्थ नहीं। गणेश हम सबके भीतर हैं। प्रकृति, पर्यावरण और जीवन को सम्मान और संरक्षण देकर हम अपने भीतर के गणेश को जगा सकते हैं।

# गण के ईश्वर, गण के अध्यक्ष, गणपति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गणपति के सूत्र भारत के बहुत बड़े क्षेत्र में बिखरे हुए हैं और उनको संकलित करने का बहुत बड़ा काम हमारे सामने है, जिसे कई प्रादेशिक भाषाओं के भाषाविदों और लोकवार्ताविदों को मिलकर करना होगा।



यह गण कितना शक्तिशाली रहा होगा? दूर-दूर तक इसका प्रभाव होगा। इसका टोटम या गणगोत्र हस्ति था। हस्तिनापुर के संबंध में डा. रामविलास शर्मा ने कहा था कि निश्चित ही इसका सूत्र हस्ति से जुड़ता है। एक बहुत पुरानी लोककहानी है, जिसमें गांधारी ने सोने के हाथी की पूजा की थी, किंतु जब कुंती पूजन को आई तो उसे मनाकर दिया गया, तब अर्जुन ने ऐरावत को धरती पर बुलवाया, जिसे हम आकाशगंगा कहते हैं उसे इस कहानी ने ऐरावत की गैल बतलाया है। अर्जुन इस रास्ते से ऐरावत को धरती पर लेकर आए।

सूत्र तो यहां हस्ति पूजन का ही है। यही टोटम शिव-महादेव के साथ जुड़ता है, जब पार्वती अपने मैल से पुतला बनाकर उसमें प्राण संचार करके द्वार पर नियुक्त कर देती हैं, शिव आते हैं तो द्वाररक्षक शिव महादेव को रोकते हैं, शिव त्रिशूल से गर्दन काट देते हैं, पार्वती रूठती हैं, कहती हैं कि इसे पुनर्जीवित करो। उधर हाल का जनमा हस्ति मिल जाता है और शिवमहादेव हस्तिमुख जोड़कर द्वारदेव को प्रतिष्ठित कर देते हैं। यही गणेश शिव-पार्वती की परिक्रमा करके प्रथम पूजा के अधिकारी बन जाते हैं। यह मिथक कथा है, लेकिन यह इतिहास का प्रसंग नहीं है। कथा के अभिप्राय को समझना आवश्यक होगा। कोई भी कार्य विघ्नेश्वर की पूजा के बिना संपन्न नहीं किया जाता। ये विघ्नेश्वर कैसे बने, इसे लेकर जनपदों में भिन्न-भिन्न कहानियां हैं। मूषक भी एक गण था। उसे लेकर भी लोक में कहानियां हैं। गणपति-अथर्वशीर्ष की शरण में आते हैं, तब हमें गणपति का जो स्वरूप मिलता है, वह लोक और शास्त्र की अंतर्भुक्ति का परिपक्व-रूप है। त्वं वाङ्मयः, त्वंचिन्मयः, त्वमानंदमयः, त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि। गणपति-अथर्वशीर्ष में यह स्पष्ट किया गया है कि 'गणेश की उपासना वास्तव में किसी कहानी के नायक की उपासना नहीं है, गणेश का शरीर हाडमांस का नहीं है, आनंद ही उनका शरीर है, संपूर्ण वाक् ही जिनका विग्रह है, समग्र चेतना उनका ही रूप है, संपूर्ण ज्ञान-विज्ञान गणेश ही तो हैं। यह ज्ञान-विज्ञान की उपासना है, आनंद की उपासना है, चेतना और वाक् की उपासना है।

त्वंप्रत्यक्षं ब्रह्मासि, त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि, लेकिन लोककथाओं का गणपति हमें मनुष्य के विश्वास की युगयात्रा में साथ लेकर चलता है। एक कहानी है कि गणेश चूहे पर सवार होकर जा रहे थे कि गिर पड़े, चन्द्रमा ने देखा तो हंसने लगा। गणेश ने उसे शाप दिया कि जो कोई तेरा मुख देखेगा, उसे कलंक लगेगा। बेचार चन्द्रमा डर की वजह से छिप गया कि मुझे इतने लोग बुरा कहेंगे। तब देवता आए, गणेशजी महाराज इसे माफ करो। अनुनय-विनय की तो गणेश जी बोले मेरा शाप तो अन्यथा हो नहीं सकता, किंतु हां, भाद्रपदमास शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा देखने वाला निंदा का पात्र बनेगा। अपने मकान की दीवारों में पड़ी दरारों को देखकर तो मन कांप जाता है, परंतु यह देखकर राहत भी मिलती है कि नींव के पत्थर और छत को संभालने वाले स्तंभ सकुशल हैं। यह वाक्य लोकमान्य तिलक ने 18 सितंबर 1894 के केसरी में लिखा था।

निश्चित रूप से जातियों के बीच भेदभाव थे और हैं, किंतु इस भेदभाव की सतह के नीचे लोक जीवन के ऐक्यभाव का बड़ा प्रबल प्रवाह भी बह रहा है। भेदभाव को देखकर विषाद होना स्वाभाविक है, किंतु इस ऐक्यभाव के प्रवाह को देखकर कितना बड़ा आश्वासन मिलता है। मिलता है न। वास्तव में इस वाक्य की पृष्ठभूमि में था 19 सितंबर 1893 को उनके द्वारा प्रारंभ किया गया। गणेश उत्सव, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, वर्गों के वृद्ध नर-नारी सम्मिलित हुए थे। यह तो महाराष्ट्र का लोकोत्सव बन गया था। लोकोत्सव की परंपरा बन गया। इस उत्सव के रंगमंडप में जो भी सम्मिलित होता, वह देशभक्त होकर निकलता। ब्रिटिश-सरकार इस लोकोत्सव से परेशान हो गई, यहां प्रदर्शित होने वाले नाटकों को लेकर खुफिया रिपोर्टें इंग्लैंड भेजी जाती और उन नाटकों को प्रतिबंधित किया जाता, उन पर आरोप लगाया जाता कि ये ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या करने को प्रेरित करने वाले हैं।

लार्ड मिंटो की हत्या के प्रयास और कलेक्टर जैकसन की हत्या के पीछे गणेश उत्सव को जिम्मेदार माना गया और कहा गया कि यह लोकोत्सव राजद्रोही है। आज तो गणेश की महंगी-महंगी प्रतिमाएं बनाई जाती हैं, पर गणेश तो लोकदेवता हैं, इतना सरल-सहज कि मिट्टी की ढेली को मौली का धागा पहना कर ही गणेशजी का आवाहन हो जाता है और गणेशजी अपनी दोनों पत्नी, बुद्धि और सिद्धि के साथ हमारे यहां पधार जाते हैं। भरत मुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में गणेश को महाग्रामणी नाम से याद किया है और निर्देश किया है। नृत्य के प्रारंभ में उसको नमन-मुद्रा से प्रसन्न किया जाना चाहिए। भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी को दक्षिण-भारत में नृत्यशिक्षा का प्रारंभ किया जाता है। नृत्यगणेश। जैसे पुरातत्वविद पुरावशेषों के आधार पर जीवन को खोजता है, उसी प्रकार लोकवार्ताशास्त्री भी लोकवार्ता में बिखरे हुए सूत्रों का अध्ययन करता है। गणपति के सूत्र भारत के बहुत बड़े क्षेत्र में बिखरे हुए हैं और उनको संकलित करने का बहुत बड़ा काम हमारे सामने है, जिसे कई प्रादेशिक भाषाओं के भाषाविदों और लोकवार्ताविदों को मिलकर करना होगा।

## धर्म का दोहरा रूप



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

धर्म का जो भी पुराना अच्छा रूप रहा हो, आज के आदमखोर व्यवस्था में वह लौट के नहीं आने वाला। इसलिए धर्म अब बिल्कुल त्याज्य है। अब आप यह नहीं कहिएगा कि मैंने धर्म को समझा ही नहीं है।

धर्म का दोहरा रूप रहा है। एक समय था जब इसने आम लोगों को इंसान बनाया, एक दूसरे की भलाई करना सिखाया, मानवता से प्रेम करना सिखाया, समाज में सद्भाव की स्थापना की, लोगों को चरित्रवान बनाया, "परहित सरिस धरम नहीं भाई" की भावना का संचार किया, "आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पंडितः" (जो अपने ही समान दूसरों को भी समझे, वही विद्वान है) बताया। धर्म का यह रूप मैंने पचास साल पहले देखा था और शायद धर्म का ऐसा ही स्वस्थ रूप भारत में सदियों से प्रमुखतः व्याप्त रहा। मुगलकाल की दो महानतम साहित्यिक हस्तियों–तुलसीदास और रहीम– की दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान यही बात साबित करती है।

दूसरी ओर धर्म से ही जुड़े अंधास्था, चढ़ावा, पशुबलि, तंत्रमंत्र, संकीर्णता, मनुष्य की चेतना का अपहरण, अवैज्ञानिक चीजों में विश्वास आदि कर्मकांडों और नकारात्मक चीजों का प्रयोग करके धर्म के नाम पर ठग और धूर्त लोगों ने इंसानों के बीच नफरत पैदा किया है। अब धर्म आदमी को इंसान नहीं बना रहा है। इसका मुख्य काम अंधविश्वास फैलाना, तरह-तरह के छल प्रपंचों से आदमी का आर्थिक शोषण करना, सत्ताधारियों के लिए वोट का इंतजाम करना और समाज में अंदर नफरत पैदा करना हो चुका है।

धर्म का जो भी पुराना अच्छा रूप रहा हो, आज के आदमखोर व्यवस्था में वह लौट के नहीं आने वाला। इसलिए धर्म अब बिल्कुल त्याज्य है। अब आप यह नहीं कहिएगा कि मैंने धर्म को समझा ही नहीं है। आपके दिल में धर्म की जो भी व्यक्तिगत व्याख्या हो, धर्म की सामाजिक व्याख्या सम्प्रति यही है।

## राजनीति का उल्टा चश्मा



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

राजनीति एक ऐसा शब्द है, जिसके संपर्क में आते ही अन्य शब्द गूढ़ लगने लगते हैं। वैसे तो राजनीति का अर्थ उचित समय और स्थान पर उचित कार्यों को करते हुए शासन करना या जनता के जीवन स्तर को ऊंचा करने के लिए कानून बनाकर शासन करना है, परंतु आजकल राजनीति केवल अपने स्वार्थ और हित के लिए काम करना तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा करने तक सीमित रह गई है। राजनीति भी किसी नशा से काम नहीं है, जिसको लग जाती है, उसको छोड़ना बहुत मुश्किल होता हैं।

आजकल सामाजिक, धार्मिक, जातिगत और किसान आदि संगठनों के लोग भी नेता ही कहलाते हैं। कोई भी आम आदमी किसी भी राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, जातिगत किसान संगठनों में जाने से पूर्व बड़ी समझदारी पूर्ण और अच्छी भली बातें करता हैं। उसका नजरिया एकदम स्वतंत्र, निष्पक्ष और सर्वहित का होता है, परंतु जैसे ही वह किसी भी संगठन की सदस्यता ग्रहण करता है उसका अंदाज़, नजरिया और भाषा सब कुछ बदल जाता है। ऐसा लगता है इन सभी संगठनों के पास अपना-अपना एक चश्मा होता है, जो हर सदस्य को पहनाया जाता हैं। उसका सदस्य उस चश्मे से ही सबको देखना शुरू कर देता है। यदि कोई पार्टी आम को सेब देखने का चश्मा पहना दे तो उसके कार्यकर्ता को कोई लाख आम बताता रहे वह उसे तमाम उदाहरणों से सेब ही सिद्ध करता रहता है। इसी तरह से सामाजिक, धार्मिक और किसान संगठन भी अपने-अपने चश्मे से ही वस्तुओं को देखते और बोलते हैं। इसे हम राजनीति का उल्टा चश्मा कह सकते हैं।

राजनीतिक पार्टियों में सीधा चश्मा पहनने वाले नेता इस समय नजर नहीं आते हैं। जैसा चश्मा कभी लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेई, जयप्रकाश नारायण, मुरारजी देसाई और राम मनोहर लोहिया ने पहना था। वैसा चश्मा आज की राजनीति में केवल एक-आध नेता ही पहने नजर आते हैं। लोग कहते हैं कि राजनीति में अच्छे लोगों की जगह नहीं होती है, लेकिन राजनीति में जब तक अच्छे लोग नहीं जाएंगे तब तक इनके चश्मे उल्टे रहकर आम को सेब और अमरुद ही दिखाते रहेगा। काश इन संगठनों के लिए कोई ऐसा चश्मा बनाया जाए, जिससे इन्हें सब कुछ सीधा और साफ दिखाई देने लगे ताकि देश और उसकी जनता का भला हो सके।

# पारिस्थितिकी संतुलन में गिद्धों की भूमिका



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

उत्तर प्रदेश सरकार ने गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जटायु संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में की गई, जो एक प्रशंसनीय कदम है। 2006 में भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में डाइक्लोफेनाक के पशुपालन में उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

गिद्ध, जो प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में जाने जाते हैं। पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्राणी हैं। गिद्धों की उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण स्वच्छ और रोग मुक्त रहे। दुर्भाग्यवश, मानवीय भूलों और गतिविधियों के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जो विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। प्राचीन काल में गिद्धों को भारत, नेपाल और पाकिस्तान जैसे उपमहाद्वीपों में भारी संख्या में देखा जाता था। ये मांसाहारी पक्षी मृत पशुओं को खाकर पर्यावरण की सफाई में मदद करते थे, लेकिन पिछले कुछ दशकों में गिद्धों की कई प्रजातियां जैसे कि व्हाइट-बैक्ड गिद्ध, लॉन्ग-बिल्ड गिद्ध और स्लेंडर बिल्ड गिद्ध विलुप्त होने की कगार पर आ गए हैं।

गिद्धों की संख्या में यह गिरावट अचानक नहीं आई। 1990 के दशक के बाद दक्षिण एशिया में गिद्धों की संख्या में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। इसके मुख्य कारणों में से एक है दवा डाइक्लोफेनाक का पशुपालन में उपयोग। डाइक्लोफेनाक एक दर्द निवारक दवा है, जो आमतौर पर मवेशियों और अन्य घरेलू पशुओं को दी जाती है। जब गिद्ध इन पशुओं के शव खाते हैं तो डाइक्लोफेनाक उनके शरीर में प्रवेश कर जाता है और गुर्दे की विफलता का कारण बनता है। इसके परिणामस्वरूप गिद्धों की बड़ी संख्या में मृत्यु हुई है। डाइक्लोफेनाक का प्रयोग शुरू में मनुष्यों के लिए किया गया था, लेकिन पशुपालन में इसके प्रयोग ने अनजाने में गिद्धों की जनसंख्या को भारी नुकसान पहुंचाया। यह मानवीय भूल प्रकृति के इस अनमोल घटक के लिए एक गंभीर संकट साबित हुई। इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन दशकों में गिद्धों की जनसंख्या में लगभग 95 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आवश्यक घटक हैं। उनके द्वारा किया जाने वाला शवभक्षण कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। गिद्ध मृत पशुओं के शव खाते हैं, जिससे वे वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखते हैं। यदि ये शव जमीन पर पड़े रहते हैं तो वे बीमारियों और संक्रमणों का कारण बन सकते हैं। गिद्ध इस संक्रमण चक्र को रोकते हैं। गिद्धों की तेज पाचन प्रणाली उन्हें उन बीमारियों से बचाती है, जो अन्य मांसाहारी जीवों को संक्रमित कर सकती हैं। वे रोगाणुओं और बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं, जो अन्य जीवों में बीमारी फैला सकते हैं। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा होते हैं, जो अन्य मांसाहारी जीवों, जैसे कि कुत्तों और चीलों की जनसंख्या को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब गिद्ध कम हो जाते हैं तो अन्य मांसाहारी जीवों की संख्या बढ़ जाती है, जो असंतुलन पैदा कर सकती है। गिद्धों की संख्या में गिरावट के गंभीर परिणाम हुए हैं। भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में गिद्धों की कमी के कारण कई अप्रत्याशित परिणाम सामने आए हैं। गिद्धों की अनुपस्थिति में जंगली कुत्ते और अन्य मांसाहारी जीव तेजी से बढ़े हैं। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली कुत्तों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि रेबीज जैसी बीमारियों का प्रसार भी करता है। गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए कई संरक्षण प्रयास शुरू किए गए हैं। भारत सरकार और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने गिद्धों की रक्षा व उनकी जनसंख्या को पुनःस्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जटायु संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में की गई, जो एक प्रशंसनीय कदम है। 2006 में भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में डाइक्लोफेनाक के पशुपालन में उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन इसका प्रभाव अभी तक पूरी तरह से देखने को नहीं मिला है। इसके अलावा, इस दवा के अवैध प्रयोग की समस्या अब भी बनी हुई है। मेलोक्सीकैम एक सुरक्षित विकल्प है, जिसे गिद्धों के लिए हानिरहित माना जाता है। इसे डाइक्लोफेनाक के स्थान पर उपयोग करने की सिफारिश की गई है, लेकिन पशुपालक और किसान अभी भी इसके उपयोग के प्रति पर्याप्त जागरूक नहीं हैं। कुछ गिद्ध प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रजनन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां उन्हें कृत्रिम रूप से प्रजनन कर उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाता है। यह प्रक्रिया गिद्धों की विलुप्ति को रोकने में मदद कर रही है, लेकिन इसे और अधिक व्यापक रूप से लागू करने की आवश्यकता है। गिद्धों के संरक्षण के लिए जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम लोगों को गिद्धों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति सचेत करने में मदद कर रहे हैं। गिद्धों की विलुप्ति को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और जनता के बीच समन्वय आवश्यक है। गिद्धों के स्वास्थ्य, प्रजनन और पर्यावरणीय भूमिका पर अधिक अनुसंधान किया जाना चाहिए। गिद्धों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही सरकारों को वन्यजीव संरक्षण के लिए सख्त नीतियां और कानून बनाने चाहिए।

# अधिक थके-थके रहते हैं कामगार



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट से जानकारी मिली है कि कम से कम 58 प्रतिशत भारतीय सुस्ती और कार्य स्थल पर थकान महसूस करते हैं, जो वैश्विक आंकड़े 48 प्रतिशत से काफी अधिक है। भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) तथा बोस्टन कासल्टिंग ग्रुप की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व धारणा के विपरीत थकावट अधिक काम करने से नहीं अपितु आपसी सहयोग और बातचीत की जरूरत के कारण है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों के प्रति गहरी समझ होनी चाहिए, जिस तरह अपने ग्राहकों को समझते हैं इसी तरह अपने कर्मचारियों को प्रेरित रखने और खुश रखने के साथ अपने साथ बनाए रखने की कोशिश होनी चाहिए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संस्था को यह मूल्यांकन करना चाहिए इन भावनाओं पर कितनी अच्छी तरह से खरा उतरते हैं, कमी का पता लगाना चाहिए और सभी कर्मचारियों की मदद के लिए उनके देखभाल वाली सेवाओं, वित्तीय परामर्श और लचीली काम की अवधि जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना चाहिए।

मुंबई में आयोजित फिक्की इनोवेशन समिट 2024 के दौरान पेश की गई रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि थकावट और समावेशन के लिए निरुत्साहित रहने के बीच गहरा संबंध है, अगर किसी कर्मचारी को ऐसा लगता है कि वह अपने कार्यस्थल पर सक्रिय हैं और संस्था भी उसकी मदद के लिए तत्पर रहती है तो उसे काम थकावट महसूस होगी। क्या भारतीय कंपनी/संस्था को इस बारे में अपने कर्मचारियों के बारे में अधिक सोचने और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है?

## सार-संक्षेप



बच्चों को टी-शर्ट बांटते नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह। अमृत विचार

### नगर आयुक्त ने बच्चों को बांटी टी-शर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** कर्नल एसएन मिश्रा ओबीई मेमोरियल स्कूल में शनिवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4 .0 के तहत प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित टी शर्ट और बैग वितरित किये। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। बच्चों को डेंगू से बचने के उपाय बताये। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक टीएन मिश्रा, प्रबंधक सन्मय शुक्ला, डायरेक्टर प्रीति त्रिवेदी, प्रधानाचार्य पूजा सिंह आदि मौजूद रहीं।

### रेलवे ट्रैक पर कई टुकड़ों में मिला अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर संजय सिंह के मुताबिक, शनिवार सुबह नंदना गांव की रेलवे क्रासिंग के पर युवक का कई टुकड़ों में कटा शव मिला। उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। मृतक के हाथ में ठाकुर लिखा है। बताया कि सुबह पायलट ने ट्रैक पर शव होने की सूचना दी। कहा शव को देखने से पता चल रहा है कि हादसा देर रात हुआ होगा। पुलिस प्रयास कर जल्द युवक की पहचान कर ली जाये। शव मोर्च्युरी में रखवा दिया है।

### अलग-अलग हादसों में चार लोग घायल

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के ब्रम्हदासपुर निवासी संजय ने बताया कि शुक्रवार रात 10 बजे उनका बेटा दीपक (24) बुआ के बेटे देशराज (30) निवासी उतरांवा के साथ कस्बे से घर लौट रहा था। थाने के सामने कट पर रायबरेली से लखनऊ जा रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार सवार घायल हो गय। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। उधर, भगवानपुर प्रधान सत्य प्रकाश सोनी के पिता रामकृष्ण सोनी व मां सरोजनी देवी बाइक से भवरेश्वर मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में निजी बस की टक्कर से दोनों घायल हो गये। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तालाब में जहरीला पदार्थ डाला, मछलियां मरीं

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महजितिया मुडियारा निवासी जोद्धि प्रसाद का पट्टे का तालाब मुडियारा में है। जिसमें वह मत्स्य पालन करता है। 5 सितम्बर को तालाब ने जहरीला पदार्थ डालकर अज्ञात ने मछलियों को मार डाला। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है।

### अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध किया कार्य

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** कासगंज में अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष जसकरन सिंह व महामंत्री राम भरोसे रावत की अगुवाई में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। इसमें आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी सजा की मांग की गई। अधिवक्ता मोहिनी के परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी समेत तीन सूत्री मांग रखी। अधिवक्ता सम्राट सिंह, रवि शंकर शर्मा , केके सिंह, फरीद खान रहे।

### व्यापारी के घर से चोरी, आरोपी कैमरे में कैद

**अमृत विचार, पीजीआई :** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात व्यापारी के घर चोरी हो गई। पीड़ित सुबोध शर्मा ने बताया मजदूरों को देने के लिए 14 हजार रुपये वहां रखे थे। चोर रुपये, सिलेंडर, मोबाइल व कुछ सामान समेट ले गये। चौकी इंचार्ज प्रभात बालयान ने बताया फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### दोस्त से लिए एक करोड़, अब सुपारी देने की दे रहा धमकी

**अमृत विचार, पीजीआई :** आशियाना थाना क्षेत्र में जिस दोस्त को बिजनेस के लिये एक करोड़ रुपये दिये थे, अब आरोपी पीड़ित की 10 लाख में सुपारी देकर हत्या की धमकी दे रहा है। शुक्रवार को पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, रमापति यादव मानसरोवर योजना में रहते हैं। उनके मित्र मनोज कुमार सिंह निवासी रतन स्क्वायर बिल्डिंग विधानसभा मार्ग ने बीते वर्ष बिजनेस के सिलसिले में उनसे एक करोड़ रुपये लिए थे। जो तीन महीने में वापस करने की बात कही थी। आरोप है कि उसने पैसे देने के लिए काफी दिनों तक टहलाया। रमापति को पता चला कि आरोपी 10 लाख रुपये में सुपारी देकर जान से मरवाने की साजिश रच रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जोखंडी व उतरांवा में आवास के लिए किया आवेदन

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जोखंडी ग्राम में पंचायत भवन स्थित खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मजरे के कच्चे मकान लाभार्थियों को आवास सूची में नाम दर्ज किया गया। ग्रामीणों ने कोटेदार उमाशंकर व सफाई कर्मी की लापरवाही की शिकायत की। ग्राम पंचायत उतरांवा के पंचायत भवन पर हुई खुली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान भोलानाथ कनौजिया ने संबोधित किया। इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवक रवि पांडेय, ग्राम पंचायत सदस्य ओम प्रकाश राजकुमार मुकेश कुमार व समाजसेवी सत्य प्रकाश वर्मा मौजूद रहे।

### निरोगी रहने के लिए दी गईं जानकारियां

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** लखनऊ पतंजलि योग समिति से संचालित शाखा पौशाला रसूलपुर गंगागंज की कक्षा मे पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी लखनऊ पूर्व उदय राज ने बताया कि योग से ही व्यक्ति अपने को संपूर्ण रूप से हल्दी महसूस कर सकता है। नागेश वर्मा ने बताया कि प्राणायाम से बड़ी से बड़ी बीमारियों से लड़ा जा सकता है। योगाचार्य कुलदीप ने जन समाज को स्वास्थ्य संबंधी एवं मानसिक विकारों को दूर करने हेतु प्राणायाम को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पौशाला योग संचालक राम फेर वर्मा रविंद्रनाथ वर्मा राम कुमार पांडेय नागेंद्र मिश्रा राम नन्द आदि योग साधक उपस्थित रहे।

# घायलों को अस्पताल पहुंचाने में 22 एंबुलेंस ने लगाए कई फेरे

## ट्रांसपोर्टनगर में हरिमिलाप टॉवर गिरने से घायलों के इलाज में जुटे रहे लोकबंधु अस्पताल में 40 डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्टनगर स्थित हरिमिलाप टॉवर के भरभराकर गिरने में घायल 28 घायलों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही शासन ने अस्पतालों को हाई अलर्ट कर दिया था। वहीं, घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 22 एंबुलेंस ने कई फेरे लगाए। लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में करीब 40 डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी की टीम इलाज में जुटी थी। कोई घायलों का खून साफ करने में लग गया, तो कोई मरहम पट्टी करने लगा। कई घायलों के सिर, हाथ, पैर व अन्य जगह ज्यादा जख्म होने पर टांके लगाए। खून बंद होने पर इनका सिटी व एक्सरे कराया गया। इनमें चार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन गंभीर घायलों को केजीएमयू के ट्रामा रेफर कर दिया गया। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने अस्पताल के निदेशक व अन्य जिम्मेदारों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिये।

लोकबंधु में मरीजों, परिजनों को ढांढस बंधाते रहे नायब तहसीलदार

नायब तहसीलदार गोवर्धन शुक्ला को डीएम ने लोकबंधु अस्पताल में तैनात कर दिया। वह लगातार मरीजों और उनके परिजन को ढांढस बंधा रहे थे। डॉक्टर से समन्वय बनाकर बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद कर रहे थे। नायब तहसीलदार ने बताया कि हादसे में पांच की मौत हो गई है। चार की पहचान हो चुकी है। एक की शिनाख्त की जा रही है। एक घायल को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल रेफर किया गया था। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।



ट्रांसपोर्टनगर में हादसे के बाद अस्पताल में घायल। अमृत विचार



हादसे के बाद एंबुलेंस से घायल को अस्पताल ले जाते कर्मचारी। अमृत विचार



हादसे के बाद घायल को संभालते आसपास के लोग। अमृत विचार



अस्पताल में घायल का हाल जानते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

### 108 की 16, 102 की 6 एंबुलेंस लगाईं

108 एंबुलेंस सेवा के जनसंपर्क अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस सेवा 108 और 102 को अलर्ट किया गया। तत्काल घटना स्थल में 108 की 16 और 102 की 6 एंबुलेंस भेजी गईं। सभी घायलों को लोकबंधु और ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

### पहले भी हो चुके है हादसे

- 3 अगस्त 2018 : गणेशगंज में बारिश में एक दो मंजिला घर गिर गया था। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।
- 21 अगस्त 2018 : अशोक मार्ग पर इमारत का एक हिस्सा गिरने से कई गाड़ियां दब गई थी। कई लोग बाल-बाच बचे थे।
- 23 जनवरी 2021 : रिवर बैंक कालोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से एक की मौत हुई थी।
- 24 जनवरी 2023 : वजीर हसन रोड पर अलाया अपार्टमेंट गिरने से तीन लोगों की मौत और 20 से ज्यादा घायल हुए थे।
- 2 जनवरी 2024 : आर्यानगर में तीन मंजिला मकान ढहने से एक लोग घायल व कई लोगों बाल-बाल बचे थे।



देर रात हरिमिलाप टावर के मलबे से घायलों को ले जाती एंबुलेंस। अमृत विचार

**ड्रोन कैमरे की निगरानी में चला रेस्क्यू**

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रेस्क्यू लगातार चल रहा है। लोगों को बिल्डिंग के मलबे से निकाला जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ने 50 से अधिक कर्मचारी लगाए हैं। 1 ड्रोन सर्च से भी मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी, क्रेन और स्थल पर लाइट की व्यवस्था और पानी निकालने के लिए ट्यूबवेल लगाया है।

## घर से बुलाए गए डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊः** लोक बंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा परिसर में रहने वाले डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों को आनन-फानन बुला लिया गया।

अस्पताल में 28 घायलों को लाया गया। इनमें चार की अस्पताल आने से पहले ही मौत हो गई थी। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने देखा तो इनके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। अन्य सभी घायलों को त्वरित उपचार मुहैया कराया। कई घायलों के खून बह रहा था। आनन-फानन सभी की ड्रेसिंग की गई। कुछ के टांके लगाए गए। सिटी स्कैन और एक्सरे कराया। जिनको फ्रैक्चर निकला है। उन्हें प्लास्टर चढ़ाने व जरूरत के अनुसार उपचार किया जा रहा है। घटना में तीन गंभीर घायलों को केजीएमयू रेफर किया गया। लोक बंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश कौशल और सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित भी घायलों के उपचार में लग गए।

## केजीएमयू के डॉ. आमोद कुमार सचान निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**बिना इजाजत विदेश जाने और आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में ईडी रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू ) के फार्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आमोद कुमार सचान को निलंबित कर दिया गया है। उन पर बिना इजाजत विदेश यात्रा पर जाने व आय से अधिक सम्पत्ति का आरोप है। केजीएमयू कार्यपरिषद के फैसले के बाद शनिवार को निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया। निलंबन के दौरान डॉ. सचान डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।

डॉ. आमोद पर बिना इजाजत विदेश यात्रा पर जाने का मामला लंबे समय से चल रहा था। इसके साथ जब ईडी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में डॉ. सचान के खिलाफ सीबीआई जांच करवाने के लिए पत्र लिखा। इसके बाद शासन हरकत में आ गया। आनन-फानन केजीएमयू को पत्र भेजा गया। केजीएमयू प्रशासन ने डॉ. सचान के पूरे मामला निकलवाया। आगे की कार्रवाई शुरू की। इसको लेकर 27 अगस्त को केजीएमयू कार्य परिषद की बैठक हुई। इसमें डॉ. सचान के खिलाफ कार्रवाई का फैसला हुआ था। कुलपति ने विस्तृत जांच कराने का फैसला किया। इस दौरान उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया गया। शनिवार को कुलसचिव अर्चना गहरवार ने उनके निलंबन संबंधी आदेश जारी कर दिया है। निलंबन के आदेश के बाद केजीएमयू में खलबली मच गई है।

## ऋषि पंचमी व्रत आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष के पंचमी तिथि को ऋषि पंचमी मनाया जाया जाता है। यह त्योहार भाद्रपद गणेश चतुर्थी के अगले दिन किया जाता है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस वर्ष भाद्रपद माह की पंचमी तिथि की शुरुआत शनिवार को शाम 5 बजकर 37 मिनट से अगले दिन रविवार शाम 7 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार ऋषि पंचमी का व्रत रविवार को किया जाएगा। इस दिन ऋषि मुनियों के याद किया जाता है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष के पंचमी के दिन सप्तऋषि का पूजन किया जाता है। इनके नाम इस प्रकार है गौतम, भारद्वाज, विश्वामित्र, जमदग्नि, वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि इन राशियों के आलावा देवी अरुंधती का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के पाप तो नष्ट होते है और सप्तऋषियों का आशीर्वाद भी मिलता है।

## गोमती एन्क्लेव के 509 आवंटियों को लॉटरी से पार्किंग आवंटित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर 8 स्थित गोमती एन्क्लेव के आवंटियों को शनिवार को वृंदावन योजना कार्यालय में लॉटरी से पार्किंग का आवंटन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुई लॉटरी में उप आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता सहित निर्माण खंड लखनऊ 9 के अधिशासी अभियंता शशांक पांडेय, सम्पत्ति प्रबंधक मुकेश पाल, बाबू पंकज सहित अन्य कर्मचारी एवं आवंटी उपस्थित रहे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि गोमती एन्क्लेव में 2 बीएचके टाइप ए प्रकार के 913 फ्लैट हैं। इनको लॉटरी से 509 कार पार्किंग आवंटित की गईं। इस दौरान लगभग 150 से अधिक आवंटी उपस्थित रहे।



वृंदावन योजना कार्यालय में लॉटरी निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

### कर्मचारियों व आवंटियों की सुरक्षा के लिए लगाया जाल

आवास विकास ने वृंदावन योजना के सेक्टर 9 स्थित कार्यालय में कर्मचारियों व आवंटियों की सुरक्षा के लिए जाल लगाया है। 5 मंजिला इस बिल्डिंग से गिरकर कोई चोटिल न हो इसे ध्यान में रखते हुए निर्माण खंड लखनऊ 4 ने बिल्डिंग के अंदर की ओर दूसरे तल पर जाल लगा दिया है। बिल्डिंग में सम्पत्ति और निर्माण खंड सहित 20 कार्यालय हैं। जिसमें लगभग 400 कर्मचारी, अभियंता और अधिकारियों सहित प्रतिदिन लगभग 1,000 लोग अपने कार्य से आते हैं।

**बात सेहत की** | लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

# खान-पान में सुधार कर एनीमिया से बचाव संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत करते लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** खान-पान में सुधार व आयरन की गोली खाकर एनीमिया से निजात पाई जा सकती है। यह जानकारी लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने दी। वह शनिवार को संस्थान में एनीमिया पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. सिंह ने कहा एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी से कई तरह की गंभीर बीमारियां हो रही हैं। एनीमिया से बचाव को लेकर जागरूकता भी जरूरी है। लड़कियों में एनीमिया की समस्या अधिक पाई गई है। सरकारी अस्पतालों में एनीमिया से बचाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सोमवार को छात्राओं को आयरन की गोली खिलाई जाती हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव मिश्र ने कहा कि गर्भवती महिलाओं में खून की कमी जच्चा और बच्चा दोनों के लिए जानलेवा हो सकती है। लिहाजा डॉक्टर की सलाह पर दवाएं जरूर लेनी चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के राज्य संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि एनीमिया की स्थायी चुनौतियों और इसे नियंत्रित करने के नए तरीकों की खोज की गई। बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, और बुजुर्गों में एनीमिया नियंत्रण पर भी विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह, सीएमएस अजय कुमार सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसडी कंडपाल, डॉ. अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहे।

## बलरामपुर अस्पताल में वॉकी-टॉकी से लैस होंगे सुरक्षा कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में मरीजों-तीमारदारों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि चिकित्सालय में सुरक्षा कर्मियों के बीच त्वरित संचार सुनिश्चित करने के लिए वॉकी-टॉकी का इंतजाम किया गया है। इससे आपात स्थिति में भी शीघ्र प्रतिक्रिया संभव होगी। रोगियों से मिलने आने वाले परिजनों के लिए पास की व्यवस्था लागू की गई है। बिना पास के किसी को भी चिकित्सालय में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। एक रोगी के साथ केवल एक ही अटेंडेंट को अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा प्रवेश और निकास के लिए अतिरिक्त गेट और बैरियर की संख्या बढ़ाई गई है। इससे भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और सुरक्षा कर्मी अधिक कुशलता से निगरानी कर सकेंगे।

## फायरिंग में विधायक का भाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**चिनहट क्षेत्र का मामला, बाराबंकी निवासी है आरोपी**

**अमृत विचारः** चिनहट क्षेत्र में अयोध्या हाईवे स्थित आदर्श ढाबे की पार्किंग में फायरिंग की घटना में पुलिस ने बाराबंकी विधायक के भाई धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने बाराबंकी डीएम को रिपोर्ट भेजी है।

इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी के मुताबिक, शनिवार सुबह बाराबंकी मुनेश्वर विहार कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 380 बोर की पिस्टल और सात कारतूस बरामद किये। पूछताछ में धर्मेंद्र ने बताया कि बेटे ऋषभ, प्रिंस प्रॉपर्टी का काम करते हैं। इनके बीच 4 सितंबर को फोन पर गाली गलौज हुई थी। देर रात दोनों पक्ष आदर्श ढाबे पहुंचे। वहां भी झगड़ा होने लगा। धर्मेंद्र ढाबे पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगे। इस दौरान फायरिंग की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि फुटेज में धर्मेंद्र के हाथ में भी पिस्टल दिखी है। मौके से मिले खोखे और कारतूस का मिलान कराया जा रहा है। पिस्टल ब्लैस्टिक जांच के लिए भेजी है।

### मुठभेड़ में 20 हजार का इनामी बदमाश घायल

**अमृत विचार, बाराबंकी :** चेकिंग अभियान के दौरान रोके जाने पर जब बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी तो जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। वहीं इसका एक और साथी पकड़ा गया। बदमाश रिंकू कोरी 20 हजार का इनामी अपराधी है, जिसके विरुद्ध तीन जिलों में 20 से अधिक केस दर्ज हैं।

## वीजा के नाम पर ठगे डेढ़ लाख रुपये, मामला दर्ज

**अमृत विचार , बाराबंकी :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले पिता-पुत्र पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

श्रीचंद्र यादव पुत्र मिश्री लाल यादव और रिंकू यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी पूरे मुरली मझरिया नगला थाना पटरंगा जिला अयोध्या ने कोतवाली रामसनेहीघाट में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत तासीपुर गांव निवासी भारत यादव और उनके पुत्र अभय राज यादव, शमशेर यादव इन तीनों ने मिलकर 27 अगस्त 2022 को डेढ़ लाख रुपये विदेश भेजने के लिए वीजा और टिकट के लिए दिया गया था। 23 जनवरी 2023 को इन तीनों ने फर्जी वीजा और टिकट थमा दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### घर से निकले युवक का शव गांव के बाहर मिला

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के हयात नगर भौरा गांव निवासी युवक का खून से लथपथ शव गांव के बाहर खेत में पड़ा पाया गया। घटनास्थल हरदोई होने के कारण मल्लावां पुलिस कार्रवाई में जुटी है। मृतक के परिजनों द्वारा हत्या करने की आशंका जताई गई है। बेहटा मुज़ावर थानाक्षेत्र के हयात नगर भौंरा गांव निवासी 25 वर्षीय राहुल पुत्र रामलाल शनिवार दोपहर 2 बजे साइकिल लेकर घर से निकला था। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों द्वारा खोज की गई तो गांव के बाहर मक्का के खेत में खून से सना हुआ उसका शव पड़ा मिला।

### औद्योगिक क्षेत्र स्थित नाले में मिला युवक का शव

**बिछिया, उन्नाव, अमृत विचार :** दही थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की साइड-वन स्थित वर्कशॉप मोड़ के पास नाले में 40 वर्ष के युवक का शव पड़ा मिला। दुर्गंध आने पर स्थानीय दुकानदारों ने नाले में देखा तो वहां शव पड़ा था। इस पर उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नाले से बाहर निकलवाया और जामातलाशी ली। इसमें उसके पास एक पर्स मिली जिसमें मिले आधारकार्ड में उसका नाम साकिर अली पुत्र साबिर निवासी नानपारा जिला बहराइच लिखा है।

### रोडवेज बस की टक्कर से भट्ठा श्रमिक की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से ईंट भट्ठा श्रमिक की मौत हो गई। बिहार प्रांत के गया जिला निवासी नागेंद्र (40) पुत्र धुरी जमुवावा बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक ईंट भट्ठा में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। शनिवार देरशाम साढ़े सात बजे वह बाजार से भट्ठे पर लौट रहा था।

# मुख्य आरोपी विपिन 5 दिन की पुलिस रिमांड पर

## पुलिस माल बरामदगी के लिए मास्टरमाइंड को सूरत, रायबरेली व कानपुर लेकर जाएगी

**सर्राफा डकैती कांड**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर के चौक ठठेरीबाजार में करोड़ों की डकैती कांड के मास्टरमाइंड विपिन सिंह को शनिवार को रायबरेली जेल से सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने उसकी सात दिन की पुलिस रिमांड की मांग की। अदालत ने 8 सितंबर से 12 सितंबर शाम पांच बजे तक कुल पांच दिन की पुलिस रिमांड की अनुमति दी, लेकिन बचाव पक्ष ने राजपत्रित अधिकारी की देखरेख और वीडियोग्राफी की शर्त पर रिमांड देने की बात कही। सीजेएम नवनीत सिंह ने सुनवाई के बाद आदेश दिया है कि आरोपी को पांच दिन तक के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर ले जाए। इस दौरान आरोपी का मेडिकल परीक्षण भी कराया जाए। सुनवाई के बाद पुलिस आरोपी को रायबरेली जेल के लिए लेकर चली गई। बताया जा रहा है कि रिमांड के दौरान पुलिस माल बरामदगी को लेकर विपिन सिंह को लेकर रायबरेली, सूरत व कानपुर भी जाएगी। नगर कोतवाली के निरीक्षक एके द्विवेदी के नेतृत्व में रायबरेली पुलिस के साथ वहां से कैदी वाहन से विपिन सिंह को सुबह ही अदालत लॉकअप में लाया गया था।

### हाईकोर्ट में याचिका दाखिल, कल होगी सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर डकैती कांड में मास्टरमाइंड बताए जा रहे रायबरेली जेल में निरुद्ध आरोपी विपिन सिंह के भाई विवेक सिंह व विमल सिंह को अवैध तरीके से कस्टडी में रखने को लेकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल हो गई है। मामले में नौ सितंबर को सुनवाई होगी। वादी के अनुसार विमल सिंह व विवेक सिंह के संबंधित वीडियो, फुटेज व मोबाइल लोकेशन संबंधित साक्ष्य कोर्ट में दाखिल किए है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग को आरोपों से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी दी है। सर्राफा लूटकांड का मास्टर माइंड बताया जा रहा विपिन सिंह शनिवार को सुलतानपुर सीजेएम की अदालत में कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया। पेशी के बाद बाहर निकलते हुए पुलिस अभिरक्षा के दौरान ही मीडिया से कहा कि मेरा एनकाउंटर हो सकता है।

### मंगेश यादव एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सर्राफा की दुकान पर डकैती में वांछित मंगेश यादव के एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटी जांच होगी। डीएम ने एसडीएम लम्भुआ को 15 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। बीते 5 सितम्बर को जौनपुर के बक्शा क्षेत्र के अगरौरा निवासी अपराधी मंगेश यादव उर्फ पुंगे का एसटीएफ ने कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज के पास एनकाउंटर किया था। इस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई दलों ने सवाल उठाए थे। वहीं मंगेश के परिजनों ने भी एसटीएफ व पुलिस पर आरोप लगाए हैं। एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने बताया कि एसडीएम लंभुआ को जांच सौंपी गयी है।

### अमिताभ ठाकुर ने मानवाधिकार आयोग से की शिकायत

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मंगेश एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंगेश के पिता के बयान को मुद्दा बनाते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मंगेश के पिता राकेश ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को बीते 2 सितम्बर को दिन में उठाया गया और दो दिन अपने पास रखकर पांच सितम्बर को अल सुबह उसकी हत्या की गयी।

# चंपत राय ने दी गवाही, हुई जिरह

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का लोगो लगाकर मंदिर निर्माण के लिए श्रीरामलला के नाम से अयोध्या कार्यालय राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का लोगो लगाकर मंदिर निर्माण के लिए श्रीरामलला के नाम से ट्विटर अकाउंट व वेबसाइट बनाकर दान इकट्ठा करने के मामले में गवाही शुरू हो गई है। शनिवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गवाही दी। सिविल जज सीनियर डिवीजन अतुल पाल की अदालत में वह उपस्थित हुए। उनका बयान दर्ज हुआ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने उनसे जिरह की।

आरोपी के अधिवक्ता ज्ञान त्रिपाठी व प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट चंपत राय बंसल ने यह कहते हुए दर्ज कराई थी कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश होने के बाद 5 फरवरी 2020 को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नाम से दिल्ली में ट्रस्ट गठित हुआ। पंजीकृत कराया गया। उक्त ट्रस्ट के पंजीकरण के पश्चात भारत सरकार द्वारा अयोध्या में अधिग्रहीत की गई संपूर्ण भूमि व उससे संबंधित समस्त चल अचल संपत्ति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट को हस्तांतरित कर दी गई। ट्रस्ट ने 19 फरवरी 2020 को अपनी प्रथम बैठक में प्रस्ताव पारित करके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नया घाट अयोध्या में अपना खाता खोला। ट्रस्ट द्वारा अभी तक कोई वेबसाइट व ट्विटर संचालित नहीं किया गया है। ट्रस्ट ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए देश में धन संग्रहित करने को एकमात्र अधिकृत है।

# पीड़ित परिवार की सुरक्षा में पुलिस तैनात

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के दुष्कर्म पीड़िता के साथ महिला सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार की सुरक्षा में रात को पुलिस पिकेट लगाई जा रही है। क्षेत्राधिकार मिल्कीपुर श्रेयश तिवारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सुरक्षा की व्यवस्था कर दी गई है। घटना के मुख्य आरोपी शहबान का न्यायालय से रिमांड पुलिस को मिल गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का बयान कराने के लिए वह स्वयं कचहरी में मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अन्य आरोपी मानू को पकड़ने के लिए पुलिस टीम जुटी है। धमकी देने में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं।

### दुष्कर्म की घटनाएं रोकने में प्रदेश सरकार फेल: कांग्रेस

**कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात**

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय दलित किशोरी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय तिवारी के नेतृत्व में पहुंचा। 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पीड़ित परिवार से मिला। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश सरकार दुष्कर्म की घटनाएं रोकने में फेल है।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से परिवार को आर्थिक सहायता और उसकी सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल व्यवस्था की मांग की। कहा कि इस तरह की घटनाओं में अपराधी जो भी हो, प्रदेश सरकार उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे।



कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पीड़िता के घर। अमृत विचार

# पुलिसकर्मियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में 28 सदस्यीय पुलिस अफसरों के दल ने लद्दाख स्थित हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दल में कई राज्यों की पुलिस और सीएपीएफ के अधिकारी शामिल थे।

एन. प्रकाश रेड्डी, डीआईजी, तेलंगाना पुलिस समूह के उपनेता के रूप में शामिल हुए। आदित्य एस. वारियर, एसपी ने पंजाब पुलिस का प्रतिनिधित्व किया। हरियाणा पुलिस के एएसआई सचिन मलिक दल के सदस्य थे। श्रद्धांजलि के दौरान पुलिस दल को 86 वर्षीय सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान भी प्राप्त हुआ जो 21 अक्टूबर 1959 की घटना के दौरान चीनी सैनिकों के सामने डंटकर खड़े रहने वाले गश्ती दल के सदस्य थे। यह स्थल समुद्र तल से 15, 400 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दुर्गम और निर्जन क्षेत्र में भारतीय पुलिस बल के लिए एक पवित्र स्थल है। यह स्मारक 1959 में दस सीआरपीएफ जवानों की शहादत की याद में बना था। 1960 से इस स्थल पर हर साल श्रद्धांजलि अर्पित करने की परंपरा है जो आज भी कायम है। आरपीएफ के महानिदेशक की कार्यक्रम में भागीदारी पुलिस समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।



शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पुलिस अफसर। अमृत विचार

# 535 टिकट काउंटरों पर लगी क्यूआर डिवाइस

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** यूटीएस., पीआरएस तथा यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों पर टिकटों के भुगतान के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों के 535 टिकट काउंटरों पर क्यूआर डिवाइस लगा दिये गये हैं। जिसमें लखनऊ मंडल पर 221, वाराणसी मंडल पर 161 तथा इज्जतनगर मंडल पर 153 क्यूआर डिवाइस लगाये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे शत-प्रतिशत क्यूआर डिवाइस लगाने की सूची में अन्य तीन क्षेत्रीय रेलों के साथ सम्मिलित हो गया है। इन क्यूआर डिवाइस के लग जाने से यात्रियों को डिजिटल भुगतान की सुविधा के साथ ही नकद एवं फुटकर पैसों के लिये होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। पहले यू.पी.आई. के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा ऑनलाइन टिकट बुकिंग हेतु उपलब्ध थी परन्तु इन क्यूआर डिवाइसों के लग जाने से अब यूटीएस, पीआरएस तथा यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों पर टिकट बुकिंग हेतु भी डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध हो गई है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### फर्जी आईबी अफसर बनकर वसूली करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** जीएचएस स्कूल में आईबी अफसर बनकर धौंस जमाकर एडमिशन का दबाव डालने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि वह शहर के प्रतिष्ठित स्कूल एवं कालेज में दबाव बनाकर दाखिला कराकर अभिभावक से मोटी रकम वसूलता था। मामले में जीएचएस की प्रिंसिपल ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कैलाश पुरी कॉलोनी शिवकुटी निवासी आकाश त्रिपाठी खुद को नेशनल इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बनकर फोन किया और स्कूल में छात्राओं के एडमिशन के लिए दबाव बनाता था।

# ट्रक ने तीन छात्राओं को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** साइकिल सवार तीन छात्राओं को राष्ट्रीय राज्यमार्ग बरुआ चौराहे के समीप बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। जिसमें एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य की हालत नाजुक होने पर उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ट्रक में तोड़फोड़ की। इसके बाद सड़क पर छात्रा का शव रखकर रायबरेली-प्रतापगढ़ मार्ग को चक्का जाम कर दिया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को नहीं समझा पाई तो पहुंचे एसडीएम सलोन ने ग्रामीणों को शांत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को सरकारी कॉलोनी और घायलों के समुचित इलाज की राशि दिलाई जाएगी।

कोतवाली अंतर्गत पूरे नारायण मजरे कालू जलालपुर निवासी साइकिल सवार छात्रा कंचन (17) पुत्री रतिपाल कक्षा 8, शैलजा (16) रामशंकर कक्षा 8 और 10वीं की छात्रा आरती (16) पुत्री स्व. रघुनाथ करहिया बाजार स्थित कान्हा शिक्षा निकेतन विद्यालय जा रही थी। सुबह लगभग पौने आठ बजे के करीब बरुआ पुल चौराहे पर प्रतापगढ़ की तरफ से सलोन की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने विपरीत दिशा में जाकर तीनों छात्राओं को टक्कर मार दी।

# छात्र को लोहे की रॉड से पीटा

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार:** विकास खण्ड की कटियामऊ ग्राम सभा स्थित परिषदीय जूनियर विद्यालय में प्रधानाध्यापिका ने एक छात्र को लोहे की रॉड से पीटकर स्कूल से भगा दिया। जिसके बाद लगभग एक दर्जन अभिभावकों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर प्रधानाध्यापिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। कक्षा सात के छात्र विनायक चौरसिया ने बताया शनिवार को उसे बिना गलती के ही लोहे की रॉड से पीटकर विद्यालय से भगा दिया और दोबारा विद्यालय आने से मना कर दिया। छात्र अपने अभिभावक और ग्राम प्रधान सहित अन्य अभिभावकों के साथ विद्यालय जा पहुंचा। इस पर प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय के एक कक्ष में स्वयं को बंद कर लिया। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने बताया कि इसकी वह शासन-प्रशासन से लिखित शिकायत करेंगी।

# ब्रजभूषण ने रेसलर बजरंग पूनिया व दिनेश फोगाट पर साधा निशाना

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नंदिनी नगर महाविद्यालय में शनिवार को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने नवाबगंज तथा वजीरगंज में 10वीं तथा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने रेसलर बजरंग पूनिया व दिनेश फोगाट पर जमकर निशाना साधा। बजरंग व विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर बृजभूषण ने कहा कि यह तो होना ही था। कांग्रेस नेता इन दोनों के संपर्क में पहले से थे उनके खिलाफ रची गई साजिश में कांग्रेस सीधे तौर पर शामिल थी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा व भूपेंद्र हुड्डा पर हमला करते हुए बृजभूषण ने कहा कि दोनों पत्नियों को आगे कर राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। बजरंग पुनिया भी अपनी पत्नी का इस्तेमाल कर रहा है। पूर्व सांसद बृजभूषण ने बजरंग पूनिया को हरियाणा का खलनायक बताते हुए कहा कि उनके सामने बजरंग की कोई औकात नहीं है।

### पदोन्नति और पैसे के लिए पुलिस कर रही एनकाउंटर : ब्रजभूषण

एक टीवी चैनल से बातचीत में जौनपुर में मंगेश यादव एनकाउंटर पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सरकार की गलती नहीं है, पुलिस पदोन्नति और पैसे के लिए एनकाउंटर कर रही है। उन्होंने सपा मुखिया के बयान कि 'जाति देखकर एनकाउंटर किया जा रहा है' को गलत बताया। बृजभूषण ने कहा कि यह सही नहीं है लेकिन पुलिस भी ठीक नहीं कर रही है। पूर्व सांसद ने कहा कि वह पहले से बुलडोजर नीति के खिलाफ हैं और ऐसे ही किसी का घर नहीं ढहाया जाना चाहिए।

### एसओजी ने मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी को दबोचा

**उरई, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिला के हत्यारोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा की गई फायरिंग से उसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ऊसरगांव में बीते दिन 3 सितम्बर को गौशाला के पीछे एक खेत में महिला का शव नग्न हालत में बरामद हुआ था। जिसकी हत्या सिर में गहरी चोट मारकर की गई थी। महिला मानसिक रोगी थी, जो अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। इस हत्या को लेकर उसके पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बुआ की गोली मारकर हत्या

**संवाददाता, सरीला (हमीरपुर), अमृत विचार:** जरिया में शुक्रवार रात मकान के बंटवारे के विवाद में युवक ने बुआ और उसके बेटे को गोली मारी दी, जिससे बुआ की मौत हो गई, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है है।

जरिया निवासी मनीष कुमार (18) पुत्र प्रमोद कुमार अनुरागी ने पुलिस को बताया कि बताया कि उसकी मां गायत्री देवी अपने मायके में पिता अंगद अनुरागी के साथ करीब 16 वर्ष से रह रही थीं। शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे वह पढ़ाई कर रहा था। उसकी मां बाथरूम गई थी। जैसे ही वह बाथरूम से बाहर निकली तो मामा का लड़का अमित कुमार उनसे झगड़ने लगा और विरोध करने पर उन्हें गोली मार दी।

गोली की आवाज सुनकर जब वह बाहर दौड़ा तो उसे भी गोली मार दी और मौके से भाग गया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष कुमार व गायत्री को सरीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने गायत्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि मनीष की हालत गंभीर होने पर कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


## कार्यालय नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट

पत्रांक— /नंपं0राजापुर/2024—25, दिनांक—

**भवन स्वामित्व नामान्तरण सम्बन्धी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने उनके नाम के सामने अकिंत भवन/स्वामित्व, नामान्तरण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में दिया है, उक्त नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में दे सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण के लिए प्रार्थी/आवेदन का नाम | मकान नं0/प्लाट | नगर पालिका परिषद अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी/अध्यासी का नाम | भवन सं0 एवं मुहल्ला एवं नामान्तरण के लिए आवेदन किया गया है। | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुनीता देवी पत्नी स्व0 रामबाबू, अजीत कुमार पुत्र स्व0 रामबाबू, रोशन पुत्र स्व0 रामबाबू | 304 | सुनीता देवी पत्नी रामबाबू | 304/दक्षिणनाका पश्चिमी भाग वार्ड नं0 05 राजापुर | वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार |
| 2 | राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुत्र शिवनाथ गुप्ता | 114 | शिवनाथ गुप्ता पुत्र बैजनाथ गुप्ता | 114/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग राजापुर | वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार |
| 3 | अरुण कुमार पुत्र स्व0 रामआसरे | 119 | रामआसरे पुत्र शीतल | 119/माधौगंज धोबीगज राजापुर | वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार |
| 4 | रुपा देवी त्रिपाठी पत्नी रामबाबू त्रिपाठी | 112 | मन्नीलाल पुत्र जगदेव | 112/वार्ड नं0 07 रुपौलिहा टोला | वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार |
| 5 | दिनेश पुत्र बेला प्रसाद | प्लाट | — | माधौगंज राजापुर | इकरार नामा के आधार पर |
| 6 | गुडड़ी देवी पत्नी कमलेश | प्लाट | — | माधौगंज राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 7 | राम राज्य पाण्डेय पुत्र जगमोहन पाण्डेय | प्लाट | — | वार्ड नं0 04 बाइपास रोड़ कारखाना | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 8 | सत्यवान शुक्ला आदि पुत्र स्व0 जगदीश शुक्ला | 33,34,35,40,89 | जगदीश शुक्ला पुत्र बाबूलाल | रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग | वारिश के आधार पर |
| 9 | मुन्नी देवी पत्नी स्व0 रजवन्त सिंह | 186 | रजवन्त सिंह पुत्र मुन्नू सिंह | वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर | वारिश के आधार पर |
| 10 | मैना देवी पत्नी कपेश सोनकर | — | — | वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर | हलफनामा के आधार पर |
| 11 | सुन्ता देवी पत्नी उमेश सोनकर | — | — | वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर | हलफनामा के आधार पर |
| 12 | मोहनलाल पुत्र शिवप्रसाद | प्लाट | — | वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 13 | ममता गोस्वामी पत्नी सिकन्दर गोस्वामी | 216 | अकुंश कुमार पुत्र सन्तोष कुमार | वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 14 | लक्ष्मीनारायण मिश्र पुत्र स्व सत्यदेव मिश्रा | 104 | कुलदीप पुत्र राजेन्द्र | 104/वार्ड नं0 09 अंजहाई राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 15 | श्रीमती मधुकला पत्नी श्री राजू | 135 | मो0 शब्बीर पुत्र रमजान अली | 135/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 16 | श्रीमती चुनकी देवी उर्फ अर्चना पत्नी शैलेश | — | — | वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 17 | रमेश गुप्ता, राकेश पुत्र स्व0 छोटेलाल, दिब्याशं पुत्र स्व0 राजेश | 51 | छोटेलाल पुत्र बल्देव | 51/ माधौगंज राजापुर | वारिश के आधार पर |
| 18 | उमेश कुमार सोनी पुत्र शंकर लाल सोनी | 11 | श्री शिवा पुत्र शिवपूजन | 11/ वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 19 | नीरज शिवहरे पुत्र स्व0 शंकर लाल शिवहरे, मोहिनी जायसवाल पत्नी स्व0 रामदास शिवहरे | 108 | श्रीमती हंसवती पत्नी स्व0 शंकर लाल | 108/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग | दान रजिस्ट्री के आधार पर |
| 20 | मालती देवी पत्नी वंशीलाल | — | — | वार्ड नं0 08 कटरा पश्चिम भाग राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 21 | दिलीप सोनी पुत्र उजागर सोनी | — | निर्मल चन्द्र पुत्र भूपेन्द्र नाथ | रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 22 | उरगेश पुत्र मंगल सोनकर | — | — | वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर | खतौनी के आधार पर |
| 23 | रामसखी पुत्री स्व0 रामभरोसा | — | — | वार्ड नं0 14 मानसनगर राजापुर | हलनामा के आधार पर |
| 24 | लक्ष्मी देवी पत्नी प्रताप चन्द्र | 83 | प्रताप चन्द्र पुत्र शिवमंगल | 83/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग | हलनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 25 | उमाशंकर केशरवानी पुत्र रामनरेश | 191 | स्व0 रामनेरश पुत्र हनुमानप्रसाद | 191/वार्ड नं0 14 मानस नगर राजापुर | वारिस के आधर पर |
| 26 | गया प्रसाद पुत्र सुन्दर लाल | — | सुन्दरलाल पुत्र तुलसी | चिल्लीमल, तह0 राजापुर चित्रकूट। | वारिस के आधर पर |
| 27 | सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र सुन्दर लाल | 86 | सुन्दरलाल पुत्र कन्हैला लाल | 86/वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला राजापुर | आपसी बटवारा के आधार |
| 28 | हुब्बलाल सोनी पुत्र वंश गोपाल | — | लक्ष्मनदत्त पुत्र रामआसरे | कर्वी राजापुर पुरानी प्रेट्रोल पम्प के पास | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 29 | शिवमूरत पुत्र रामशरन | 135 | रामचरन उर्फ लाला | सोनरहटी गली, मानस नगर राजापुर | हलफनामा के अनुसार |
| 30 | सन्तोष कुमार निषाद पुत्र कन्धई निषाद | — | राममिलन वर्मा | माधवगंज राजापुर जनपद चित्रकूट। | इकरार नामा के आधार पर |
| 31 | शीतल प्रसाद सोनकर पुत्र गोपी | 67 | — | वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर | इकरार नामा के आधार पर |
| 32 | भगवानदास पुत्र बच्चनराम | — | सुनिता निषाद पत्नी महेश | रुपौलिहा टोला राजापुर | शपथ पत्र के आधार पर |
| 33 | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी रामू वर्मा | — | कामिनी देवी पत्नी अखिलेश | माधौगंज धोबीगंज राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 34 | सुषमा जायसवाल पत्नी ज्ञानप्रकाश जायसवाल | — | शेखकालू पुत्र शेखनूर मुहम्मद | गयागंज राजापुर चित्रकूट | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 35 | श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी अरबिन्द गुप्ता | — | उमेश कुमार केशरवानी पुत्र जमुना प्रसाद | वार्ड नं0 05 दक्षिणी नाका पश्चिमी भाग राजापुर चित्रकूट। | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 36 | पंकज,नीरज, धीरज पुत्रगण सुरेश चन्द्र कुशवाहा | — | मनीष कुमार पुत्र सीताराम | वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 37 | मंजू देवी पत्नी राजेश, राकेश, जितेन्द्र पुत्रगण बिन्देश्वरी | 130 | श्रीमती कंचन पत्नी बिन्देश्वरी | 130/वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका, राजापुर जनपद चित्रकूट। | वारिस के आधार पर |
| 38 | गोपाल जी अग्रवाल पुत्र स्व0 गोपेश्वर नाथ अग्रवाल | 15, 16 | गोपेश्वर नाथ पुत्र रेवती लाल | वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला दक्षिणी नाका | वारिस के आधार पर |

## एक नजर

### रामनगर-पौड़ी हाईवे पर 3 घंटे ठप रहा यातायात

**अल्मोड़ा :** सल्ट के मोहान में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से पन्याली नाला उफान पर आ गया। जिससे रामनगर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग में तीन घंटे यातायात बाधित रहा। इस दौरान यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पन्याली नाले में पानी बढ़ने से तमाम छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। कुछ देर बाद नाले में जल स्तर कम हुआ तो नाले के साथ बहकर आये बोल्डर और मलबे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सूचना पर पहुंची लोनिवि की जेसीबी से मार्ग से मलबा और बोल्डर हटाकर किसी तरह यातायात को सुचारू कराया।

### द्वाराहाट के तनुज बिष्ट सेना में लेफ्टिनेंट बने

**अल्मोड़ा :** नगर के होनहार लाल ने भारतीय सेना में अफसर बन क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शनिवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में आयोजित पासिंग आउट परेड में अंतिम पग भरते ही ग्राम तैलीसुनोली (दड़माड़) निवासी तनुज बिष्ट सेना में लेफ्टिनेंट बन गये। परेड में भाग लेने पहुंचे तनुज के माता-पिता ने शान से बेटे के कंधों पर स्टार लगाए। तनुज की 8वीं तक की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली तथा 12वीं तक की शिक्षा शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल कोटा से हुई। इसके बाद जयपुर से बीटेक करने के बाद वर्ष 2022 में सीडीएस क्वालीफाई कर अब सेना में अफसर बन गए है।

# अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले गैंग का भंडाफोड़

## छापेमारी के दौरान सरगना छात्र समेत छह गिरफ्तार, पांच फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री से 315 बोर के 17, 12 बोर के तीन बने व 30 अधबने तमंचा और उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने सरगना छात्र समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच मौके से फरार हो गए। मिर्जापुर वेब सीरीज जैसा भौकाल बनाने के लिए एक निजी विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर का छात्र सतेंद्र 888 नाम से गैंग बनाकर हथियारों की आपूर्ति करता था।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मझोला थाना क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर में मकान की छत पर टिन शेड बनाकर कई वर्षों से अवैध हथियारों का निर्माण किया जा रहा था। इसके बाद इनकी आपूर्ति की जाती थी। एक तमंचा पांच हजार रुपये में बेचते थे। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी रियासत (कारीगर ), लाकड़ी पुरानी चामुंडा निकट निवासी साहिल, विकास नगर का दुष्यंत, गलशहीद के असालतपुरा निवासी समीर, बिलारी के अहरोला मल्लपुर निवासी अमन और रामपुर के सैफनी थाना के गांव जटपुरा निवासी छात्र सतेंद्र को गिरफ्तार किया है। अंधा हनीफ की मृत्यु के बाद रियासत बड़े भाई की विरासत संभाल रहा था। रियासत तमंचा बनाने का मास्टर है। दुष्यंत, समीर और साहिल कई शहरों में हथियारों की सप्लाई करते थे। लंबे अरसे से यह गोरखधंधा चल रहा था।



अवैध शस्त्र बनाने वाले गिरोह का खुलासा करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

- **कई शहरों में करते थे हथियारों की सप्लाई, एक तमंचे की कीमत थी पांच हजार**
- **बड़ी संख्या में बने-अधबने तमंचा समेत उपकरण बरामद**

## मजिस्ट्रेट चेकिंग में पकड़े गए 73 यात्रियों का हुआ चालान

**काशीपुर :** बरेली इज्जतनगर मंडल से पहुंची रेल विभाग की संयुक्त टीम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अलीगंज में ट्रेन रोककर चेकिंग की। इस दौरान पकड़े गए 73 यात्रियों का मौके पर चालान किया गया।

शनिवार को बरेली से पहुंची रेल विभाग की टीम ने अलीगंज आउटर पर दो ट्रेन रोककर बेटिकट यात्रियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 73 बेटिकट यात्रियों से मौके पर ही जुर्माना वसूला। साथ ही 25 बेटिकट यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्होंने बेटिकट यात्रियों को हल्द्वानी से आए रेल मजिस्ट्रेट धीरेंद्र भट्ट की कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया।

# तीन अधिवक्ताओं सहित चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**मोहिनी हत्याकांड**

- **पुलिस ने कोर्ट में किया पेश सीजेएम ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजा**

**अमृत विचार :** महिला अधिवक्ता हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन अधिवक्ताओं सहित चार को गिरफ्तार किया है। चारों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। देर शाम मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर 3 सितंबर को न्यायालय परिसर से लापता हो गई थीं। उनका शव 4 सितंबर की शाम गांव रजपुरा के निकट नहर में मिला था। अधिवक्ता के पति बृजतेंद्र तोमर ने अधिवक्ता मुस्तफा कामिल सहित छह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को पुलिस ने अधिवक्ता मुस्तफा कामिल, उनके बेटे विधि छात्र असद मुस्तफा, अधिवक्ता हैदर मुस्तफा, सलमान को गिरफ्तार के बाद न्यायालय में पेश किया। देर शाम तके चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। दो आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

**अभी नहीं बता सकते हत्या का कारण :** पुलिस अधिकारियों से जब मीडिया कर्मियों ने हत्या का कारण जानने को सवाल किया तो एएसपी राजेश भारती ने कहा कि पूछताछ में हत्या का कारण भी पता चल गया है, लेकिन अभी कई पहलुओं पर जांच होनी है। इसलिए हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सकता।

**अधिवक्ता बोले, हुआ अन्याय**

वरिष्ठ अधिवक्ता जयकुमार ने तीनों अधिवक्ता और विधि छात्र की गिरफ्तारी को गलत बताया । उन्होंने कहा कि ऐसा राजनीति से प्रेरित होकर किया गया है। अधिवक्ता साथी आरोपी नहीं हैं। शुक्रवार की शाम कासगंज एसपी अपर्णा रजत कौशिक से मुलाकात की गई तब भी उन्होंने भरोसा दिया कि अधिवक्ताओं को हिरासत में नहीं लिया जाएगा, लेकिन पुलिस ने अधिवक्ताओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। मामले को लेकर उच्च न्यायालय का सहारा लिया जाएगा।

अधिवक्ता आरोपियों और एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

–राजेश भारती, एएसपी

# दुष्कर्म के आरोप में उद्यमी ओमर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- **हजरतगंज इलाके की एक महिला ने दर्ज कराया था मुकदमा**

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के आरोप में उद्यमी व आईआईए के पूर्व चैप्टर चेयरमैन व किड जी स्कूल के प्रबंधक अभिनव ओमर को शनिवार दोपहर को उनके किड जी स्कूल से लखनऊ क्राइम ब्रांच व सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभिनव को क्राइम ब्रांच अपने साथ लखनऊ ले गई। करीब महीने भर पहले लखनऊ के हजरतगंज महिला थाने में एक युवती ने अभिनव ओमर के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2020 में शाहजहांपुर में आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात आईआईए के पूर्व चैप्टर चेयरमैन व किड जी स्कूल के प्रबंधक अभिनव ओमर से हुई। वह पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव संस्था शुरू करना चाह रही थीं। इसकी जानकारी अभिनव ओमर को थी। 11 सितंबर 2020 को पैर में फ्रैक्चर हो जाने के कारण वह संस्था का पंजीकरण नहीं कर पा रही थी। इस पर पीड़ित महिला ने अभिनव ओमर से संपर्क किया। तब अभिनव ओमर ने कहा कि दोनों लोग मिलकर संस्था का काम करेंगे।

आरोप है कि बाद में ओमर बिना महिला की मर्जी के संस्था का अध्यक्ष बन गये। उन्होंने अपनी पत्नी रोशनी को सचिव और पीड़िता को उपाध्यक्ष बना दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि अभी उसकी तबीयत ठीक नहीं है। बाद में आरोपी उसे लखनऊ लेकर आ गया। जहां 3 नवंबर 2022 को एक स्थान पर बिना पीड़िता की मर्जी के शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने धमकी दी कि किसी को बताया तो एसिड फेंक कर झुलसा देंगा। इसके बाद 11 अप्रैल 2023 को पीड़िता के घर आकर जबरन संबंध बनाए और अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। इस पर पीड़िता ने लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में आरोपी अभिनव ओमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

शनिवार दोपहर अभिनव ओमर जिला न्यायालय के पास स्थित अपने स्कूल में था। उसी दौरान लखनऊ क्राइम ब्रांच वहां पहुंची और स्कूल को चारों ओर से घेरकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें थाना सदर बाजार ले जाकर लिखा-पढ़ी की। इसके बाद अपने साथ लखनऊ ले आई। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि लखनऊ की क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ा और अपने साथ ले गई।

## पीलीभीत में हिंसक हुए सियार, 10 लोगों को किया घायल

**पीलीभीत :** बाघ और तेंदुए के आतंक के बाद अब जनपद में सियार हिंसक होने लगे हैं। पूरनपुर और अमरिया क्षेत्र में आबादी में पहुंचे सियारों ने 10 लोगों को घायल कर दिया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ और तेंदुए आए दिन जंगल से सटे इलाकों में हमला करते रहते है। अमरिया तहसील क्षेत्र के सुस्वार गांव में शनिवार सुबह सियार ने आठ लोगों को घायल कर दिया। उधर पूरनपुर क्षेत्र में तीन दिन के भीतर दोबारा हमला किया। घास काटने खेत पर गए दादा और पोता घायल हो गए। वन विभाग और पुलिस के अधिकारी गांव पहुंचे और जानकारी जुटाई। निगरानी के लिए टीम भी लगाई गई हैं। बता दें कि पूरनपुर के गांव जादोपुर में तीन दिन पहले भी सियार का हमला हुआ था जिसमें दो बच्चे समेत तीन लोग घायल हुए थे।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 11 हत्याओं का आरोपी

ब्यूरो, देहरादून

- **बिहार का कुख्यात आरोपी रंजीत है दो लाख का इनामी**
- **पटना में थाने के बाहर की थी खनन व्यवसायी की हत्या**

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स और पौड़ी गढ़वाल पुलिस की संयुक्त टीम ने बिहार के कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया रंजीत चौधरी बिहार का दो लाख का इनामी है। उस पर 11 हत्याओं का आरोप है और लूट, डकैती, रंगदारी और बलवा के मामले में 27 से ज्यादा मुकदमे हैं। इस शातिर अपराधी ने दो वर्ष पहले रनिया (पटना) में थाने के सामने खनन व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर के नेतृत्व में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। बिहार पुलिस की सूचना पर एसटीएफ व पौड़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने बिहार के दो लाख के इनामी अपराधी रंजीत चौधरी निवासी बेलापुर थाना उदवंत नगर, बिहार को ऋषिकेश के पास लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र से देर रात गिरफ्तार किया। यह अपराधी लक्ष्मण झूला क्षेत्र में एक होटल में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ठहरा हुआ था। इसके विरुद्ध बिहार एवं झारखंड राज्य में करीब 27 मुकदमे पंजीकृत हैं, जिसमें से 11 रंजिशन हत्या, सुपारी लेकर हत्या और शेष 16 मुकदमे लूट, रंगदारी, फिरौती, हत्या का प्रयास और बलवा के पंजीकृत हैं।

एसटीएफ के मुताबिक रंजीत 12वीं पास है, उसके परिवार की गांव में रंजिश हो गई थी। जिसमें उसके पिता व भाई की हत्या हो गई थी। बदले में उसने पिता व भाई की हत्या में शामिल लोगों की हत्या कर दी। फिर वह झारखंड में खनन के काम में लग गया, लेकिन वहां भी दुश्मनी हो गई। वहां खनन से जुड़े कई लोगों की हत्या की। साथ ही रंगदारी वसूलने के साथ ही अपहरण भी करने लगा।

## अस्पताल का बिल भरने के लिए तीन वर्ष के बेटे को बेचा

**कुशीनगर :** जिले में एक व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती पत्नी और नवजात शिशु की छुट्टी कराने के लिए अपना तीन वर्ष के बेटे को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। आर्थिक तंगी के चलते हताशा में किए गए इस कार्य की आलोचना होने पर स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आया।

बरवा पट्टी निवासी हरीश पटेल ने पत्नी का प्रसव कराने के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालांकि, अस्पताल की फीस भरने में असमर्थ रहने पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल से नहीं जाने दिया गया। इससे निराश होकर बच्चे का पिता शुक्रवार को बच्चा गोद लेने की एक फर्जी समझौते के तहत महज कुछ हजार रुपये में अपने बेटे को बेचने के लिए राजी हो गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इस अपराध में शामिल बिचौलिया अमरेश यादव समेत पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

# गर्दन की नस में धंसा छर्रा, बाल-बाल बची वन सिपाही की जान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीपल पड़ाव वन रेंज की टीम पर सागौन लकड़ी तस्करों की फायरिंग में घायल रेंज अधिकारी व वन आरक्षी का सफल ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर्स की टीम ने कर दिया है।

गनीमत यह रही कि वन आरक्षी की गर्दन में धंसा छर्रा सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया गया, वरना वन सिपाही की जान जोखिम में पड़ सकती थी।

शुक्रवार की शाम को पीपल पड़ाव वन रेंज के जंगलों में वन तस्करों ने वन विभाग की टीम पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। जिसमें रेंज अधिकारी रूप नारायण गौतम, वन दरोगा हीरा सिंह और वन सिपाही कमल कुमार और सुभाष शर्मा 12 बोर के छर्रे लगने के कारण घायल हो गए थे। घायलों को मेडिकल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएस शाह के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने वन सिपाही कमल कुमार और रेंज अधिकारी का सफल ऑपरेशन किया। प्राचार्य डॉ. शाह ने बताया कि वन आरक्षी कमल कुमार की स्थिति बेहद नाजुक थी। उन्होंने बताया कि नस के ऊपर छर्रा धंसा हुआ था। जिसे निकाल दिया गया। वहीं रेज अधिकारी रूप नारायण गौतम के पेट में फंसे छर्रें को भी सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया गया है। अब दोनों ही वन कर्मी खतरे से बाहर हैं।

## वर्ग पहेली-185

**बाएं से दाएं**

3. धनुष की डोरी, प्रत्यंचा, चिल्ला।
5. 1. गले का गहना 2. एक तरह की मछली।
6. 1. खींचना 2. तानना।
9. नाम से रहित, जिसका कोई नाम न हो।

**ऊपर से नीचे**

1. कंटिया में मछली फंसने पर उसे बंसी के द्वारा खींचकर बाहर निकालना।
2. 1. सहारे की वस्तु, ठेक 2. ठहरने या रुकने की जगह, अड्डा 3. थपेड़ा, हलका आघात 4. तबला या ढोलक बजाने की वह रीति जिसमें पूरे बोल न निकाले जाएं
4. 1. जुड़ना, पकड़ना 2. किसी का गले या छाती से लग जाना, चिपकना 3. मिल जाना, लग जाना, सट जाना 4. किसी के पीछे पड़ जाना 5. गुंथना, लिपटना।
5. 1. हलके आघात से भी टूट जाने वाला 2. चुनचुनाने वाला, हलकी खुजली उत्पन्न करने वाला 3. तुनकमिज़ाज, चिड़चिड़ा।
7. सरल, जो कठिन न हो; सहज।
8. 1. एक पौधा जिसका तना मज़बूत और बहुत लचीला होता है जिससे कुरसियां बनाई जाती हैं




**वर्ग पहेली -184 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | | | 2 चि | | |
| ग | | 3 फ | ड़ | का | 4 ना |
| त | | | चि | | य |
| | 5 झों | 6 प | ड़ा | | ब |
| 7 चा | | 8 ठ | ना | का | |
| ल | | नी | | | |
| | 9 डा | य | बि | टी | ज |

# 24 वर्ष बाद भी गांवों में नहीं हैं स्वास्थ्य सेवाएं

ब्यूरो, भीमताल



धारी ब्लॉक में पूर्वप्रधान को पीठ पर लादकर लाता युवक।

- **पूर्व प्रधान को पांच किमी तक पीठ पर लादकर लाए, फिर 20 किमी दूर इलाज के लिए ले गए**

**अमृत विचार :** धारी ब्लॉक में सड़क व स्वास्थ्य सेवाएं बदतर हालत में हैं। हालत यह है कि ब्लॉक के एक दूरस्थ गांव दुदली की पूर्व प्रधान की तबीयत बिगड़ गई। तब गांव के युवा उन्हें पीठ पर लादकर पांच किमी की दूरी पैदल तय कर मोटर मार्ग तक पहुंचे। फिर उन्हें 20 किमी दूर पदमपुरी स्थित सरकारी अस्पताल ले गए। गनीमत रही है कि तब तक हालत ज्यादा नहीं बिगड़ी।

राज्य गठन के 24 वर्ष पूरे होने को है, फिर भी सरकार व जिला प्रशासन धारी ब्लॉक के दर्जनों गांवों को मोटर मार्गों से जोड़ने में नाकाम रहा है। इसका खामियाजा बुजुर्गों, मरीजों को झेलना पड़ता है। सरकार की नाकामी झेल रहे दूरस्थ गांव दुदली भी इन्हीं दर्जनों गांवों में से एक है। इस गांव की पूर्व प्रधान नंदी देवी की हालत बिगड़ गई। वह चलने फिरने में लाचार हो गई और मोटर मार्ग नहीं होने से कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच सकता था।

ऐसे में गांव के युवा धर्मपाल, सुरेश चंद्र, विद्यासागर, दयाल राम, सुभाष चंद्र, हरीश चंद्र, हेम बेलवाल, बसंत बल्लभ, प्रकाश चंद्र ने उन्हें पीठ पर लादकर पांच किमी की दूरी पैदल तय की। फिर उन्हें मोटर मार्ग से वाहन के जरिये 20 किमी दूर पदमपुरी सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है।

# रानीखेत विधायक का भाई 40 कारतूस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता, बनबसा/हल्द्वानी

- **नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को पकड़ा**

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 57वीं बटालियन के जवानों ने चेकिंग के दौरान भारत-नेपाल बॉर्डर से दो व्यक्तियों को 40 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रानीखेत विधायक का भाई व उसकी कार का चालक है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार देर शाम एसएसबी के सहायक कमांडेंट जसोबंता सेनापति की अगुवाई में सीमा चौकी बनबसा पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान भारत से नेपाल जा रही कार को रोका गया। तलाशी ली गई तो बैग से 7.65 एमएम के 40 जिंदा कारतूस मिले। इस बीच कार में सवार दूसरा व्यक्ति कार लेकर नेपाल की तरफ फरार हो गया। लेकिन एसएसबी की टीम ने उसे पकड़ लिया। आरोपियों ने अपना नाम चालक दिनेश चंद्र तथा सतीश नैनवाल बताया। सतीश नैनवाल रानीखेत के भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल का भाई है।

## सुडोकू -98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 1 | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 7 | 1 | 8 | |
| 1 | 8 | | | | 6 | | 4 | 5 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | 8 | | | | | 3 | |
| 5 | 9 | | 6 | | | | 7 | 8 |
| | 3 | 2 | 7 | | | | | 1 |
| | 1 | | | | 4 | 6 | | |

**सुडोकू -97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 19 .58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-स्वाती 15 .31 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। प्रियजनों के साथ अपना सुख-दुख बांटेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन मधुर रहेगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृष** – आज जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जॉब में बदलाव को लेकर मन कुछ शंकित रहेगा। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। रिटेल व्यवसायियों के लिए दिन शुभ है राजनीति से जुड़े मामलों में आप रुचि ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज पैतृक कारोबार में उन्नति होगी। दोपहर के बाद आपके काम अचानक से बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन आपको प्राप्त होने सकता है। आप अपने मित्रों के साथ निजी समस्याओं को शेयर कर सकते हैं।

**कर्क** – आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे। दूसरों की मदद करके आपके मन में प्रसन्नता होगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में आर्थिक लाभ मिल सकते हैं।

**सिंह** – आज बच्चों को करियर के लिए परामर्श दे सकते हैं। पर्यटन संबंधी व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। दूरसंचार के माध्यम से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पदोन्नति के लिए प्रयास करने के लिए उत्तम समय है।

**कन्या** – आज घरेलू सामान की ख़रीदारी में धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में उपहास झेलना पड़ सकता है। दिनचर्या प्रारंभ करने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य लें। निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है।

**तुला** – आज विवाह की इच्छा रखने वाले जातकों की मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। आपके स्वास्थ्य में आ रही बाधा दूर होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य बुरी तरह बिगड़ सकते हैं। ईश्वर उपासना करने से मन शांत होगा। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। चुनौतियों का सामना डटकर करें।

**धनु** – आज आपकी सलाह से दूसरों को बहुत बड़ा लाभ प्राप्त होगा। नव विवाहित जातक फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। परिवार के सदस्य आपका मनोबल बढ़ाएंगे। नया वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर** – आज परिजनों के साथ प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

**कुंभ** – आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। समय पर काम पूरे करने की कोशिश करें। प्रियजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। मित्रों के साथ वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। रिश्तों को अहंकार और ईर्ष्या की भेंट न चढ़ने दें।

**मीन** – आज अपने कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। कब्ज और बवासीर के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे। यदि आप कोई गलती करते हैं तो उसके परिणाम भविष्य में बहुत खराब हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | दीवाना मस्ताना | सुबह : 11.17 |
| B4U Movies | मुन्ना माइकल | शाम : 06 .35 |
| &pictures | टॉयलेट-एक प्रेम कथा | सुबह : 10 .56 |
| &pictures | ऑपरेशन रोमियो | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 | सुबह : 11.15 |
| Sony Pix | अनचार्टेड | रात : 09 .00 |
| Zee Cinema | गंगूबाई काठियावाड़ी | सुबह : 10 .04 |
| Zee Cinema | कहो ना ...प्यार है | रात : 08 .00 |
| Colors Cineplex | पोगरू | सुबह : 10 .34 |
| Colors Cineplex | वेलकम | शाम : 05 .20 |

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- 1 से 10 तक गिनती सुनाओ।
छात्र-1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 9, 10।
टीचर – 6 कहां है?
छात्र – जी वो तो मर गया।
टीचर – मर गया! कैसे मर गया?
छात्र जी मैडम, आज सुबह टीवी पर न्यूज में बता रहे थे कि स्वाइन फ्लू में 6 की मौत हो गई।

एक शादी में एक लड़का लड़की से बोला-क्या आप डांस करेंगी?
लड़की खुश होकर- हां जरूर ओके,
लड़का- तो फिर आपकी कुर्सी मैं ले जाऊं दीदी।
लड़की-सारा मूड खराब कर दिया।

## एक नजर

### कार से घसीटने की घटना में व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस में कार से कथित तौर पर टक्कर मारने और 10 मीटर तक घसीटे जाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बुधवार को घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया था, जिसे अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। कार की चपेट में आने के बाद लेखराज (45) को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले नौ गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्ध नगर के थाना सेक्टर 63 पुलिस ने विदेशों में नौकरी लगवाने और वर्क वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पुरुष और छह महिलाएं हैं। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने सेक्टर 63 के ई-ब्लॉक में कॉल सेंटर पर छापा मारा।

### आंध्र प्रदेश में बाढ़, बारिश से 33 लोगों की मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में सात दिनों से जारी बारिश और बाढ़ से 33 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति लापता हैं। शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य में बाढ़ और बारिश से अब तक 33 लोगों की जान गई है, जिनमें से एनटीआर में 25, गुंटूर में सात और पलनाडु में एक की मौत हो गयी। इस आपदा में 106 बड़े और 356 छोटे सहित 462 मवेशी मारे गए। इसके अलावा 61,974 पक्षी भी मारे गए हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से करीब 11 गायों की मौत

**सोनीपत।** दिल्ली से सटे सोनीपत में शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 11 गायों की मौत हो गई। जीआरपी ने बताया कि जाहरी गांव रेलवे फाटक के पास पटरी पर गायों का झुंड आ गया, तभी वहां से गुजर रही ट्रेन ने सबको चपेट में ले लिया। सूचना पर सोनीपत पुलिस, आरपीएफ, आरपीएफ और गोरक्षा दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और अवशेष को पटरी से हटाया गया।

### नोएडा में बारिश से घर की छत गिरी, सात दबे

**नोएडा (उप्र)।** नोयडा के छोलस गांव में शनिवार को बारिश से घर की छत गिरने से सात लोग मलबे में दब गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक सिंह ने बताया कि छोलस गांव के सैफ अली के घर की छत बारिश से शनिवार को गिर गई। छत गिरने से सैफ अली, शकीला, अली खान, सोहन, शाहिद, शान और तैमूर में दब गए।

# जम्मू-कश्मीर में एक झंडा, एक संविधान और एक पीएम वाला पहला चुनाव : शाह

## चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल किए जाने का गृहमंत्री ने दिया आश्वासन

**जम्मू, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का शनिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत होने वाला पहला चुनाव है। शाह ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने और जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार में धकेलने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आतंकवाद को फिर से सिर नहीं उठाने देगी और गुर्जर, पहाड़ी, बक्करवाल तथा दलित समेत किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं होने देगी, जिन्हें भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। शाह 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह।

- **गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने, आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार के प्रयास का लगाया आरोप**

प्रचार अभियान को मजबूती देने के वास्ते जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

गृह मंत्री ने दिल्ली रवाना होने से पहले शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की रैली में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी चुनाव ऐतिहासिक हैं, क्योंकि आजादी के बाद यहां पहली बार हमारे राष्ट्र ध्वज व संविधान के तहत चुनाव हो रहे हैं, जबकि पहले दो ध्वज और दो संविधान के तहत चुनाव होते थे। हमारे पास कश्मीर से कन्याकुमारी तक केवल एक प्रधानमंत्री है और वह नरेन्द्र मोदी हैं।

नेकां-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए शाह ने आरोप लगाया कि वे एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को ऐसे वक्त में आतंकवाद की आग में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी ला दी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि नेकां और कांग्रेस कभी जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएंगी, इसे लेकर आश्वस्त रहें। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अगली सरकार बनाने में पार्टी उम्मीदवारों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। शाह ने आधे घंटे से अधिक के भाषण की शुरुआत भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित प्रेम नाथ डोगरा और बाबा दलीप सिंह मन्हास को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।

### पॉक्सो मामले को रद करने की शिक्षक की याचिका खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शिक्षक के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद करने से इनकार कर दिया है। उस पर आरोप है कि उसने छात्राओं के कपड़े बदलते समय वीडियो बनाया था। कोलार जिले में पिछड़े समुदायों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय में कार्यरत आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने हाल ही में दिए फैसले में शिक्षक के कृत्य को भयावह बताया तथा आरोपों की गंभीरता पर प्रकाश डाला। शिक्षक को दिसंबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था, जब अधिकारियों को पता चला कि उसने छात्राओं की गुप्त रिकॉर्डिंग के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था।

# प्रतिभाशाली शिक्षकों को पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री ने की बातचीत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नवोन्मेषी तरीकों को अपनाने वाले प्रतिभाशाली शिक्षकों को पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि वे युवा छात्रों को विकसित भारत के लिए तैयार कर सकते हैं। यह बातचीत शुक्रवार को हुई थी जबकि इसका वीडियो शनिवार को साझा किया गया।

मोदी ने कहा कि शिक्षक चाहें तो शिक्षा पर्यटन के तहत छात्रों को उन स्थानों के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, जहां वे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके शिक्षक देश के शीर्ष 100 पर्यटन स्थलों का चयन करने में छात्रों की मदद ले सकते हैं। मोदी ने कहा कि सम्मानित किए गए शिक्षकों का चयन लंबी प्रक्रिया के बाद किया गया क्योंकि उनके प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने छात्रों को पास के विश्वविद्यालयों में ले जाकर खेल प्रतियोगिताएं दिखाएं क्योंकि यह अनुभव उनके सपनों को साकार करने में मदद कर सकता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस पुरस्कार के लिए देशभर से 82 शिक्षकों का चयन किया गया। बयान के अनुसार इनमें स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के 50, उच्च शिक्षा विभाग के 16 और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षक शामिल हैं।

# छह नामांकित सदस्यों के साथ राजग के पास मामूली बहुमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**राज्यसभा**

- **गठबंधन को वक्फ (संशोधन) जैसे विधेयकों को पारित कराने में मिल सकती है मदद**

भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास छह नामांकित सदस्यों के समर्थन के साथ राज्यसभा में मामूली बहुमत है, जिससे पार्टी को वक्फ (संशोधन) जैसे प्रमुख विधेयकों को पारित कराने में मदद मिल सकती है। हाल में संपन्न राज्यसभा उपचुनाव के बाद संसद के ऊपरी सदन में सदस्यों की संख्या 234 हो गई है, जिसमें भाजपा के पास अपने 96 सदस्य हैं।

राजग के सदस्यों की संख्या 113 है। सरकार के पक्ष में वोट डालने वाले छह सदस्यों के साथ राजग का संख्या बल 119 हो जाता है, जो बहुमत के मौजूदा आंकड़े 117 से दो अधिक है। ऊपरी सदन में कांग्रेस के 27, जबकि उसके सहयोगी दलों के 58 सदस्य हैं, जिससे विपक्षी गठबंधन के कुल सदस्यों की संख्या 85 है। बड़ी संख्या वाली अन्य पार्टियों में वाईएसआर कांग्रेस के पास 9, बीजू जनता दल (बीजद) के पास 7, अन्नाद्रमुक के पास 4 व तीन निर्दलीय और अन्य सांसद उन छोटे दलों के हैं, जो कांग्रेस या भाजपा गठबंधन में नहीं हैं। ऊपरी सदन में जम्मू-कश्मीर की 4 सीट रिक्त हैं, क्योंकि केंद्र-शासित प्रदेश को अभी तक अपनी पहली विधानसभा नहीं मिली है। सदन में कुल 11 सीट रिक्त हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर की 4, आंध्र प्रदेश की 4, 4 नामांकित सदस्य और ओडिशा की एक सीट है। वाईएसआर कांग्रेस के दो सदस्यों और बीजद के एक सदस्य ने हाल में राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। बीजद के सुजीत कुमार इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए, जिसके सीट पर उपचुनाव की संभावना है। वाईएसआर कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले एम वेंकटरमण राव और बी मस्तान राव के आंध्र में सत्तारूढ़ तेदेपा में शामिल होने की संभावना है, जो भाजपा की सहयोगी दल है।

### महाराष्ट्र : आठ वर्षीय बच्चे से छेड़छाड़ में उत्तर प्रदेश का व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने आठ वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकार ने बताया कि यह घटना 19 अगस्त को कल्याण के नांदिवली गांव में घटी और पीड़िता के परिजनों ने 48 वर्षीय आरोपी को पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके बाद उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कोल्हेवाडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी रमेश मुरलीधर यादव पीड़िता के घर रहने आया था। जब बच्ची अपना खिलौना अलमारी में रख रही थी, उस दौरान आरोपी ने उसे गलत तरीके से छुआ।

# सीबीआई का दावा- आपराधिक गिरोह चला रहा था घोष

**कोलकाता,एजेंसी**

- **आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य का अनुचित लाभ के लिए सह-आरोपियों से था गठजोड़**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य संदीप घोष अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर अनुचित लाभ के लिए आपराधिक गिरोह चला रहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी सीबीआई जांच के शुरुआती निष्कर्षों में यह बात सामने आई है।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में विशेष अदालत के समक्ष भी सुनवाई के दौरान अपने ये निष्कर्ष पेश किए थे। सीबीआई ने घोष, उनके सुरक्षा गार्ड और दो वेंडर को वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था। आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से हुई दरिंदगी के बाद देश भर में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए थे। अधिकारी ने कहा कि दोनों वेंडर घोष को तब से जानते थे, जब वह मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में थे। घोष के साथ निकटता के कारण उन्हें आरजी कर अस्पताल के ठेके दिए थे। घोष 2016 से 2018 के बीच मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तैनात थे।

### हरियाणा : पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का भाजपा से इस्तीफा

**जींद।** हरियाणा के पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के बाद शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जींद जिले के सफीदों निवासी आर्य ने इस पर निराशा जताई। उन्होंने सफीदो से निर्दलीय नामांकन किया।

- **विस चुनाव का टिकट नहीं मिलने से थे नाराज**



भाजपा ने जननायक जनता पार्टी के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम को सफीदों से टिकट दिया है। पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य 2019 के विधानसभा चुनाव में तीन हजार मत से हार गए थे। भाजपा ने हरियाणा में पहली सूची जारी की है। इनमें से 67 नाम हैं, लेकिन सूची में अपना नाम न पाकर कई भाजपा नेता ने इस्तीफा दिया है। इनमें पलवल से दीपक मंगला, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला, बवानी खेड़ा से विसंम्भर वाल्मीकि और रनिया से रणजीत चौटाला सहित कई लोगों के नाम हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए थी बूस्टर खुराक : रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी और इसने देश की राजनीति में बदलाव की। रमेश ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के आज दो साल पूरे हो गए।

राहुल गांधी के नेतृत्व में 200 से अधिक भारत यात्रियों ने 145 दिनों में 12 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 4,000 किलोमीटर यात्रा की, जिनमें अधिकांश पैदल यात्री थे। इस यात्रा से अभूतपूर्व संपर्क और सामूहिकता की भावना पैदा हुई और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी। इसने हमारे देश की राजनीति में भी बदलाव की शुरुआत की। रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया।

### सीनियर आईएएस तुहिन कांत पांडे बने वित्त सचिव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस तुहिन कांत पांडे को शनिवार को नया वित्त सचिव बनाया गया। आधिकारिक आदेश के अनुसार ओडिशा कैडर के 1987 बैच के आईएएस पांडे वर्तमान में निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पांडे को वित्त सचिव बनाया है। कैबिनेट सचिव के रूप में टीवी सोमनाथन की नियुक्ति के बाद यह पद रिक्त था। केंद्रीय वित्त मंत्रालय में सबसे वरिष्ठ वित्त सचिव के लिए नामित होते हैं।

# बैंक धोखाधड़ी : गौतम थापर की 78 करोड़ की जमीन कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

येस बैंक में 466 करोड़ से अधिक की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत व्यवसायी गौतम थापर के स्वामित्व वाली कंपनी की 78 करोड़ से अधिक मूल्य की जमीन कुर्क की गई है।

ईडी ने बताया कि हरियाणा के गुरुग्राम में 52.11 एकड़ जमीन को कुर्क किया गया है। यह जांच ऑयस्टर बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड (ओबीपीएल) से जुड़ा है, जिसमें इसके मालिक गौतम थापर लाभान्वित हुए हैं। ईडी द्वारा दर्ज मामला थापर, ओबीपीएल और व्यवसायी की अन्य कंपनी अवंता रियल्टी लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। आरोप है कि उन्होंने 2017 व 2019 के बीच हेराफेरी की और येस बैंक को 466.51 करोड़ का नुकसान पहुंचाया। इस राशि में 14.11 करोड़ येस बैंक ने ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में रखे और शेष 500.11 करोड़ ओबीपीएल ने सहयोगी कंपनियों को दिए।

## कारोबार/कृषि

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल-दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,700 |
| सोना रवा | 73,550 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,600 |
| चांदी (999) | 84,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना जरूरी : इनोशी

## फसलों, फलों और मसालों में एमआरएल लागू करना चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी**



- **एफएसएसएआई की कार्यकारी निदेशक बोलीं- विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों को लेकर समिति बनाने की योजना**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शनिवार को कहा कि खाद्य उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है। एफएसएसएआई की कार्यकारी निदेशक इनोशी शर्मा ने कहा कि फसलों, फलों और मसालों में अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल) लागू करना चुनौती है।

भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में उन्होंने नियमित ऑडिट और खेतों में गैर-अनुपालन वाली उपज को नकारने पर जोर दिया। शर्मा ने अत्यधिक कीटनाशकों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के महत्व पर भी जोर दिया, जिससे कच्चे माल में संदूषण होता है। उन्होंने इसको हल करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समिति बनाने की योजना की घोषणा की। शर्मा ने सटीक लेबलिंग की जरूरत और खाद्य व्यापार संगठनों (एफबीओ) द्वारा भ्रामक दावों से बचने पर जोर दिया। उन्होंने एफबीओ के बीच स्व-अनुपालन की संस्कृति की वकालत की और सुझाव दिया कि वे मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित तीसरे पक्ष को नियुक्त करें। भारत चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश पचीसिया ने बताया कि फसल उत्पादन के दौरान इस्तेमाल किए रासायनिक अवशेषों का पता लगने पर अक्सर खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जाता है और कई मामलों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की निर्यात खेप को रद कर दिया जाता है। उन्होंने कृषि-बागवानी और कटाई के बाद की प्रक्रियाओं में प्रयुक्त रसायनों के संबंध में जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने का आह्वान किया।

**एमआरएल क्या है......**

एमआरएल का मतलब मैक्सिमम रिज़ीडुअल लेवल है। यह विशेष रूप से कृषि, खाद्य और चिकित्सा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण होता है।

**कृषि और खाद्य पदार्थों में :** एमआरएल एक तय सीमा है जो यह दर्शाती है कि किसी विशेष कीटनाशक, हर्बीसाइड, या अन्य रसायन की खाद्य पदार्थों में कितनी मात्रा सुरक्षित मानी जाती है। यह सीमा यह सुनिश्चित करती है कि उपभोक्ताओं के लिए खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और इसमें मौजूद रसायन की मात्रा निर्धारित मानकों के भीतर है।

### भारत ने सूखा प्रभावित मलावी को 1,000 मीट्रिक टन चावल भेजा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सूखे की मार झेल रहे मलावी को सहायता के तौर पर शनिवार को 1,000 मीट्रिक टन चावल भेजा। दक्षिण-पूर्वी अफ्रीकी देश सूखे से प्रभावित हैं। यहां फसलों को नुकसान पहुंचने से खाद्य उत्पादन पर असर पड़ा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि अल-नीनो के प्रभाव से सूखे से निपटने के लिए मलावी को 1000 मीट्रिक टन चावल की खेप भेजी गई है। मलावी सरकार ने मार्च में देश के 28 में से 23 जिलों में सूखे आपदा घोषित कर दी थी।

### कौशल विकास मंत्रालय ने स्विगी के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑनलाइन मंच स्विगी ने शनिवार को साझेदारी करने की घोषणा की। इसके तहत स्विगी के खाद्य वितरण और वाणिज्य नेटवर्क के तहत कौशल और रोजगार देने के लिए पहल शुरू की जाएगी। इस साझेदारी से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी साझेदार और रेस्तरां साझेदार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इससे रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन से जुड़े लोगों को रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे।

# जीएसटी : एक संपूर्ण कर प्रणाली

जीएसटी (माल एवं सेवा कर) देश में लागू अप्रत्यक्ष कर है जो वस्तुओं और सेवाओं पर एक समान कर लगाने की प्रणाली को स्थापित करता है। 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था, इसका उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत कर बाजार बनाना है। यह कर केंद्र और राज्यों को समान रूप से राजस्व देता है और वस्त्रों व सेवाओं पर अलग-अलग दरों के साथ लागू होता है। इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा से व्यवसायों को कर के बोझ को कम करने में मदद मिलती है। आईए इसके बारे में जानते हैं...

**जीएसटी की श्रेणियां**

**सीजीएसटी (केंद्रीय माल एवं सेवा कर) :** यह केंद्रीय सरकार द्वारा लगाया जाता है और राज्य सरकारों के साथ साझा किया जाता है।

**एसजीएसटी (राज्य माल एवं सेवा कर) :** यह राज्य सरकार की ओर से लगाया जाता है।

**आईजीएसटी (एकिकृत माल एवं सेवा कर) :** यह अंतर-राज्यीय आपूर्ति पर लगाया जाता है और केंद्र सरकार को प्राप्त होता है।

**नेट जीएसटी देय = बिक्री पर जीएसटी - इनपुट टैक्स क्रेडिट**

**इनवॉइस :** सुनिश्चित करें कि आपके पास सही इनवॉइस है और इसे सही से रिकॉर्ड किया गया है।

**रिटर्न :** रिटर्न दाखिल करने के दौरान, आपको बिक्री और खरीदारी की पूरी जानकारी देनी होती है।

**नेटवर्क:** जीएसटीएन पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की जानकारी अपने रिटर्न में भरनी होती है।




**अनिवार्य पंजीकरण:** व्यवसायों को जीएसटी के तहत पंजीकरण कराना होता है अगर टर्नओवर तय राशि से अधिक है।

**स्वैच्छिक पंजीकरण:** यदि कोई व्यवसाय न्यूनतम सीमा से कम है, फिर भी जीएसटी के तहत पंजीकरण कर सकता है, जिससे उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ मिल सकता है।

**रिटर्न फाइलिंग:** जीएसटी रिटर्न नियमित दाखिल करनी होती है। इसमें बिक्री-खरीदारी और जीएसटी की गणना होती है।

**जीएसटी ऑडिट:** सरकार द्वारा जीएसटी अनुपालन की जाँच के लिए नियमित ऑडिट किए जा सकते हैं।

**जीएसटी की गणना:** इसकी गणना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा पर होती है। इसका मतलब है कि आपको बिक्री पर जीएसटी चुकाना होता है, आपने जो वस्तुएं या सेवाएं ली हैं, उन पर जो जीएसटी चुकाया है, उसे बिक्री के जीएसटी से घटा सकते हैं।

**गणना का तरीका**

**इनपुट टैक्स क्रेडिट :** आपने 1,00,000 रुपये की बिक्री की, उस पर 18% जीएसटी (18,000) लगा, आपने खरीदारी पर 10,000 का जीएसटी दिया, आप 10,000 को 18,000 से घटा सकते हैं।

## जीएसटी की दरें

- **0% जीएसटी: अनपैक्ड खाद्य पदार्थ :** गेहूं, चावल, दालें, अनाज, फल, सब्जियां, दूध व दूध उत्पाद, सरकारी स्कूलों में शिक्षा सेवाएं।
- **5% जीएसटी : फूड पैकिंग :** अनब्रांडेड खाद्य पदार्थ, आटा, चीनी, चाय, खाद्य तेल, रेलवे, सरकारी हॉस्पिटल (विशेष परिस्थिति में)।
- **12% जीएसटी:** पैक्ड खाद्य पदार्थ, प्रोसेस्ड फूड, पैक्ड स्नैक्स, कुछ मिठाइयां, होटल के कमरों की दरें (1000 रुपये से अधिक प्रति दिन), और कुछ अन्य सेवाए, सीमेंट।
- **18% जीएसटी: प्रोसेस्ड वस्तुएं :** डिटर्जेंट, शैंपू, साबुन। ब्यूटी पार्लर सेवाएं, इनसोरेंश, लॉजिस्टिक्स और शिपिंग। फूड और पेय : कुछ पैक्ड और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ। रियल एस्टेट में निर्माणाधीन प्रॉपर्टी।
- **28% जीएसटी: लग्जरी वस्तुएं :** कार, बाइक, यॉट्स, विलासिता की वस्तुएं, महंगे कास्मेटिक्स, हाई-एंड गहने और घड़ियां, कुछ विशिष्ट सेवाएं जैसे कि कैसीनो, लक्ज़री होटल के कमरे।

### वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट, 18 महीनों में सबसे खराब सप्ताह

**न्यूयॉर्क।** शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में एक बार फिर भारी गिरावट दिखी। अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट इतना कमजोर आया। ऐसे में पहले ऊंची छलांग लगाने वाले प्रौद्योगिकी शेयरों को फिर से नुकसान उठाना पड़ा। इससे अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

- **अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट आया कमजोर**

एसएंडपी 500 में 1.7% की गिरावट आई और यह मार्च, 2023 के बाद से इसका सबसे खराब सप्ताह रहा। ब्रॉडकॉम, एनवीडिया और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने बाजार को गिरा दिया, क्योंकि इसकी चिंता बनी हुई थी कि एआई के इर्द-गिर्द उछाल में उनकी कीमतें बढ़ गई थीं, और उन्होंने नैस्डैक कंपोजिट को बाजार में 2.6% तक नीचे खींच लिया। सुबह की 250 अंकों की बढ़त को खत्म करने के बाद डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 410 अंक या 1% की गिरावट आई।

# एमएससीआई ईएम आईएम सूचकांक में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **भारत का भारित मूल्य चीन के 21.58 की तुलना में 22.27 प्रतिशत रहा**

सितंबर 2024 के दौरान मॉर्गन स्टेनली ने घोषणा करते हुए कहा कि एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य सूचकांक (इमर्जिंग मार्केट्स इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स, एमएससीआई ईएम आईएमआई) में भारत ने अपने भारित मूल्य के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। एमएससीआई ईएम आईएमआई में भारत का भारित मूल्य चीन के 21.58 प्रतिशत की तुलना में 22.27 प्रतिशत रहा।

एमएससीआई आईएमआई में 3,355 स्टॉक हैं, जिसमें बड़ी, मध्यम और छोटी कैप वाली कंपनियां हैं। यह उभरते बाजारों वाले 24 देशों के स्टॉक को कवर करता है और प्रत्येक देश में निवेशकों के लिए उपलब्ध 85% (फ्री फ्लोट एडजस्टेड) बाजार पूंजीकरण को कवर करने का लक्ष्य रखता है। मुख्य एमएससीआई ईएम सूचकांक (मानक सूचकांक) में बड़ी और मध्यम कैप कंपनियां हैं। वहीं आईएमआई को बड़ी, मध्यम और छोटी कैप स्टॉक के साथ अधिक व्यापक बनाया गया है। एमएससीआई आईएमआई में चीन के मुकाबले भारत का अधिक भार, छोटी-कैप की अधिक भारित क्षमता से है। विश्लेषकों के अनुसार एमएससीआई ईएम आईएमआई में हुए बदलाव के बाद भारतीय इक्विटी में 4 से 4.5 बिलियन डॉलर का प्रवाह दिखाई दे सकता है।




# पेरिस पैरालंपिक 2024




## खेल डायरी

### गोल्फ में अंशुल नौवें और जारा 10वें स्थान पर रहे



**मनीला (फिलीपींस)।** भारत की जारा आनंद ने एशिया पैसिफिक जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। जारा 74-74-71 का कार्ड खेलकर संयुक्त 10वें स्थान पर रही जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी कीर्तना राजीव नायर (81-75-72) ने संयुक्त 20वां स्थान हासिल किया। लड़कों के वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंशुल मिश्रा ने 72-74-73 का स्कोर किया और वह संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। रणवीर मित्रू (74-75-71) ने संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया। मिश्रित टीम के रूप में जारा और मित्रू संयुक्त दसवें जबकि मिश्रा और कीर्तना 17वें स्थान पर रहे।

### चोटिल मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दौरे से बाहर



**लंदन।** दाहिनी कोहनी में चोट के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के आगामी दौरों में नहीं खेलेंगे। वुड ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा पहले से परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी की हड्डी में कुछ तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि यह मेरी कोहनी की जांच कराने का एक अच्छा समय है क्योंकि इसमें थोड़ी जलन थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य चोट के बराबर रखूंगा और जिसके माध्यम से मैं खेल रहा था। मैं विशेष रूप से आश्चर्यचकित हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और मैंने अपनी गति बढ़ा रखी है। इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के दौरान वुड को अपनी कोहनी में बढ़ती परेशानी का अनुभव हुआ था। हालाँकि, उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भाग लिया और दो विकेट लिए। इसके बाद उन्हें दूसरे और तीसरे टेस्ट से अंतिम एकादश से आराम दिया गया। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे टेस्ट में उनकी जगह ओली स्टोन को लिया गया और तीसरे टेस्ट में अनकैप्ड तेज गेंदबाज जोश हल ने पदार्पण किया।

### अजमेर में छह दिवसीय खेल स्पैक्ट्रम का उद्घाटन

**अजमेर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने कहा है कि अपने पेशे में व्यस्तता के कारण तनावग्रस्त रहने वाले चिकित्सकों के जीवन में खेलकूद की अहम भूमिका है, जिसके जरिए वे रिलैक्स रह सकते हैं। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डा. भीमराव आंबेडकर सभागार में रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन की ओर से छह दिवसीय खेल स्पैक्ट्रम के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि चिकित्सक रिलैक्स रहेगा तो उसके जीवन में स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ मस्तिष्क सक्रिय रहेगा, जिससे वह चिकित्सक के रूप में समाज की ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सर्व संस्कारित व्यक्ति के जीवन में अनुशासन भी आता है। समारोह के बाद पहले दिन कैरम एवं चेस खेलों का श्री देवनानी ने फीता काटकर उद्घाटन किया और शतरंज भी खेला।

### निकिता ने रजत और नेहा ने जीता कांस्य

**पोंटेवेद्रा (स्पेन)।** भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर पांच पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पिछले साल अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता निकिता फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर से 1-4 से हार गईं। महिलाओं की 57 किग्रा फ़्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक को 10-8 से हराकर कांस्य जीता। भारत ने इस तरह से पांच पदकों (एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया। ज्योति बेरवाल ने 76 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण जीता था जबकि कोमल (59 किग्रा) और सृष्टि (68 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए थे।

### पोप के 154 रन, इंग्लैंड 325 रन पर सिमटी

**लंदन।** ओली पोप की 154 रन की शतकीय पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 325 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड का निचला क्रम चरमरा गया जिससे सुबह तीन विकेट पर 221 रन से खेलने उतरी टीम स्कोर में महज 104 रन ही जोड़ सकी। श्रीलंका के लिए मिलन रत्नायके ने तीन जबकि विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और धनंजय डि सिल्वा ने दो दो विकेट झटके। लंच तक श्रीलंका ने एक ओवर में एक रन बना लिया था। चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स की जगह टीम की अगुआई कर रहे पोप ने ओल्ड ट्रैफर्ड और लार्ड्स की जीत में भी टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। पोप ने शुक्रवार को 103 रन बनाये थे और इसमें 51 रन जोड़कर आउट हो गए। विश्व फर्नांडो ने उनका विकेट झटका जिससे टीम का स्कोर आठ विकेट पर 307 रन हो गया। इंग्लैंड के खिलाड़ी लंच तक भी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके।

### गुरुग्राम में निशानेबाजों के लिए नई रेंज की शुरुआत

**नई दिल्ली।** उच्च गुणवत्ता वाले निशानेबाजी प्रशिक्षण केंद्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 'टॉपगन निशानेबाजी अकादमी ने गुरुग्राम के सेक्टर 50 में एक नयी शाखा शुरू की है। इस अकादमी ने इससे पहले शहर के सेक्टर 38 में 2022 में अपनी अकादमी की शाखा शुरू की थी। उसकी सफलता से उत्साहित इस अकादमी ने नयी शाखा की शुरुआत की है। टॉपगन निशानेबाजी अकादमी पहले से ही दिल्ली, रायपुर और जयपुर में मौजूद है। अकादमी की स्थापना 2006 में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज शिमोन शरीफ ने की थी। पेरिस ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन सहित वैश्विक निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में भारत की लगातार सफलता के बाद भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में अकादमी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

# नवदीप के भाले ने भेदा सोना

## भाला फेंक एफ41 स्पर्धा में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से जीता स्वर्ण, 47.32 मीटर का किया थ्रो

पेरिस, एजेंसी

भारत के पैरा भाला फेंक एथलीट नवदीप ने पुरुष भाला फेंक एफ41 स्पर्धा में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत अपने नाम किया। जिसके बाद फाइनल में नाटकीय प्रदर्शन के बीच ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद नवदीप के रजत को स्वर्ण में बदल दिया गया। यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है।

नवदीप ने अपने तीसरे प्रयास में 47.32 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। भारत अब तक इस पैरालंपिक में 29 पदक जीत चुका है। भारत पैरालंपिक के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है। तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीते थे। पुरुष भाला फेंक एफ41 स्पर्धा में नवदीप ने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर का थ्रो किया। तीसरे प्रयास में हालांकि, वह सभी से आगे निकलने में सफल रहे और उन्होंने पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ा। लेकिन पांचवें प्रयास में ईरान के बेइत सायाह सादेग ने 47.64 मीटर का थ्रो किया और नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाकर नवदीप से आगे निकल गए। नवदीप ने फिर चौथे प्रयास में फाउल किया, जबकि पांचवें प्रयास में 46.05 मीटर का थ्रो किया। अंतिम प्रयास में फाउल कर बैठे और सादेग से आगे नहीं निकल सके।

- ईरान के सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद नवदीप के रजत को स्वर्ण में बदला

**29** पदक भारत का पैरालंपिक के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



### सिमरन ने 200 मीटर टी12 में जीता कांस्य



पेरिस। दृढ़ संकल्प के साथ सभी बाधाओं का सामना करते हुए भारत की सिमरन ने शनिवार को यहां पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 200 मीटर टी12 फाइनल में कांस्य पदक जीता। मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन 24.75 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पोडियम पर तीसरे स्थान पर रही। पैरालंपिक में टी12 वर्गीकरण दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है। 24 वर्षीय सिमरन का जन्म समय से पहले हुआ था। उसने 10 सप्ताह इनक्यूबेटर में बिताए जहां पता चला कि वह दृष्टिबाधित है। इस साल जापान के कोबे में विश्व चैंपियन बनने वाली भारतीय को अपने पूरे जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें उनके पिता की पुरानी बीमारी और अंततः निधन भी शामिल था। वह इससे पहले 100 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं।

### फाइनल में जगह बनाने में चूके सुहास

**पेरिस।** पैरा तैराक सुहास जाधव शनिवार को पैरालंपिक की पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 के फाइनल में प्रवेश करने में विफल रहे जिससे इस खेल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। हीट 1 में प्रतिस्पर्धा करते हुए 30 वर्षीय सुहास 33.47 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे जो कुल मिलाकर 10वां स्थान था। दो हीट से शीर्ष चार तैराक फाइनल में पहुंचते हैं।

# सेमा ने तय किया जंग के मैदान से कांस्य पदक तक का सफर

पेरिस, एजेंसी

वह अक्टूबर 2002 की बात है जब जम्मू कश्मीर के चौकीबल के अशांत इलाके में एक अप्रत्याशित विस्फोट ने हवलदार होकातो होतोजे सेमा का स्पेशल फोर्स में शामिल होने का सपना तोड़ दिया। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुए बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण उन्होंने अपने बाएं पैर के घुटने के नीचे का हिस्सा गंवा दिया, जिससे उन्हें अत्यधिक शारीरिक दर्द और मानसिक आघात पहुंचा। लोगों को लगा कि सेमा की दुनिया अंधकारमय हो गई, लेकिन इस जवान ने हिम्मत नहीं हारी। इसी का परिणाम है कि 40 वर्षीय सेमा ने पेरिस पैरालंपिक खेलों के गोला फेंक (शॉट पुट) में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 14.65 मीटर थ्रो करके पुरुषों की एफ57 श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया।

यह श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए है जिनका कोई अंग नहीं होता है या जिनकी मांसपेशियां कमजोर होती हैं। भारतीय खिलाड़ी सेमा ने खुद को इस श्रेणी के लिए तैयार किया। पुणे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र मे सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेमा की फिटनेस को देखकर उन्हें शॉट पुट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस तरह से उन्होंने 2016 में 32 साल की उम्र में इस खेल को अपनाया था। सेमा ने उसी वर्ष राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया। उन्होंने 2022 में मोरक्को ग्रां प्री में रजत और हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता।

**2002** में टूटा स्पेशल फोर्स में शामिल होने का सपना

**14.65** मीटर थ्रो करके एफ57 श्रेणी में मिला कांसा



### साइकिलिंग में हाथ लगी निराशा

**पेरिस।** भारत के पैरा साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया ने शनिवार को यहां पुरुष और महिला रोड रेस सी1-3 स्पर्धा में शीर्ष खिलाड़ियों से एक लैप से पीछे रहकर बिना किसी पदक के पेरिस पैरालंपिक में अपना अभियान खत्म किया। महिलाओं की रेस में ज्योति गडेरिया 15वें स्थान पर रहीं। जापान की कीको सुगिउरा ने स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिग्लिंग ने रजत और अमेरिका की क्लारा ब्राउन ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की रेस में अरशद शेख 28वें स्थान पर रहे। ब्रिटेन के फिनले ग्राहम ने स्वर्ण जीता जबकि फ्रांस के थॉमस पेरोटन डार्टेट और एलेक्जेंडर लेउटे ने क्रमशः रजत और कांस्य जीता। ज्योति और शेख दोनों पहले रोड टाइम ट्रायल सी2 स्पर्धा में संघर्ष करते हुए क्रमशः 16वें और 11वें स्थान पर रहे। दोनों ही फाइनल में नहीं पहुंच पाए। ज्योति सी1-3 टाइम ट्रायल और परस्यूट क्वालीफायर में 11वें और 10वें स्थान पर रहीं।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 93 | 73 | 49 | 215 |
| ब्रिटेन | 47 | 41 | 31 | 119 |
| अमेरिका | 35 | 41 | 25 | 101 |
| नीदरलैंड्स | 26 | 17 | 12 | 55 |
| इटली | 24 | 15 | 31 | 70 |
| ब्राजील | 23 | 25 | 38 | 86 |
| यूक्रेन | 21 | 26 | 32 | 79 |
| फ्रांस | 19 | 27 | 28 | 74 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 16 | 28 | 62 |
| भारत | 7 | 9 | 13 | 29 |

### कैनो स्प्रिंट में आठवें स्थान पर रहीं प्राची यादव



**पेरिस।** भारत की प्राची यादव शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की वीएल2 200 मीटर कैनो स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। उन्होंने फाइनल में एक मिनट 08.55 सेंकड का समय लिया। ग्रेट ब्रिटेन की एम्मा विग्स (58.88) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कनाडा की ब्रायना हेनेसी (1:00.12) और ऑस्ट्रेलिया की सुसान सीपेल (1:01.39) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले प्राची ने सेमीफाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्राची (29 वर्ष) ने दूसरे सेमीफाइनल 2 में 1:05.66 का समय निकाला। इससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली उज्बेकिस्तान की इरोडाखोन रुस्तमोवा (1:04.39) और ब्रिटेन की जीनेट चिपिंगटन (1:02.65) से पीछे रहीं। शुक्रवार को उन्होंने हीट में चौथा स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। शीर्ष स्थान पर रहने वाली कैनो स्प्रिंटर सीधे फाइनल में प्रवेश करती है। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो स्प्रिंटर यश कुमार का अभियान पुरुषों की केएल1 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में पांचवें (1:02.03) स्थान पर रहने के बाद समाप्त हो गया। सेमीफाइनल में शीर्ष तीन ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। कैनो स्प्रिंटर पूजा ओझा रविवार को महिलाओं की केएल1 200 मीटर सेमीफाइनल में भाग लेंगी।

# अमेरिकी ओपन के फाइनल में फ्रिट्ज और सिनर



टेलर फ्रिट्ज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन गए, जबकि टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों के कठिन मैच के बाद फाइलज में अपनी जगह बनाई। सिनर ने ब्रिटिश उभरते सितारे जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराया।

मैच के बाद उन्होने कहा यह एक बहुत ही कठिन मैच था। मैं बस मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश कर रहा था। ड्रेपर को हराना आसान नहीं था। यदि सिनर फाइनल जीतते हैं, तो वह एक ही सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों जीतने वाले इतिहास के चौथे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल में, 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने साथी अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो को रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। इसके लिए उन्होने तीन घंटे और 18 मिनट तक संघर्ष किया और वापसी की। 2006 के बाद से यूएस ओपन पुरुष फ़ाइनल में जगह बनाने वाले पहले स्थानीय खिलाड़ी थे। फ्रिट्ज ने कहा यही कारण है कि मैं इतनी कड़ी मेहनत करता हूं। मैं यूएस ओपन के फाइनल में हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने जा रहा हूं।

- महिला युगल फाइनल में झांग शुआई और क्रिस्टीना सातवीं वरीयता वाली ल्यूडमिला और जेलेना से हारीं

महिला युगल फाइनल में, चीन की अनुभवी झांग शुआई और उनकी फ्रांसीसी जोड़ीदार क्रिस्टीना म्लादेनोविक सातवीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको से 6-4, 6-3 से हार गईं। झांग ने कहा किकी के बिना, निश्चित रूप से मैं आज सेंट्रल कोर्ट में खड़ी नहीं रह सकती थी। मैं किचेनोक और जेलेना को बधाई देना चाहती हूं, आपका प्रदर्शन इस ट्रॉफी का हकदार है।



यानिक सिनर

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में नई शुरुआत करेगा भारत

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक जीत कर उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को यहां जब मेजबान चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो उसका पहला लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। भारत इस टूर्नामेंट में चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा जहां उसका सामना चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी एशिया के शीर्ष टीमों से होगा।

भारत ने पिछले साल घरेलू मैदान पर खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई। पेरिस ओलंपिक के बाद कुछ दिन का विश्राम लेने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना दबदबा जारी रखना चाहते हैं। खेल के नजरिये से हमारा आक्रामक खेल और पेनाल्टी कॉर्नर हमारे मजबूत पक्ष हैं लेकिन हम विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ मजबूत रक्षापंक्ति के साथ खेलना चाहेंगे। चीन के बाद, भारत अपने दूसरे मैच में नौ सितंबर को जापान से भिड़ेगा।



- भारतीय हॉकी टीम का पहला मुकाबला आज चीन से होगा

## बॉलीवुड हलचल

### अक्षय ने दिखाई नई फिल्म की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपनी नयी फिल्म की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। 9 सितंबर को अक्षय कुमार जन्मदिन है। अक्षय कुमार ने इससे पूर्व अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें एक दानव का चेहरा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार ने इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है,गणपत्ति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए।

### काम का प्रत्येक दिन मुझे नई सीख देता है : अमिताभ



मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि काम का प्रत्येक दिन उनके लिए सीख है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा, काम का प्रत्येक दिन मेरे लिए सीख है... सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि एक और दिन ऐसे तत्वों से भरा है जो हमें जीवन और जीने की वास्तविकता के करीब लाता है। अमिताभ बच्चन ने लिखा, प्रत्येक दिन हम जीवन को देखते हैं और जानते हैं और कभी-कभी हमारी आंखों में आश्चर्य होता है... देखें कि आप कहां हैं, और आपके भीतर क्या है। किसी नुकसान पर विलाप करने का कोई मतलब नहीं है। इसे स्वीकार करें और अपने और अपने ऊपर निर्भर लोगों के लिए बेहतर जीवन जीने के लिए मेहनत करें। आपकी ताकत आपके भीतर है और केवल आप ही अपनी जरूरत के हिसाब से इसका उपयोग कर सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी पर कुबेर का नया पोस्टर जारी




**मुंबई।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर फिल्म कुबेर का नया पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में सुपरस्टार धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी एक ही दिशा में देखते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, टीम की ओर से सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। बेहतरीन फिल्म कुबेर को देखने के लिए तैयार हो जाइए। पोस्टर में धनुष पूरी दाढ़ी, लंबे बाल के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, जो उनके किरदार की यात्रा के बारे में जिज्ञासा को जगाता है, वहीं नागार्जुन अक्किनेनी अपनी उपस्थिति के जरिये चौंकाते हैं। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति कथानक के इर्द-गिर्द रहस्य को और गहरा कर देती है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर एक सामाजिक-ड्रामा है और इसे तमिल और तेलुगु दोनों में बड़े पैमाने पर फिल्माया गया है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दलीप ट्रॉफी में भारत सी ने डी को हराया

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

युवा वामहस्त स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में मिली लय को दूसरी पारी में जारी रखते हुए सात विकेट झटके जिससे दलीप ट्रॉफी मैच में शनिवार को यहां भारत डी की पारी लड़खड़ा गई और भारत सी ने चार विकेट से मैच अपने नाम किया। मैच के तीसरे दिन जीत के लिए 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी के शीर्ष क्रम ने बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (36), आर्यन जुयाल (47) और रजत पाटीदार (44) की महत्वपूर्ण पारियों से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया तो वही अभिषेक पोरेल ने दबाव के क्षणों में नाबाद 35 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाई। भारत डी ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 206 रन से की, अक्षर पटेल और हर्षित राणा क्रीज पर थे। इस जोड़ी की 30 रन की साझेदारी को सुथार ने अक्षर (28) को आउट कर तोड़ा। उन्होंने इसके बाद आदित्य ठाकरे (0) को आउट किया, जिससे इंडिया डी की दूसरी पारी 236 रन पर समाप्त हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए गायकवाड़ और साई सुदर्शन (22) ने 64 रन की साझेदारी के साथ भारत सी को अच्छी शुरूआत दिलायी। सारांश जैन से सुदर्शन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ने के बाद गायकवाड़ को भी चलता किया। जुयाल और पाटीदार ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जैन ने मैच में एक बाद फिर साझेदारी को तोड़ने का काम किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

### पंत के खेल से इंडिया बी को 240 रन की बढ़त

**बेंगलुरु।** रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्राफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाज़ों के लिए मददगार पिच पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया बी के वशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की पारी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत की 47 गेंदों पर 61 रन की विस्फोटक पारी रही। सरफराज खान ने 36 गेंदों में 46 रनों की जोरदार पारी खेली। दिन के अंतिम ओवरों में भारत बी ने आखिरी 10 ओवरों में केवल 27 रन बनाए और इस बीच दो विकेट खो दिए। इससे पहले, भारत ए पहली पारी में 90 रन से पिछड़ते हुए 231 रन पर आउट हो गई। तनुश कोटियन (32) और आकाश दीप (11) ने हालांकि कुछ देर तक संघर्ष किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 15 तक नामांकन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इस पुरस्कार के लिए बच्चा भारतीय नागरिक को और भारत में रहता हो। आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### किर्गिजस्तान ने तालिबान से प्रतिबंध हटाया

**बिश्केक।** किर्गिज़स्तान ने तालिबान को प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटा दिया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि तालिबान आंदोलन को किर्गिज़स्तान के क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटा दिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करना और संवाद बनाए रखना है। मंत्रालय ने कहा कि किर्गिज़स्तान, अफ़गानिस्तान और पूरे क्षेत्र में एक स्थिर तथा शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फ्रांस में पेंशन सुधार पर फिर से होगा विचार

**पेरिस।** फ्रांस के नवनियुक्त प्रधान मंत्री मिशेल बार्नियर ने विवादास्पद पेंशन सुधार पर चर्चा फिर से शुरू करने के अपने इरादे की घोषणा की। फ्रांस में पेंशन सुधार के ख़िलाफ़ जनवरी से जून 2023 तक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। सामूहिक कार्रवाइयों में देश भर में दस लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। लेकिन सितंबर में सेवानिवृत्ति की आयु 62 से 64 वर्ष तक क्रमिक वृद्धि पर एक कानून लागू हुआ।

### विस्फोटक उपकरण में धमाके के बाद इमरजेंसी

**मॉस्को।** रूस के वोरोनेज़ क्षेत्र के ओस्ट्रोगोज़्स्की जिले में विस्फोटक उपकरणों के विस्फोट होने के कारण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई है। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने शनिवार को यह जानकारी दी। गुसेव ने कहा कि विस्फोट वोरोनिश क्षेत्र में एक ड्रोन को निष्क्रिय करने के बाद लगी आग के कारण हुआ। जिले में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है। यहां से निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### 975 किलो विदेशी पॉपकॉर्न जब्त, महिला गिरफ्तार

**नक्सलबाड़ी।** भारत-नेपाल सीमा पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिला अंतर्गत रहा नक्सलबाड़ी क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने 975 किलो विदेशी ब्रांड ब्रावो पॉपकॉर्न जब्त किया है। शुक्रवार देर रात को बोडोमोनी रामजोत की विशेष गश्त के दौरान सीमा स्तंभ संख्या-8 से सटे नक्सलवाड़ी टोल प्लाजा के पास एक सदिग्ध महिला तस्कर को पकड़ा गया और उसके कब्जे से 975 किलोग्राम विदेशी पॉपकॉर्न से भरे 39 बैग बरामद किए गए।

### कनाडा से पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** कनाडा में रहने वाले 20 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक पर आईएसआईएस का समर्थन करने के लिए न्यूयॉर्क शहर में आतंकवादी हमले की योजना बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार जारी बयान में कहा गया कि कनाडा में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक 20 वर्षीय मुहम्मद शाहजेब खान उर्फ शाहजेब जादून को न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में दायर एक शिकायत के सिलसिले में 4 सितंबर को कनाडा में गिरफ्तार किया गया था।

### चीतों की मौत पर मांगी थी रिलायंस केंद्र से मदद

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले साल महज एक महीने में तीन चीतों की मौत के बाद, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने मई 2023 में स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए गुजरात स्थित रिलायंस के वन्यजीव केंद्र के विशेषज्ञों की मदद मांगी थी। एनटीसीए के सहायक वन महानिरीक्षक अभिषेक कुमार ने पत्र लिखकर विशेषज्ञों की एक टीम कूनो भेजने का अनुरोध किया था।

### तुर्किये में फंसे यात्रियों के लिए विस्तारा ने भेजा विमान

**मुंबई।** विमानन कंपनी विस्तारा ने शनिवार को कहा कि वह मुंबई-फ्रैंकफर्ट की उड़ान के यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक वैकल्पिक विमान और चालक दल के नए सदस्यों को भेज रही है। शुक्रवार को बम धमकी के कारण इस उड़ान को तुर्किये के एरजुरम हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया था। विमान के तुर्किये के हवाई अड्डे पर 12.25 बजे पहुंचने और 14.30 बजे तक यात्रियों को लेकर फ्रैंकफर्ट के लिए प्रस्थान करने की उम्मीद है।

# एमटेक समूह की 5,000 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की कार्रवाई

दिवालिया मोटरवाहन उपकरण विनिर्माण कंपनी (एमटेक समूह) के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत फार्म हाउस, राज्यों में सैकड़ों एकड़ कृषि और औद्योगिक भूमि तथा 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के शेयर और डिबेंचर जब्त किए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई संघीय एजेंसी द्वारा जुलाई में एमटेक समूह के प्रवर्तकों अरविंद धाम को गिरफ्तार किए जाने के बाद की गई है। कंपनी दिवाला प्रक्रिया के दौर से गुजर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी और मामले की जांच के लिए फरवरी में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश का संज्ञान लेते हुए कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। ईडी ने कहा कि आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आरोपियों के खिलाफ बैंक ऋणों को अवैध रूप से दूसरे मद में खर्च करने और इन ऋणदाताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। बैंक धोखाधड़ी का अनुमान लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।

# नकली मोबाइल चार्जर से हो सकता है बड़ा नुकसान

फर्जी मोबाइल चार्जर एक गंभीर समस्या है जो आपके फोन को नुकसान पहुंचा सकती है। ये चार्जर असली चार्जर की तरह दिखते हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इनका उपयोग करने से आपके फोन की बैटरी खराब हो सकती है, शॉर्ट सर्किट हो सकता है और आग लगने का खतरा भी होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप असली चार्जर का ही उपयोग करें और फर्जी चार्जर से बचें। आइए जानते हैं फर्जी चार्जर के नुकसान और उनसे बचने के उपायों के बारे में...।

### नकली चार्जर से नुकसान

- **ओवरचार्जिंग :** फर्जी चार्जर आपके फोन को अधिक चार्ज कर सकता है, जिससे बैटरी की क्षमता कम हो सकती है या वह खराब हो सकती है।
- **शॉर्ट सर्किट :** फर्जी चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने का खतरा होता है, जिससे आपके फोन के इलेक्ट्रॉनिक घटकों को नुकसान पहुंच सकता है।
- **आग लगने का खतरा :** फर्जी चार्जर में आग लगने का खतरा होता है, जिससे आपके फोन और अन्य सामान को नुकसान पहुंच सकता है।

### फर्जी चार्जर से बचने के उपाय

**असली चार्जर खरीदें :** हमेशा असली चार्जर खरीदें जो फोन के साथ आता है या फोन के निर्माता की वेबसाइट से खरीदा जाता है। **गुणवत्ता की जांच करें :** चार्जर की गुणवत्ता की जांच करें और सुनिश्चित करें कि यह सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। **अनधिकृत विक्रेताओं से बचें :** अनधिकृत विक्रेताओं से चार्जर न खरीदें और हमेशा विश्वसनीय स्रोतों से खरीदारी करें। **चार्जर की समीक्षा करें :** चार्जर की समीक्षा करें और देखें कि अन्य उपयोगकर्ताओं को इसके साथ कोई समस्या तो नहीं हुई है।



### दुर्घटना का भी है कारक

नकली चार्जर के कारण कई मामलों में फोन में आग लग गई है। बैटरी फटने के मामले भी सामने आए हैं जिससे उपयोगकर्ता को चोटें भी आई हैं। नकली चार्जर के कारण फोन की स्क्रीन, मेमोरी कार्ड स्लॉट को नुकसान पहुंचा है। उपयोगकर्ता की मौत भी हुई है, इसलिए, असली चार्जर का उपयोग करना जरूरी है।

### ले सकते हैं इन एप की मदद

- **चार्जर टेस्टर (एंड्रॉयड) :** यह एप आपके चार्जर की गुणवत्ता की जांच करता है और आपको बताता है कि यह सुरक्षित है या नहीं।
- **एम्पीयर (एंड्रॉयड, आईओएस) :** यह एप आपके फोन की बैटरी की स्थिति की जांच करता है और आपको बताता है कि आपका चार्जर सुरक्षित है या नहीं।
- **बैटरी डॉक्टर (एंड्रॉयड, आईओएस) :** यह एप आपके फोन की बैटरी की स्थिति की जांच करता है और आपको बताता है कि आपका चार्जर सुरक्षित है या नहीं।
- **यूएसबी सेफ्टी चेकर (एंड्रॉयड) :** यह एप आपके यूएसबी चार्जर की सुरक्षा की जांच करता है और आपको बताता है कि यह सुरक्षित है या नहीं।

# विलियम्स और विल्मोर के बिना धरती पर लौटा बोइंग का यान

## अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर पहुंचने में लग गए छह घंटे

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी



- मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज पर उतरा यान
- फरवरी में होगी यात्रियों की वापसी

बोइंग का पहला अंतरिक्ष यात्री मिशन शुक्रवार की रात अंतरिक्ष यात्रियों को लाए बिना यान के धरती पर लौटने के साथ ही समाप्त हो गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अब भी अंतरिक्ष में हैं और उन्हें अगले साल तक वहीं रहना होगा क्योंकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उनकी वापसी को बहुत जोखिमपूर्ण बताया है।

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के छह घंटे बाद स्टारलाइनर यान मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज पर उतरा। यान के लौटने के बाद ह्यूस्टन में हुई प्रेस वार्ता में बोइंग शामिल नहीं हुआ, हालांकि कंपनी के अंतरिक्ष और रक्षा विभाग के दो शीर्ष अधिकारियों टेड कॉल्बर्ट और केय सियर्स ने कहा कि वे नासा के फैसले का समर्थन करते हैं।। 'स्टारलाइनर' ने लंबे इंतजार के बाद जून में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, यान के 'थ्रस्टर' में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण वह अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने में नाकाम रहा।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो पायलट अब अगले साल तक आईएसएस पर ही रहेंगे। महीनों तक विल्मोर और विलियम्स की वापसी को लेकर सवाल उठते रहे।

### जून में होनी थी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी

'स्टारलाइनर' के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा कि वह अपने घर जा रहा है। विलियम्स और विल्मोर को 'स्टारलाइनर' के अंतरिक्ष की उड़ान भरने के एक सप्ताह बाद जून में पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन यान के 'थ्रस्टर' में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण दोनों अंतरिक्ष में ही फंस गए। नासा ने बताया था कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को 'स्टारलाइनर' से वापस लाना बहुत जोखिम भरा है।

### आठ दिन का मिशन आठ महीने में बदला

अब 'स्पेसएक्स' यान दोनों अंतरिक्षयात्रियों को अगले साल फरवरी में वापस लेकर आएगा, जिससे उनका आठ दिन का यह मिशन आठ महीने से अधिक समय का हो जाएगा। कैप्टन विल्मोर और विलियम्स अंतरिक्ष में अपने आप को व्यस्त रख रहे हैं और मरम्मत-रखरखाव कार्य एवं प्रयोगों में मदद कर रहे हैं। वे अब अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद सात अन्य यात्रियों के साथ काम कर रहे हैं। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने इस सप्ताह के शुरुआत में कहा था कि अंतरिक्ष दल का ध्यान 'स्टारलाइनर' की वापसी पर इस कदर केंद्रित रहा है कि उनके पास बोइंग की अगली परियोजना के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं था।

# मोदी की जगह जयशंकर करेंगे संरा महासभा को संबोधित

**संयुक्त राष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सितंबर के अंत में यहां प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान वार्षिक आम बहस में वक्तव्य नहीं देंगे। उनके जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के बहस में वक्तव्य देने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह बात सामने आई है। प्रधानमंत्री इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क की यात्रा करने वाले हैं। उनके 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में 16,000 सीट वाले नासाउ वेटरंस मेमोरियल कोलेजियम में एक भव्य सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने की योजना है।

### विदेश मंत्री कई देशों की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय तथा वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है। वह सबसे पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह मुख्य रूप से भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में भाग लेंगे।



**297 कैडेट बने सैन्य अधिकारी**

चेन्नई की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में शनिवार को एक समारोह में 258 पुरुष और 39 महिला अधिकारियों को सेना की विभिन्न इकाइयों में शामिल किया गया। पासिंग आउट परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राज सुब्रमणि ने की।

# यूक्रेन संघर्ष : समाधान में भारत निभाए भूमिका

लंदन, एजेंसी



- इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने पुतिन की बात को आगे बढ़ाया

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के समाधान में भारत और चीन भूमिका निभा सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद मेलोनी ने कहा कि मेरा मानना है कि संघर्ष के समाधान में चीन और भारत की भूमिका होनी चाहिए। एकमात्र ऐसी चीज जो नहीं हो सकती, वह यह सोचना है कि यूक्रेन को अकेला छोड़कर संघर्ष का हल निकाला जा सकता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया, जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर संपर्क में हैं और कहा है कि वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।

# जनरल चौहान ने मालदीव के शीर्ष कमांडर से की बात

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को मालदीव के सैन्य बल के प्रमुख मेजर जनरल इब्राहिम हिल्मी के साथ गहन वार्ता की। इस वार्ता में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पिछले साल नवंबर में पदभार संभालने के उपरांत दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों में आए तनाव के बाद इसे फिर से सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत में जारी रक्षा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्णय लिया गया।

# राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन करेगा हिंदू संगठन

**वाशिंगटन।** नवगठित संगठन 'हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट' ने घोषणा की है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करेगा और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। 'हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट' के अध्यक्ष और संस्थापक उत्सव संदूजा ने गुरुवार को इस निर्णय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत के समर्थक हैं उनके विपरीत हैरिस ने भारत और भारत के लोगों के लिए अपमानजनक बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने सीमा को सुरक्षित नहीं रखा। हैरिस राष्ट्रपति जो बाइडन के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर नेता हैं लेकिन उन्होंने अमेरिका में अवैध प्रवासियों को आने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से लोगों के आने पर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है और इसका असर अल्पसंख्यक समुदायों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बेहतरीन संबंध हैं।

- कमला हैरिस के खिलाफ चलाएगा अभियान

# चीन में तूफान यागी से 4 की मौत, 95 लोग घायल

बीजिंग, एजेंसी

तूफान यागी के दक्षिण चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान तट पर भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ टकराने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 95 अन्य घायल हुए हैं। वहीं, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यागी, इस साल का 11वां तूफान (टाइफून) है जो शुक्रवार को चीन के समुद्र तट से टकराया। इसने पहले हैनान में दस्तक दी और फिर गुआंगडोंग प्रांत पहुंचा। सुपर टाइफून 'यागी' ने भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ दक्षिण चीन में तबाही मचाई है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश के दक्षिणी क्षेत्र में आपदा राहत प्रयासों को बढ़ाने को कहा है। लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैनान में तूफान के कारण पेड़ उखड़ गए, बिजली गुल हो गई और सड़कें जलमग्न हो गईं। 15 लाख से अधिक घरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित है।

### यागी ने ली वियतनाम में चार की जान, 78 घायल

**हनोई।** तूफान 'यागी' शनिवार दोपहर को वियतनाम के उत्तरी हिस्से में टकराया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई तथा 78 अन्य घायल हुए हैं। वियतनामी मौसम विज्ञान अधिकारियों ने यागी को पिछले दशक में इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक बताया है।

# नेपाल-भारत के बीच समस्याओं का समाधान संवाद से संभव



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी. शर्मा ओली ने शनिवार को कहा कि नेपाल और भारत के बीच समस्याओं का समाधान मुक्त संवाद और सौहार्दपूर्ण माहौल से हो सकता है। पूर्व प्रशासक सूर्यनाथ उपाध्याय की पुस्तक के विमोचन के अवसर पर ओली ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच बहुत कम समस्याएं हैं और यदि हम सौहार्दपूर्ण माहौल एवं मुक्त संवाद को बनाए रखें तो उनका समाधान हो सकता है। ओली ने कहा कि भारत हमारा मित्रवत पड़ोसी है और नेपाल और भारत की संस्कृति समृद्ध है, इसलिए हमें मुक्त संवाद करना चाहिए। हमारे खुलकर बात न कर पाने की अक्षमता के लिए केवल भू-राजनीतिक स्थिति को दोष नहीं दिया जा सकता। हमें सत्ता हासिल करने और उसे बनाए रखने के किसी भी खेल में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में, विदेशी संबंध देश की ताकत के आधार पर कायम होते थे... द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, किसी भी देश को अपने राष्ट्रीय हितों को अंतर्राष्ट्रीय संधियों तथा समझौतों के अनुरूप उचित एवं न्यायसंगत तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए।

# हाईकोर्ट में 30 वर्ष पुराने 62,000 मामले लंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- इनमें से तीन मामलों को है 1952 से निपटारे की प्रतीक्षा
- चार मामले 1954 से और नौ मामले 1955 से हैं लंबित

विभिन्न उच्च न्यायालयों में लगभग 62 हजार ऐसे मामले लंबित हैं, जो 30 वर्ष से अधिक पुराने हैं और इनमें से तीन मामले 1952 से ही निपटारे की प्रतीक्षा में हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उच्च न्यायालयों में 1954 से चार मामले और 1955 से नौ मामले लंबित हैं। वर्ष 1952 से लंबित तीन मामलों में से दो कलकत्ता उच्च न्यायालय में और एक मद्रास उच्च न्यायालय का है। इस सप्ताह की शुरुआत में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायपालिका में स्थगन मांगने की संस्कृति में बदलाव का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि लम्बे समय से लंबित मामले न्यायपालिका के समक्ष एक बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान ढूंढना होगा।

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, उच्च न्यायालयों में लगभग 2.45 लाख मामले लंबित हैं, जो 20 से 30 वर्ष पुराने हैं। इसी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस धारणा को तोड़ने का आह्वान किया था कि भारतीय अदालतें तारीख पे तारीख संस्कृति का पालन करती हैं।

# बीरेन ने बुलाई सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

इंफाल, एजेंसी

- मणिपुर में कानून-व्यवस्था की ताजा स्थिति पर होगी चर्चा

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए शनिवार शाम को भाजपा, नगा पीपुल्स फ्रंट और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की एक आपात बैठक बुलाई है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के बंगले पर होने वाली बैठक में ऊंचे पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा आम लोगों पर हाल में किए हमलों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के बारे में चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा विधायक सिंह के साथ राज्यपाल से भी मुलाकात कर सकते हैं, हालांकि अभी पुष्टि नहीं हुई है। शनिवार सुबह जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट किए

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट कर दिए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि बिष्णुपुर में उग्रवादियों के रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत और छह अन्य के घायल होने के बाद सुरक्षा बलों ने यह कार्रवाई की। यह अभियान शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग और लाइका मुआलसौ गांव में चलाया गया। उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में दो जगहों पर लंबी दूरी के रॉकेट दागे थे।

# पाकिस्तान की समुद्री सीमा में मिला तेल-गैस का बड़ा भंडार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार मिला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह भंडार इतना बड़ा है कि इसके दोहन से पड़ोसी देश की किस्मत बदल सकती है। डॉन न्यूज टीवी ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि तेल और गैस भंडार की मौजूदगी की पुष्टि के लिए एक मित्र देश के सहयोग से तीन साल तक भौगोलिक सर्वेक्षण किया गया था। संबंधित विभागों ने सरकार को पाकिस्तानी समुद्री सीमा में तेल संसाधनों के बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा कि इन संसाधनों से लाभ उठाने के लिए बोली और अन्वेषण प्रस्तावों का अध्ययन किया जा रहा है, निकट भविष्य में अन्वेषण कार्य शुरू किया जा सकता है।

# बृहस्पति के चांद का हुआ था क्षुद्रग्रह से भीषण टकराव

संवाददाता, नैनीताल

- विशाल क्षुद्रग्रह की अपनी धुरी बदलने के दौरान हुई थी विनाशकारी घटना

**अमृत विचार :** भले ही दूर अंतरिक्ष हमारी कोरी आंखों से ओझल रहता हो, लेकिन भयानक घटनाओं का विशाल मैदान रहा है। आए दिन ग्रह नक्षत्रों व निहारिकाओं के बीच मुठभेड़ अंतरिक्ष की सामान्य प्रक्रिया रही है और अब बृहस्पति के चंद्रमा ग्यानीमेड व एक क्षुद्रग्रह के बीच हुई भीषण टकराव की घटना का खुलासा खगोलविदों ने किया है।



बृहस्पति के साथ उसका चंद्रमा ग्यानीमेड।

यह घटना लगभग 4 अरब साल पहले हुई थी। एक विशाल क्षुद्रग्रह अपनी धुरी बदल रहा था, तभी वह बृहस्पति के चंद्रमा ग्यानीमेड से टकराया गया था। ग्यानीमेड बृहस्पति के चंद्रमाओं समेत हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह एक प्राचीन क्षुद्रग्रह था। पृथ्वी से भी एक विशाल क्षुद्रग्रह टकराया था। जिसने संभवतः पृथ्वी के डायनासोरों का सफाया कर दिया था। पृथ्वी के साथ हुई घटना का काल करीब साढ़े छः करोड़ वर्ष पहले माना जाता है। कोबे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के शोध से पता चला कि ग्यानीमेड भी अपनी धुरी पर स्थानांतरित हो गया। 3 सितंबर को यह शोध जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। ग्यानीमेड बुध ग्रह से भी बड़ा चंद्रमा है।ग्यानीमेड की बर्फीली सतह के नीचे तरल पानी का विशाल महासागर है। ग्यानीमेड भी हमारे चंद्रमा के समान परिक्रमा करता है। जिस कारण उसका सिर्फ एक हिस्सा दिखाई देता है, जैसा कि पृथ्वी से चंद्रमा नजर आता है। बृहस्पति के इस उपग्रह पर पानी के सागर होने के कारण आकर्षण बना हुआ है। यह संभव है कि भविष्य में इस पर जीवन के संकेत मिल सके या फिर किसी अन्य रूप मे जीवन मौजूद हो, यह जानकारी निरंतर अध्ययन के बाद ही पता चल सकेगी। बृहस्पति के चांद आयो, यूरोपा, ग्यानीमेड व कैलिस्टो वैज्ञानिकों के आकर्षण में रहे हैं, लेकिन ग्यानीमेड पर बनी खाइयां शोध के लिए मजबूर करती है।

### ईसा का अंतरिक्ष मिशन जूस ग्यानीमेड के सफर पर

ग्यानीमेड बर्फ व चट्टान का गोला है। यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का जूस अंतरिक्ष मिशन वर्तमान में बृहस्पति और उसके चंद्रमाओं की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसे बृहस्पति तक पहुंचने के लिए अभी एक दशक का समय और लगेगा। इस मिशन के जरिए ग्यानीमेड के बारे में और अधिक जान सकेंगे।